जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 252 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



सलमान के बाद शाहिद संग फिल्म बनाएंगे एटली

पेज: 10

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर मिले हथियार

## पीले पैकेट में मिलीं दो पिस्टल, पाकिस्तान द्वारा ड्रोन से ड्रॉप करने की आशंका





**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गांव 18पी की रोही में दो पिस्टल मिलने का मामला सामने आया है। सीमा सुरक्षा बल की 23वीं बटालियन की जी ब्रांच को इस संबंध में अवैध हथियारों की जानकारी मिली थी। सूचना के आधार पर बीएसएफ ने सर्च अभियान चलाया है। आशंका जताई जा रही है कि यह पिस्तौल पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के माध्यम से ड्रॉप किए गए हैं। बता दें कि जहां से ये पिस्टल बरामद की गई है, वह अंतरराष्ट्रीय सीमा से 2 किलोमीटर दूर स्थित है।

### पीले रंग के प्लास्टिक बैग में मिले पिस्टल

एसपी गौरव यादव ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान एक प्लास्टिक के पैकेट में दो पिस्टल बरामद हुई है। इन दोनों पिस्टलों पर 'मेड इन यूएसए' लिखा हुआ है। बीएसएफ के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पिस्टल को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ड्रोन के माध्यम से तस्करी की घटनाओं में इजाफा

यह पिछले 6 महीनों में पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार गिराने की तीसरी घटना है। बीएसएफ द्वारा की गई प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह मामला पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से तस्करी का हो सकता है। सीमावर्ती क्षेत्रों में हाल के वर्षों में ड्रोन का उपयोग करके हेरोइन और हथियारों की तस्करी की कई घटनाएं दर्ज की गई हैं। बीएसएफ और पुलिस ने स्थानीय लोगों को भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है।

## 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

# पीएम मोदी बोले, भविष्य युद्ध में नहीं बुद्ध में

### कदम-कदम पर होते हैरिटेज के दर्शन

### ओडिशा में औली स्थान शांति का प्रतीक



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा में हैं। उन्होंने भुवनेश्वर में गुरुवार को 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओडिशा में कदम-कदम पर हमारे हैरिटेज के दर्शन होते हैं। सैंकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारे कारोबारी लंबा संमुद्री सफर कर बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों पर जाते थे। इसी स्मृति में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। यही ओडिशा में औली नाम का वो स्थान है जो शांति का बड़ा प्रतीक है। दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बनाने का दौर था तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का ये वही फल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में है, इसलिए ओडिशा की इस धरती पर आपका स्वागत करना मेरे लिए बहुत विशेष हो जाता है।

मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है वो भूल नहीं सकता। आपका आशीर्वाद हमेशा साथ रहता है।





### हमें डायवर्सिटी सीखनी नहीं पड़ती

हमें डायवर्सिटी सीखनी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही इससे चलता है। हम जहां जाते हैं वहां के नियम, वहां की संस्कृति की रिस्पेक्ट करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की सोसायटी की सेवा करते हैं।

### भारत में काम अभूतपूर्व

आज का भारत स्पीड से आगे बढ़ रहा है। जिस स्केल पर भारत में डेवलपमेंट के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। सिर्फ 10 साल में भारत ने अपने यहां 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। सिर्फ 10 सालों में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### भारत की ताकत से दुनिया हैरान

प्रधानमंत्री ने कहा, जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वॉइंट पर पहुंचा, सबको गर्व हुआ। आज दुनिया भारत की ताकत देखकर हैरान है। ग्लोबल एनर्जी हो, एविएशन इकोसिस्टम हो, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हो, मेट्रो का विशाल नेटवर्क हो, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट हो, भारत की प्रगति की गति सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पांच लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास भीषण आग में बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर और पेरिस हिल्टन समेत विभिन्न हॉलीवुड हस्तियों के मकान जलकर राख हो गए हैं। पांच लोगों की मौत हो गई है साथ ही एक लाख से अधिक लोगों को दूसरे स्थानों पर भेज दिया गया है।

### मुठभेड़ में तीन ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में सुकमा और बीजापुर जिले के बॉर्डर में गुरुवार सुबह से मुठभेड़ हुई। जिसमें 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा की टीम ने नक्सलियों के बटालियन नंबर-1 इलाके को घेर रखा है। गोलीबारी हो रही है।

### दो उग्रवादी गिरफ्तार

**काकचिंग।** सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो सदस्यों को मणिपुर के काकचिंग जिले से जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# चौमूं में 24 से ज्यादा नील गायों का शिकार

### कालाडेरा के सबलपुर गांव में मिले अवशेष

### ग्रामीणों ने एक शिकारी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिले की चौमूं कस्बे के सबलपुरा गांव के जंगलों में बुधवार रात शिकारियों ने 24 से ज्यादा नील गायों को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार सुबह जब कुछ लोग जंगल की तरफ गए तो उन्हें नील गाय के अवशेष मिले।

इस दौरान लोगों को आता हुआ देखकर शिकारी मौके से भाग गए। उसके बाद ग्रामीणों के पीछा करने पर एक शिकारी उनके हाथ आ गया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जबकि फरार आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाकर उनकी तलाश की जा रही है। कालाडेरा एसएचओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

### मौके से मिले 150 जिंदा कारतूस

पुलिस ने मौके से 150 जिंदा कारतूस, 40 जिंदा कारतूस के खोखे, एक कटार और एक पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो आधार कार्ड भी बरामद किए हैं। अब राउंडअप किए गए आरोपी शिकारी विकास बावरिया से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है। कालाडेरा पुलिस गहनता के साथ इस मामले की जांच कर रही है।



### घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष

शिकारियों के नील गाय का शिकार करने के मामले में घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की पिटाई भी कर दी और घटना को लेकर रोष जाहिर किया। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि मौके पर और कौन लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ में बड़ा हादसा: चिमनी गिरने से 24 मजदूर दबे



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के रामबोड़ गांव में निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। लोहे की पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में चिमनी गिरने से 24 से अधिक मजदूर मलबे में दब गए। खबर लिखे जाने तक 8 मजदूरों की मौत की आशंका है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंची। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि प्लांट निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर की बताई जा रही है। सरगांव स्थित कुसुम इस्मेल्टर्स प्लांट में अचानक भारी भरकम चिमनी गिर गया। खबरों की माने तो हादसा प्रबंधन की लापरवाही से हुआ है। हादसे के बाद फैक्ट्री में बचाल मच गया। दरअसल अन्य मजदूरों को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था। अभी तक एक मजदूर को बाहर निकाला गया है। घायल मजदूर को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य के दबे होने की सूचना है।

### आठ मजदूरों की मौत की आशंका

## चित्तौड़गढ़ में एसीबी की कार्रवाई....

# सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को ट्रैप किया

### 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने चित्तौड़गढ़ जिले के ग्राम पंचायत सहनवा के सरपंच भैरूलाल और ग्राम सचिव दीपक चतुर्वेदी को 70 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी फर्म द्वारा किए गए कामों के बकाया 7.65 लाख रुपये के बिल पास करने के लिए आरोपीगण ने 70 हजार रुपये की रिश्वत मांगकर उसे परेशान किया। शिकायत के सत्यापन के बाद, एसीबी के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल की निगरानी में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई की गई।

इस दौरान आरोपी भैरूलाल और दीपक चतुर्वेदी को परिवादी से 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।





# अखिलेश यादव के चाचा का निधन

**इटावा।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव (73) का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार तड़के एक प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने एक्स पर लिखा, 'मैं अत्यंत दुख के साथ ये सूचित कर रहा हूं कि मेरे अनुज राजपाल सिंह का गुरुवार की सुबह चार बजे मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में असामयिक निधन हो गया है।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# पोस्टिंग और ट्रेनिंग पर लगाई रोक

### मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी होगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने 2021 की सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द नहीं करने को लेकर कोर्ट में अपना जवाब पेश कर दिया है। वहीं हाईकोर्ट ने इस भर्ती प्रक्रिया में किसी भी ट्रेनिंग या पोस्टिंग पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 10 फरवरी 2025 निर्धारित की है। सरकार की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत में कहा कि उन्होंने पेपर लीक मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और डमी व नकल करने वाले 40 ट्रेनी एसआई को सस्पेंड भी किया है। बावजूद इसके, सरकार ने भर्ती को रद्द करने का निर्णय नहीं लिया है।

कोर्ट ने इस मामले में सरकार से यह भी पूछा कि वह भर्ती को रद्द क्यों नहीं कर रहे हैं, जबकि इस भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। न्याय मित्र के रूप में अतिरिक्त महाधिवक्ता को नियुक्त किया गया है और कोर्ट ने किसी भी तरह की ट्रेनिंग या पोस्टिंग पर रोक लगा दी है। इससे पहले, 18 नवंबर को हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में चयनित एसआई की पोस्टिंग पर रोक लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने ट्रेनी एसआई को पोस्टिंग दे दी थी। बाद में, इन ट्रेनी एसआई में से कई को गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया था।



# स्वामी गोपालदास की पहल पर हुए अभूतपूर्व कामः सुराणा

## शिक्षा एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाजसेवी बनवारीलाल सोती को स्वामी गोपालदास पुरस्कार 2025

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जन जागृति के जन्मदाता, महान् स्वतंत्राता सेनानी, समाज सुधारक, सर्वहितकारिणी सभा एवं पुत्री पाठशाला व कबीर पाठशाला जैसे प्रकल्पों के संस्थापक स्वामी गोपालदास की 86वीं पुण्यतिथि पर कृतज्ञ समाज की ओर से उन्हें याद किया गया। इस दौरान स्वामी गोपालदास चौक में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए भामाशाह बनवारीलाल सोती को स्वामी गोपालदास पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया, जो उनके परिजन फतेहचंद सोती ने ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि स्वामी गोपालदास द्वारा स्थापित सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से समाज चेतना के साथ-साथ चूरू के विकास के लिए अभूतपूर्व काम हुआ, यह अपने आप में उल्लेखनीय बात है। स्वामी गोपालदास के जीवन और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके कदमों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से आजादी से पहले और उसके बाद चूरू के विकास का जो काम हुआ है,



वह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाजसेवी बनवारीलाल सोती के चूरू में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को चूरू के प्रवासियों को यहां से जोड़ने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। चूरू के विश्वसनीय और गणमान्य लोग यदि इस प्रकार की पहल करें तो प्रवासी जुड़ सकते हैं क्योंकि प्रवासियों को बस यह आश्वस्ति चाहिए कि उनके पैसे का समाज के हित में सदुपयोग होगा। प्रवासियों को मातृभूमि से कैसे जोड़ें, यह हमें प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने स्वामी गोपालदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्पद बताया और कहा कि चूरू के लोगों के जीवन में बहुत आपाधापी नहीं है। यहां के लोग कला, साहित्य, संगीत, में रूचि रखते हैं और जीवन को जीना जानते हैं। अच्छी बात है कि चूरू के लोग इस तरह से अपने महापुरुषों को याद करते हैं और अपने मन में इस प्रकार कृतज्ञता रखते हैं। यहां स्वामी गोपालदास ने एक तरफ स्वाधीनता आंदोलन के लिए काम किया, वहीं समाज के विशेष तबकों के लिए काम किया और पर्यावरण संरक्षण व शहर के विकास की दिशा में भी अभूतपूर्व प्रयास किए। एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि स्वामी गोपालदास ने अंतिम छोर के व्यक्ति को अपना लक्ष्य बनाकर काम किया और यह प्रयास किया कि शिक्षा और विकास का उजियारा हर बस्ती, हर व्यक्ति तक पहुंचे। उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। हमारा यह दायित्व है कि इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाएं। प्रधान दीपचंद राहड़ ने स्वामी गोपालदास द्वारा जनहित के लिए सर्वहितकारिणी सभा के माध्यम से किए गए कार्यों को कालजयी बताया और कहा कि स्वामी गोपालदास दूरदृष्टा महापुरुष थे। वे समय से बहुत आगे की सोच के व्यक्तित्व थे। शिक्षाविद प्रोप. कमल कोठारी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समाज के लिए बेहतर काम करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत करना और स्वामी गोपालदास जैसे महापुरुषों को याद करना गौरव की बात है।

# अमरथुन में साइबर अपराध बचाव ही सुरक्षा उपाय वार्ता संपन्न

## रोड सेफ्टी क्लब की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बांसवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरथून में पुलिस प्रशासन द्वारा साईबर अपराध बचाव ही सुरक्षा उपाय विषयक वार्ता संस्था प्रधान अरुण व्यास की अध्यक्षता ओर अशोक कुमार ए एस आई,कालूराम डामोर कास्टेबल के मुख्य आतिथ्य, पारी प्रभारी नासिर अली अंसारी के विशिष्ट आतिथ्य में आहूत की गई। इस अवसर पर समारोह में वार्ता कार कालूराम डामोर ने साइबर फ्राड के विभिन्न तरीकों,ओटीपी मांगने ओर साइबर सेल सहित विभिन्न धाराओं पर विषद सारगर्भित वार्ता रखते हुए बचाव के विभिन्न तरीके बताए। इस अवसर पर पारी प्रभारी नासिर अली अंसारी व्याख्याता रसायन विज्ञान ने यातायात के नियमों की जानकारी भी दी गई ओर रोड सेफ्टी क्लब की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। समारोह को भेरूलाल डोडियार कचरू लाल चरपोटा, जीवन लाल निनामा,खुश पाल कटारा, दयाशंकर चरपोटा, प्रभु लाल खराड़ी,मयूर पड़ियार, मुकेश पटेल, बदन लाल डामोर ,अनूप मेहता, कपिल वर्मा, पर्वत सिंह, हरिशंकर ,मानसिंह, रैना निनामा, हितेष कुमार निनामा, प्रज्ञा अधिकारी ने सम्बोधित किया समारोह का संचालन खुशपाल कटारा ने ओर आभार प्रदर्शन रैना निनामा ने ज्ञापित किया।

# शिविर में रोगियों को किया लाभांवित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उत्तरादा बाजार स्थित दुर्गा भवन में दुर्गा देवी पन्ना देवी सोनी ट्रस्ट व मधुसूदन वेलनेस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निशुल्क



आयुर्वेदिक व एक्युप्रेशर शिविर का शुभारंभ डॉ. मोतीलाल सोनी ने किया। सोनी ने कहा कि शिविर में सर्दी, खांसी, गैस, एसिडिटी, सर दर्द, माइग्रेन व शुगर आदि बीमारियों का सूरत के डॉ. कमल चोरड़िया की ओर से उपचार किया जा रहा है। डॉ. चोरड़िया ने एक्यूप्रेशर से रोगियों का उपचार किया। शिविर 10 व 11 जनवरी तक रहेगा। आयोजक रामगोपाल सणखत का आभार व्यक्त किया। शिविर में बजरंग लाल सणखत व भगवान दत्त कल्ला आदि मौजूद रहे।

# तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम तट पर भागवत कथा का विशाल आयोजन

## व्यास पीठ पर कल्याण मयी राधा मोहन विराजमान होंगेः प्रयागराज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** प्रयागराज अमृत कुंभ मेले के प्रारंभिक अवसर पर बुधवार को राधा सर्वेश्वर नगर, झूसी के अत्यंत विशाल पांडाल में जगद्गुरू निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर राधा मोहन शरण देवाचार्यजी महाराज ने सप्त दिवसीय श्रीमद्



भागवत कथा के प्रथम दिवस भागवत का माहात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत की कथा अमृत तुल्य है, वह जगत का कल्याण करनेवाली है। त्रिवेणी के पावन संगम तट पर इसका रसपान अतुलनीय आनंद प्रदान करनेवाला है। भागवत के प्रथम स्कंद के छह अध्यायों में इसका माहात्म्य वर्णित है। यह कथा मृत्यु भय से ग्रसित केवल परीक्षित का भय ही दूर नहीं करती बल्कि मोहाविष्ट हरेक व्यक्ति के लिए मुक्तिदायनी है। महाराज ने कहा कि भागवत की कथा हृदय की कलुषा को दूर कर निर्मलता का आविर्भाव करती है। भक्ति का आगमन करती है। सांसारिक आसक्ति से मुक्त करती है। व्यक्ति जब तक मृत्यु भय से ग्रसित रहता है, तब तक सर्वांग आनंद को ग्रहण नहीं कर सकता। भागवत अठारह पुराणों का हृदय है, इसमें त्रिस्तरीय कथा चलती है। कथा के प्रारम्भ से पूर्व त्रिवेणी संगम से जल कलश लेकर भव्य कलश-यात्रा निकाली गई जो कीर्तन करते हुए प्रवचन पाण्डाल तक पहुंची। कथा के यजमान जयपुर के हरिप्रसाद जांगिड़-श्रीमती सुनीता जांगिड़ दम्पत्ति पूजन-अर्चन के साथ भागवत को सिर पर धारण करके लाए। कुंभ क्षेत्र में हजारों पाण्डाल सजने लगे हैं। यहां हजारों जगह पर विभिन्न धार्मिक कथाएं अगले कुछ दिनों में प्रारम्भ होगी। बुधवार इस मेला क्षेत्र में अनेक साधुओं की पेशवाई हुई, संगम में स्नान किया। इस बार कुंभ क्षेत्र की सजावट और सुंदरता देखते ही बनती है।

# विधिक सेवाओं की जानकारी हेतु शॉर्ट फिल्म एवं रील मेकिंग प्रतियोगिता होगी आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विधि महाविद्यालयों के लिए कनेक्टिंग विथ द कॉज शीर्षक के तहत रील एवं लघु फिल्में बनाने की प्रतियोगिता की जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया। शिविर में रेखा यादव द्वारा उपस्थित विधि महाविद्यालय के छात्रों को अवगत कराया कि प्रतियोगिता के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को पश्चिमी जोन में रखा गया है तथा नालसा की तीन स्कीम नालसा मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2024, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 पश्चिमी जोन के लिए निर्धारित की गई हैं।

# रक्त दान सबसे बड़ा दानः सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप सिंह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रक्त से बढक़र कोई दान नहीं होता यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है यह बात सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप सिंह राठौड़ ने ग्राम पंचायत कार्यालय रेड़ी भूरावास वास में किलीपुरा गांव के सुनील कड़वासरा की दूसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर के दौरान संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि कड़वासरा परिवार का यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य कर रहा है इससे समाज को दिशा और समाज के प्रति समाज सेवा का भाव समाज में अच्छा प्रभाव पड़ेगा द्य उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुनील कड़वासरा युवा होने के साथ-साथ एक समाजसेवी भी थे और उन्हीं की दूसरी पुण्यतिथि में कड़वासरा परिवार व समस्त ग्राम पंचायत ने एक संयुक्त रक्तदान शिवर करके 105 यूनिट रक्तदान करके क्षेत्र में एक रिकॉर्ड कायम किया।

इस दौरान कड़वासरा परिवार के चिमनाराम सुगनाराम निवास रामनिवास प्रेम प्रकाश पटवारी बुधराम गिरधारी आयुर्वेदिक चिकित्सा जयपाल आदि ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया इस दौरान हरियाणा प्रदेश से पहुंचे राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान संजय बुशान कहां की आज से 20 वर्ष पहले रक्तदान के प्रति समाज इतना गंभीर नहीं था लेकिन आज समाज में इतनी जागरूकता है कि हर व्यक्ति ब्लड के लिए तैयार रहता है और मैं कड़वासरा परिवार का इसके लिए ते दिल से धन्यवाद करना चाहूंगा कि इन्होंने किलीपुरा गांव से कड़वासरा परिवार के सुनील कुमार की दूसरी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 105 यूनिट ब्लड का आना अपने आप में ग्रामीण क्षेत्र में एक रिकॉर्ड है इसके लिए कड़वासरा परिवार वह समस्त ग्राम पंचायत बधाई के पात्र है इस दौरान इस दौरान रक्तदाता मास्टर सतपाल सिंह पूनिया ने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद बड़ी कीमती होती है उचित समय पर दिया गया रक्त उचित व्यक्ति के काम आकर उसकी जीवन की रक्षा कर सकता है इस अवसर पर महेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह कस्वा, प्रकाश गोस्वामी, राजकरण जांगिड़ ,दिनेश पूनिया, राजेंद्र सिंह कड़वासरा, बनवारी लाल, नोहर से मास्टर बादल सिंह, कड़वासरा, कुलदीप सिंह, सज्जन सिंह बिरडा ,रणजीत सिंह ,एडवोकेट मुकेश शर्मा मांगीलाल गहलोत आदि उपस्थित थे।

# महारानी केसर देवी मातृ शिशु स्वास्थ्य संस्थान के शुरू हुआ रोगी परिजन प्रतीक्षालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला क्लक्टर श्रीनिधि बी टी के प्रयासों से महारानी केसर देवी मातृ शिशु स्वास्थ्य संस्थान परिसर में विगत दो वर्षों से लंबित रोगी परिजन प्रतीक्षालय गुरुवार को मरीजों के परिजनों के लिए खुल गया है। मरीजों के परिजनों को अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सा संस्थान परिसर में ही उन्हे रूकने कि सुविधा न्यूनतम दरों पर उपलब्ध हो सकेगी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि रोगी परिजन प्रतीक्षालय में 14 कमरे और एक हॉल बना हुआ हैं। प्रतीक्षालय शुरू होने से रोगी के परिजन सर्दी के समय मरीजों को होने वाली परेशानी से बच सकेंगे। हाल में तीमारदारों को रुकने के लिए 20 रुपए प्रति बैड शुल्क रखा गया हैं तथा कमरे की दर 150 रुपये प्रति कमरा प्रतिदिन शुल्क रखा गया हैं। जिसमें तीमारदारों को बेड, कंबल, गद्दे, और लॉकर की सुविधा दी जा रही हैं। जिसमें सामान रखकर की तीमारदार मरीजों की देखभाल कर सकते हैं।

# घायल चील का रेस्क्यू किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्ड लाइफ सोसायटी न्यूज ताल छापर की ओर से गुरुवार को सुजानगढ़ से घायल चील का रेस्क्यू कर ताल छापर अभयारण्य के रेस्क्यू सेंटर में भर्ती करवाया। सोसायटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि सोसायटी के संरक्षक व वन्यजीव लेखक डॉ.घनश्याम नाथ कच्छावा सुजानगढ़ से चाइनीज मांझे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई चील को रेस्क्यू करके ताल छापर अभयारण्य लेकर आये और यहां पर उसका उपचार कर भोजन दिया गया एवं उसे सुरक्षित पिंजरे में स्वस्थ होने तक रखा गया हैं। घायल चील को काला बाल मंदिर स्कूल से रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू में मरूदेश संस्थान के किशोर सैन व पीयूष सोनी का सहयोग रहा। इस अवसर पर उप वन संरक्षक भवानी सिंह



और एसीएफ महेंद्र कुमार ने इस प्रयास की सराहना की। ज्ञातव्य है कि चील, श्येन कुल, फैमिली फैलकोनिडी, का बहुत परिचित पक्षी है, जिसकी कई जातियाँ संसार के प्रायरू सभी देशों में फैली हुई हैं। इनमें काली चील, ब्रह्मनी या खैरी चील, ऑल बिल्ड चील, ह्विसलिंग चील आदि मुख्य हैं। चील लगभग दो फुट लंबी चिड़िया है, जिसकी दुम लंबी ओर दोफंकी रहती है। वर्तमान समय में चील भी तेजी से लुप्त हो रहे पक्षी प्रजाति में शामिल हैं।

# समन्वय और प्रभावी संचार पर जोर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक में मीडिया से हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में मीडिया के प्रतिनिधियों के विधिक योजनाओं एवं जागरुता शिविरों के प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में सचिव ने मीडिया और प्राधिकरण के बीच एक मजबूत और प्रभावी समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि लोगों तक न्याय से जुड़ी जानकारी त्वरित, सटीक और प्रभावी रूप से पहुंच सके।

बैठक की शुरुआत करते हुए सचिव रेखा यादव ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित



योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे। इसके लिए मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज का सबसे तेज और प्रभावी संवाद माध्यम है। इस दौरान सचिव ने मीडिया प्रतिनिधियों को प्राधिकरण के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि सभी जानकारी समय पर और सही रूप में मीड़िया को उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट ने कहा कि मीडिया के साथ मिलकर प्राधिकरण को अपनी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचानी है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने कानूनी अधिकारों से वंचित न रहे। मीडिया बंधुओं ने बैठक में अपने विचार साझा किए और सुझाव दिए कि सूचना के आदान-प्रदान में त्वरितता होनी चाहिए। पत्रकारों ने इस बात पर जोर दिया कि प्राधिकरण को मीड़िया के साथ एक मजबूत और स्थिर संवाद चैनल स्थापित करना चाहिए, जिससे किसी भी जानकारी में देरी न हो और उसका प्रभावी प्रसार हो सके। साथ ही मीडिया ने यह भी सुझाव दिया कि किसी भी योजना या पहल के बारे में अग्रिम सूचना दी जाए, ताकि पत्रकार उसे सही तरीके से कवर कर सकें। सचिव रेखा यादव ने इन सुझावों को सकारात्मक रूप से लिया और कहा कि प्राधिकरण अपने कार्यों में और अधिक सुधार लाने के लिए मीडिया से लगातार संवाद बनाए रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया और प्राधिकरण के बीच पारदर्शिता और सहयोग से जनता को कानूनी जानकारी प्रदान करने में मदद मिलेगी, जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है। बैठक के अंत में सचिव ने मीडिया से अपील की कि वे प्राधिकरण के कार्यों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और इस संबंध में प्राधिकरण का सहयोग करें।

# संवेदनशीलता के साथ करें परिवादों का निस्तारणः जिला कलक्टर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** माह के द्वितीय गुरुवार को होने वाली उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के साथ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बाड़ी उपखण्ड के पंचायत समिति सभागार में किया गया। शिविर के दौरान परिवादी विजय श्रीवास्तव द्वारा पंचायत समिति बाड़ी में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र में नाम शुद्धिकरण के लिए 1 साल से परेशान होने का परिवाद प्रस्तुत किया गया। जिला कलेक्टर ने परिवाद पर त्वरित कार्रवाई करवाते हुए सही नाम का नवीन यूडी आईडी कार्ड मौके पर ही बनवाया एवं मौके पर ही अप्रूव करवाया। यूडीआईडी कार्ड द्वारा अब परिवादी की पेंशन सत्यापित होकर शुरू हो जाएगी। परिवादी विवेक शिवहरे ने पट्टा स्थानांतरण हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने नगर पालिका को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम सुनीपुर के परिवादियों ने खरंजा निर्माण कराये जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

शिविर के दौरान जिला कलक्टर ने जलभराव संबंधी परिवादों के मामले में नगर पालिका को संज्ञान लेकर तीव्र निस्तारण कर रहवासियों को राहत पहुंचाए जाने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने परिवादियों द्वारा दर्ज किए गए परिवादों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी बाड़ी हेमन्त कुमार घनघोर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्राम ख्याली एवं लादड़िया के स्टैंड पर टीन शेड लगाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चूरू।** निकटवर्ती गांव ख्याली और लादड़िया के ग्रामीणों ने चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन देकर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ग्राम ख्याली एवं लादड़िया



के स्टैंड पर यात्रिओं हेतु टीन सेड एवं ख्याली बस स्टैंड पर गांव के नाम का बोर्ड लगवाने की मांग की है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर समीप के गांवों को गाइडलाइन के अनुसार गांवों को टोल मुक्त करवाने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के राजगढ़ से चूरू के मध्य आने वाले मुख्य बस स्टैंड ग्राम ख्याली एवं ग्राम लादडिया के बस स्टैंड पर यात्रिओं को धूप और बारिश से बचाव हेतु टीन सेड का निर्माण नहीं किया गया है। ख्याली बस स्टैंड पर वर्षों पहले से ही यात्रिओं के रुकने हेतु एक कमरा और एक पीपल गटा था, उसको जब 4 लाइन रोड़ का निर्माण हुआ उस वक्त तोड़ दिया गया। उसके बावजूद भी ख्याली बस स्टैंड पर ना कोई नया कमरा बनाया और ना ही गांव के बस स्टैंड पर टीन सेड का निर्माण किया गया है, ना गांव ख्याली के बस स्टैंड पर बोर्ड लगाया है। इस कारण यात्रिओं को बहुत परेशानिओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम ख्याली जो चूरू से राजगढ़ के मध्य मुख्य बस स्टैंड हैं, ख्याली के नाम से रोडवेज बसों में भी टिकट कटती है। यह वर्षों पहले से कागजों में सरकार द्वारा कटा हुआ बस स्टैंड है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह ख्याली, आदित्य सिंह लादड़िया, करणी सिंह शेखावत, भंवर सिंह ख्याली, सायर सिंह ख्याली,पर्वत सिंह, विकाश कुमार, पंकज सिंह राठौड़, मनमोहन सिंह राठौड़, तेजपाल सिंह, गणेश सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का हुआ आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** गर्भवती महिलाओं को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश से हर माह की 9, 18 तथा 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की शीघ्र पहचान एवं इलाज के लिए सुचारू रूप से प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना अभियान का उद्देश्य है। इसके लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की एएनसी के साथ साथ विभिन्न प्रकार के खून की जांच, यूरिन, एचआईवी की जांच



की जाती है। उन्होंने बताया कि आज आयोजित पीएमएसएमए के दौरान जिले के 48 चिकित्सा संस्थानों पर 742 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। इस दौरान स्तनपान जागरूकता तथा उचित पोषण की जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रसव अवस्था के दौरान पूरे नौ माह गर्भवती महिला और शिशु के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान समय-समय पर उनकी गुणवत्तापूर्ण जाँच आवश्यक है साथ ही उत्तम स्वास्थ्य हेतु पोषक तत्वों से भरपूर खानपान, आयरन व कैल्शियम की गोलियां लेना भी जरूरी होता है।

### मुख्यमंत्री की केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के सीएम के साथ बैठक

### डीपीआर बनाने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स पर बनी सहमति

# पेयजल के साथ 1 लाख 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगा सिंचाई हेतु पानीः सीएम भजनलाल शर्मा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए यमुना जल समझौते पर निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने 7 जनवरी को नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ अहम बैठक की। बैठक में यमुना जल समझौते के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भविष्य की दीर्घकालिक योजनाओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों की एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। टास्क फोर्स के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करेंगे। डीपीआर तैयार करने में अपर यमुना रिवर बोर्ड भी तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शेखावाटी क्षेत्र की 30 वर्षों की लम्बित मांग का समाधान करते हुए यमुना जल को राजस्थान लाने के लिए हरियाणा एवं केन्द्र सरकार के साथ 17 फरवरी, 2024 को त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि समझौते के धरातल पर उतरने के बाद प्रथम चरण में राज्य के चुरू, सीकर, झुंझुनूं सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। योजना के दूसरे चरण में चुरू जिले में 35 हजार हेक्टेयर एवं झुंझुनूं जिले में 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र सहित कुल 1 लाख 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नदियों को जोड़ने एवं हर घर जल के मिशन पर जलशक्ति मंत्रालय लगातार कार्य कर रहा है। इसका लाभ राजस्थान की जनता को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौता राजस्थान के शेखावाटी अंचल में पर्याप्त जल उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा एवं क्षेत्र में जल की समस्या के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

### नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित किया गया अनूठा क्रिकेट मैच

# जीटी पुलिया नाले में आयोजित किया गया स्वच्छता क्रिकेट लीग

### नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों, स्कूली छात्राओं ने लिया भाग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा गुरूवार को स्वच्छता क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट लीग की सबसे खास बात यह रही कि यह क्रिकेट मैच मालवीय नगर के जीटी पुलिया नाला में (डब्ल्यूटीपी के सामने) आयोजित की गई। मैच का उद्घाटन नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा किया गया। महापौर ने टीमों के साथ मैच खेलकर स्वच्छता का संदेश दिया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि सभी नागरिक सामूहिक जिम्मेदारी तय कर जयपुर को स्वच्छ रखने का प्रण ले तो जयपुर स्वच्छ व सुन्दर रह पायेगा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में भी सर्वश्रेष्ठ रैंक प्राप्त कर पायेगे। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने विजेता टीमों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार से क्रिकेट के मैदान में हर बॉल को गंभीरता से लेते है उसी प्रकार हमारे आस-पास की सफाई के लिये भी गंभीर रहकर सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम प्रकाश थानवी, उपायुक्त मालवीय नगर जोन प्रियवृत्त सिंह चारण, उपायुक्त राजस्व (प्रथम) अशोक शर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

जो नाला पहले गंदगी के लिये जाना जाता था नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा किये गये अथक प्रयासों जैसे:- सफाई, स्क्रीनिंग, सौन्दर्यकरण, पेन्टिग, प्लांटेशन, और 3आर संरचना की स्थापना के बाद यह नाला अब स्वच्छता और सुंदरता का प्रतीक बन चुका है और इसीलिये नगर निगम की टीमों द्वारा स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं सामूहिक भागीदारी प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरूवार को 3 टीमों द्वारा स्वच्छता क्रिकेट लीग मैच खेला गया।

इस अनूठी लीग में 3 टीमों स्वच्छता कमांडर (नगर निगम के अधिकारी), स्वच्छता सेनानी (निगम के सफाई कर्मचारी), स्वच्छता युवा ब्रिगेड (जयपुर के स्कूली छात्र) ने भाग लिया। स्वच्छता कमांडर टीम (नगर निगम के अधिकारी) की टीम विजेता रही जबकि स्वच्छता सैनानी (निगम के सफाई कर्मचारी) उपविजेता रही। उपायुक्त प्रियवृत सिंह चारण को सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। शंकर को सर्वश्रेष्ठ गेदबाज, विकास शर्मा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, हर्षवर्धन को सर्वश्रेष्ठ फिल्डर का खिताब मिला। विजेताओं को प्लास्टिक वेस्ट से बनी टीशर्ट पुरस्कार स्वरूप दी गई।

# राज्यपाल बागडे की ओर से अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश की गई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की ओर से गुरुवार को अजमेर में गरीब नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश की गई। अजमेर दरगाह पहुंचने पर राज्यपाल की ओर से जियारत कर चादर चढ़ाई गई। राज्यपाल के परिसहाय प्रवीण नायक और उप सचिव मुकेश कलाल ने चादर पेश की। सालाना उर्स के अवसर पर राज्यपाल बागडे का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में बागडे ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने भारत को संत-महात्माओं और पीर पैगम्बरों के जीवन मूल्यों से जुड़ी संस्कृति का बताते हुए उनके सद्भाव के विचारों के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

# श्री हरि नारायण महादेव मंदिर में सुंदरकांड एवं विशाल पौषबड़ा महोत्सव होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री हरि नारायण महादेव मंदिर सेवा समिति एवं श्री हरि नगर विकास समिति जयपुर (रजिस्टर्ड समिति) के अध्यक्ष राम गुलाम सिंह ने जानकारी दी है कि भक्तजनों के सामूहिक समर्पण एवं सहयोग से 11 जनवरी को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दूसरे दिन 12 जनवरी को विशाल पौषबड़े का आयोजन किया जाएगा। आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने कार्यवाही कर 4 केन्टर सामान किया जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सैक्टर 26 प्रताप नगर, महिमा पनास चौराहे के पास, मालरोड़ विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में सैक्टर 26 प्रताप नगर, महिमा पनास चौराहे के पास, मालरोड़ विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# नव चयनित टीआरए के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य संपन्न, कुल 177 अभ्यर्थी हुए उपस्थित

**जयपुर।** कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा-2023 के तहत राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी सेवा बोर्ड के माध्यम से चयनित तहसील राजस्व लेखाकारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य गुरुवार को राजस्व मंडल में सम्पन्न हुआ जिसमें 179 में से 177 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंडल के स्तर पर गठित पांच दलों के माध्यम से दस्तावेजों की जांच का कार्य किया गया। इनमें 25 अभ्यर्थी अनुसूचित क्षेत्र एवं 154 गैर अनुसूचित क्षेत्र से चयनित हुए थे। सत्यापन कार्य पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश संबंधी प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएगी।

# जेडीए ने जोन-12 में 45 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

### जोन-09 में जीरो सैटबैक में अवैध निर्माण करने पर तीन मंजिला भवन को किया सील



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम जयरामपुरा में जेडीए की फार्म हाउस योजना की 100 करोड़ रूपये की करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-9 गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर, सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयरामपुरा, जिला जयपुर में जेडीए की फार्म हाउस योजना में करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर पशुओं का बाड़ा, मिट्टी की डोल बनाकर, लकडी की छडियां, झाडियां लगाकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, तारबंदी, बाउण्ड्रीवाल कर अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर सामूहिक अभियान का आयोजन कर उप नियंत्रक प्रवर्तन श्री रामावतार ताखर की मौजूदगी में आज उपायुक्त जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रूपये है।

जेडीए द्वारा जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैकक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के ग्राउण्ड फ्लोर .03 मंजिला में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर गुरुवार 09 जनवरी, 2025 को उक्त अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेट ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 01, 09 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। साथ ही प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा व वर्ष 2025 में 175 बीघा आज तक कुल 992 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि गुरुवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। इसके साथ ही स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत उनकी ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।


**जागरूक टाइम्स**

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com


# निर्मला देवी पाटनी की पुण्यतिथि पर हुए सामाजिक व धार्मिक कार्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** समाज सेविका व धर्म परायण महिला निर्मला देवी पाटनी की 10वीं पुण्य तिथि पर श्रीमति निर्मला देवी पाटनी फाउंडेशन के बैनर तले कई सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर विद्यार्थियों, मरीजों, नेत्रहीन व कन्याओं को भोजन कराया। इस दौरान सेठी कॉलोनी जैन मंदिर में श्रीजी की शांतिधारा का आयोजन हुआ।

श्रीमति निर्मला देवी पाटनी फाउंडेशन के अध्यक्ष दीन दयाल जैन पाटनी व सचिव रवि पाटनी ने बताया कि सर्व प्रथम सेठी कॉलोनी जैन मंदिर में श्रीजी की शांति धारा की गई। इसके बाद आगरा रोड, संगही जी नसियां खानियां स्थित निर्मलादेवी पाटनी स्मृति वाटिका में णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष मनीष पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत इसी दिन श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर में विद्यार्थियों, श्रीशंकर सेवाधाम आगरा रोड में मरीजों को भोजन कराया गया, साथ ही 52 फुट हनुमान के पास ही बगराना में कन्याओं व गरीबों को भोजन कराया गया। इसके अलावा गणगौरी बाजार स्थित नेत्रहीन आश्रम में नेत्रहीनों को भोजन कराया। इसके अलावा जोतड़ा गौशाला सांगानेर में गायों को चारा खिलाया।


**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन, नगर निगम हैरिटेज जयपुर**

क्रमांक :- जसअ/2024/3580 — दिनांक :- 09/01/2025

**सार्वजनिक सूचना मृतक आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति**

राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अनुसार नगर निगम जयपुर की सेवा में रहते हुये उनके आश्रितों को नियुक्ति देने की कार्यवाही की जानी है। विवरण निम्न प्रकार हैः-

| क्र. सं. | आश्रित / आवेदक का नाम | मृतक कार्मिक का नाम | मृतक कर्मचारी से सम्बन्ध (आश्रित) | मृतक दिनांक | आवेदक का पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनिता देवी उमरवाल | स्व. श्री सुनिल कुमार उमरवाल पुत्र स्व. श्री अनिल कुमार उमरवाल | माता | 01.08.2023 | 45 संगम ए, कानोता बस्सी, जयपुर। |

इस सार्वजनिक सूचना के जरिए सभी जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि मृतक के स्थान पर नियुक्ति चाहने वाले आश्रित नियुक्ति के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर को अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति सम्बन्धी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

राज.संवाद/सी/24/10061 — उपायुक्त, किशनपोल जोन नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

**कार्यालय नगर निगम जयपुर, हैरिटेज**

(हवामहल के पीछे माणक चौक बडी चौपड, जयपुर)

क्रमांक :- एफ- 5( )कार्मिक/सा.प्र./ननिजहै0/2024/469 — दिनांक :- 09/01/2025

**सार्वजनिक सूचना मृतक आश्रित की अनुकम्पात्मक नियुक्ति**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज मे कार्यरत मृतक स्व. श्री रफीक पुत्र श्री ईस्माईल पद इलेक्ट्रिशियन कर्मचारी की मृत्यु होने उपरान्त उनके आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दिये जाने की कार्यवाही की जानी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | नाम मृतक कर्मचारी | आश्रित का नाम | मृत्यु दिनांक | प्र. पद | निवास |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्री रफीक पुत्र श्री ईस्माईल | श्री मोहम्मद वसीम | 18.07.2024 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | मकान नम्बर 14, चीनी की बुर्ज, चौगान स्टेडियम, जयपुर |

नोट :- इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाषन के 07 दिवस में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उपायुक्त (कार्मिक), नगर निगम जयपुर हैरिटेज को सूचित करें। आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति मे नियमानुसार अनुकम्पात्मक नियुक्ति दिये जाने की कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।

उपायुक्त (कार्मिक) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/24/10115

## पेड़ प्रकृति पर हरियाली उत्पन्न करते हैं जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पेड़ों से पृथ्वी हरी भरी रहती है पेड़ लगाने का कोई समय नहीं होता समय होता है तो देखभाल का होता है यह बात जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने अपने कार्यालय के प्रांगण में पौधारोपण के दौरान



कही उन्होंने कहा कि पेड़ों से पृथ्वी पर संतुलन बनाए रह सकता है अगर पेड़ इसी तरह करते रहे तो पर्यावरण संतुलन इतना बिगड़ जाएगा कि मानव जीवन संभव नहीं रहपायेगा राठौड़ ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए पेड़ों के प्रति मानव को गंभीर होना होगा अगर समय रहते पेड़ों के प्रति गंभीर नहीं हुये तो आने वाले समय में मानव के लिए जीवन जीना कठिन हो जाएगा धरती पर दिन प्रतिदिन अत्यधिक पेड़ कटाव के कारण प्रदूषण फैलता जा रहा है जो हर मानव की जिंदगी के लिए खतरनाक है इस दौरान राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा प्रदेश के ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने कहा की हर मानव को पेड़ लगाने के लिए समय तलाश में की आवश्यकता नहीं जब चाहे तब पेड़ लगा सकते हैं इसके लिए आवश्यक है तो उनकी देखभाल है जब किसान अपनी खेती करता है तो फसल का जितना ध्यान रखना है उतना ही ध्यान पेड़ों के प्रति हर मानव को रखना होगा अन्यथा कॉविड-19 में मानव के लिए जीवन दुर्लभ हो गया था बुशान ने कहा कि आज के समय अगर पृथ्वी पर ऑक्सीजन बहुमूल्य मात्रा में चाहिए तो मानव को अत्यधिक संख्या में पेड़ लगाने होंगे द्य इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामूराम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी घनश्याम साहरण, प्रेम सिंह कस्वा, प्रशासनिक अधिकारी, सहायक अधिकारी रामस्वरूप फगड़िया, महिपाल सिंह, करणी सिंह, मूलचंद आदि उपस्थित थे।

## ख्याली गांव में तुच्छ राजनीति की भेंट चढ़ी मुख्य सड़क, आमजन परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती मलसीसर में गांव ख्याली के वार्ड नंबर 9 और दस के बीच मुख्य मार्ग पर सडक़ नहीं होने से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। यहां मुंशी खां ने कहा कि यहां राज



वाले कुंड से अगुना कुआ के निकट तक सीमेंट की सडक़ बननी चाहिए। यह मुख्य मार्ग पर सडक़ नहीं होने से आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है। वार्ड 10 के पंच जावेद खान ने बताया कि इस मार्ग पर सीमेंट की सडक़ बनवाने के लिए दो वर्ष पहले ग्राम पंचायत बाडेट में प्रस्ताव लिया था, परन्तु आज तक सडक़ का निर्माण नहीं हुआ है। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि यज्ञपाल सिंह ने कहा कि ख्याली के हुकम सिंह, लादू सिंह आदि ने तत्कालीन एम पी नरेंद्र खीचड़ के कोटे से सडक़ बनवाने की बात कही थी, उसका बजट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि वे मना कर देंगे तो वे विधायक या सांसद कोटे से इस सीमेंट सडक़ का निर्माण करवा देंगे। भाजपा नेता हुकुम सिंह ने कहा कि सडक़ स्वीकृत हो गई थी, उसके बाद आचार संहिता लग गई। तत्पश्चात खीचड़ के चुनाव हारने से सडक़ का काम अटक गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अब इस सडक़ को बनवाने के लिए सरपंच कोई जोर नहीं लगा रहा है। कुल मिलाकर यह सडक़ तुच्छ राजनीति की भेंट चढ़ गई है। गांव के नागरिकों ने विधायक रीटा चौधरी, सांसद बर्जेंद्र ओला को पत्र लिखकर सडक़ का निर्माण करवाने की मांग की है।

## डॉ.बीएल नायक को अवार्ड मिलने पर सादुलपुर नायक समाज ने सम्मानित किया


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में डॉ बी एल नायक को आई एम ए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सरहाना अवार्ड मिलने पर सादुलपुर नायक समाज ने सम्मानित किया। इस अवसर पर इंजीनियर लीलू राम नायक के नेतृत्व में सादुलपुर नायक समाज द्वारा डॉ बी एल नायक डेडराज भरतिया अस्पताल के वरिष्ठ



रेडियोलॉजिस्ट का अभिनंदन व स्वागत किया गया साफा एवं साल पहनाकर नायक समाज की ओर से अभिनंदन स्वागत किया गया मिली जानकारी के अनुसार तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित भारतीय कॉन्फ्रेंस में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व जन सेवा केंद्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य करने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर बी एल नायक को आई एम ए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सराहना अवार्ड से सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर बी एल नायक ने सभी सम्मानित समाज के गणमान्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए जागरूक व संगठित होकर कार्य करें व इंजीनियर लीलू राम नायक ने कहां की डॉक्टर की तरह प्रत्येक जन को अच्छे कार्य कर समाज देश का नाम ऊंचा करना चाहिए अभिनंदन एवं स्वागत समारोह में इंजीनियर लीलू राम नायक भंवरलाल नायक बलवीर नायक आशीष नायक रामेश्वर नायक जिला अध्यक्ष राजस्थान नायक समाज संयुक्त महासंघ चूरु श्रवण कुमार बसेर एडवोकेट सद्दाम हुसैन ओमप्रकाश बाकोलिया रमजान कुरैशी असलम अंसारी कैलाश डागला नोखा श्यामलाल नायक छगनलाल नायक आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ित को चिकित्सालय पहुंच कर अच्छा सेमेरिटन का धर्म निभाएंः पुलिस अधीक्षक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा जीवन रक्षक प्रणाली पुस्तिका जारी की गई।

पुस्तिका का विमोचन जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह पुस्तक सभी विभागों में तथा विद्यालय में वितरित कराई जाए जिससे बच्चों को प्राथमिक उपचार और गुड सेमेरिटन की भूमिका के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि एक गुड सेमेरिटन वह होता है जो गोल्डन आवर्स में सड़क दुर्घटना के पीड़ित को चिकित्सालय पहुंचने में मदद करता है। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हमारा प्रयास है कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संचार हो, इसलिए हम प्रतिदिन लोगों के बीच विभिन्न माध्यमों से समझाइश अभियान चला रहे हैं । परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों के मध्य यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल, परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**धौलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण दौसा व ग्वालियर के अधिकारियों को आदेशित किया कि वह हाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर एक माह में स्पीड ब्रेकर लगाए जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क पर आने वाले वाहन चालक हाईवे पर आने से पहले वाहन की गति को नियंत्रित कर सकें ल। बैठक में उन्होंने जिला यातायात प्रभारी को आदेशित किया कि वे वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले चालकों तथा ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाये। अवैध पार्किंग के खिलाफ चालान की कार्रवाई करें। एनएचएआई दौसा व ग्वालियर टोल पर इमरजेंसी लाइन का विशेष रूप से ध्यान रखें तथा टोलों पर कर्मचारी निर्धारित यूनिफॉर्म में होने चाहिए और सीसीटीवी कैमरे भी सही प्रकार से कार्य करने चाहिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट पर सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संभावित प्रयास करने चाहिए। उन्होंने नगर परिषद को निराश्रित जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर रेस्क्यू तथा जिला मुख्यालय के बाजारों में पार्किंग लाइन डालने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना की जागरूकता हेतु म्यूजियम बनाया जाए और बच्चों को उसका अवलोकन कराया जाए जिससे उन्हें सड़क दुर्घटनाओं के बाद की स्थिति का पता चल सके। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी देवानंद, जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन भोपाल में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 03 जनवरी से 06 जनवरी तक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्धघाटन किया। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परिस्थितिकी तंत्र को समझना थी । पाँच उपविषयों पर भारत के अलग-अलग राज्यों एवं खाड़ी देशों से लगभग 700 बाल-वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर कार्यशालाओं एवं वैज्ञानिक फेस टू फेस संवाद कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

## उप निरीक्षक डॉ.अशोक साइकिल का प्रयोग करते हुए दे रहे हैं नशा मुक्ति का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रेवाड़ी नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज सोहना से तावडू और धारूहेड़ा पहुंचे। वे आज विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक कर रहे थे। विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया। लोगों द्वारा उनसे साइकिल पर चलने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि साइकिल पर चलने के विभिन्न कारण हैं। सबसे प्रथम स्वास्थ्य लाभ, दूसरा ईंधन की बचत, तीसरा पर्यावरण संरक्षण और प्रदुषण से बचाव और चौथा सडक़ों पर गाडियों की बढ़ती संख्या आदि ये अनेक कारण हैं जो उन्हें साइकिल पर चलने के लिए




प्रेरित करते हैं। सबसे अधिक मुख्य कारण यह भी है कि लोग उनकी ओर आकर्षित होकर नशा मुक्त अभियान के बारे में पूछते है और जानकर इस अभियान से जुड़ते भी हैं। डॉ.वर्मा की साइकिल के आगे एक प्लेट लगी रहती है जिस पर लिखा है 'नशे को कहें न और जीवन को कहें हाँ' दूसरा नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। इसके साथ ही हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 लिखा है जिस पर कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है। डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## एसएमसी व एसडीएमसी की बैठक सेऊवा में हुई



**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेऊवा में गुरुवार को एस एमसी एवं एसडीएमसी की बैठक प्रधानाचार्य प्रीति सुंडा पूनिया की अध्यक्षता में हुई। डाइट चूरू के वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र उपाध्याय ने शिरकत की तथा सेऊवा संकुल के समस्त पीईईओ सेन्टर के प्रधानाध्यापकों,एस एम सी सदस्यों व अभिभावकों,पोषाहार बनाने वाली महिलाओं को संबोधित करते हुए एसडीएमसी व एस एम सी गठन की प्रक्रिया, खेलकूद, नवाचार, शैक्षिकव सहशैक्षिक गतिविधियां,नामांकन आदि पर विस्तार से बताया। व्यवस्थापक धर्मपाल सिंह ने समस्त व्यवस्थाएं की तथा समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग किया। सदस्यों के अलावा अभिभावकों की भागीदारी भी रही।प्राचार्य प्रीति पूनिया सुंडा ने विभागीय योजनाओं व शैक्षिक प्रगति की जानकारी दी और अभी का आभार जताया।

## स्व.संतरा देवी की पुण्यतिथि समारोह सरला पाठशाला में आयोजित



**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती तहसील चिड़ावा में संचालित सरला पाठशाला मे एक पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर डॉ. अनिल अनमोल चिड़ावा ने अपनी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और जरूरतमंद बच्चों को समोसे और जलेबी का भोजन करवाया गया। साथ ही, उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए इस समारोह में सेवानिवृत्त संभागीय शिक्षा अधिकारी कैलाश चतुर्वेदी, सूरजगढ़ राजकीय विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल मंजू तोलिया, समाजसेवी मनोहर लाल जांगिड़, और सरला पाठशाला संचालिका बहिन अनीता पूनिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि समाज के प्रतिष्ठान लोग अपनी खुशियों को जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोडने़ की कोशिश कर रहे हैं यह एक प्रशंसनीय प्रयास है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा।



## सृष्टि को चलाने के स्वयं भगवान अवतार लेकर अपने भक्तों की सहायता करते हैं : रमाकांत जी गोस्वामी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्राचीन सुप्रसिद्ध बाबा श्री रामदेव मन्दिर प्रांगण राजगढ़ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अन्तिम दिन सुबह 9 बजे से शुरू हुई कथा में काफी संख्या में श्रोता सम्मिलित हुए और रुकमणि श्री कृष्ण विवाह प्रसंग के मंगल गीतों और सुदामा श्री कृष्ण मिलन के अवसर के भक्ति गीतों पर खूब झूमे श्रद्धालू। महाराज श्री रमाकांत जी गोस्वामी ने कहा कि सृष्टि को चलाने के स्वयं भगवान अवतार लेकर अपने भक्तों की सहायता करते हैं और हमेशा सत्य की और पुण्य कर्मों की विजय श्री होती है। हमें कभी भी विपताओं से घबराना नहीं चाहिए। जिस तरह भगवान ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की सहायता करते हुए मित्रता की अनूठी छाप छोड़ी है। उसी तरह हमें उसी तरह अपने बचपन के मित्रों, सतमार्ग पर चलने वाले लोगों की सहायता करनी चाहिए। इसी तरह हमें यदि जीवन में कभी विपत्ति का सामना करना पड़ जाता है तो भी हमें धैर्य से काम करना चाहिए। कभी भी विपताओं से घबराना नहीं चाहिए क्योंकि आशा ही जीवन है। साथ ही उन्होंने राजगढ़ के श्रोताओं की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। आज कथा में महिला मंडल के अध्यक्ष ज्योति मुकेश सरावगी, प्रमुख समाजसेविका गोभक्त शकुन्तला कर्मवीर यादव सरिता अग्रवाल गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर कौशल पूनिया, डॉक्टर मनीराम शर्मा, भंवर सिंह राठौड़, रामवतार बैरसरिया, नन्द किशोर मित्तल, सांवर मल प्रेमी चांदमल कंदोई, ओम बैरासरिया, श्रीराम कंदोई, चेतन कंदोई, धोलू, कमला दाधीच, पार्वती, ज्योति सरावगी, सरिता, पूनम, रतनी, सुशीला, गायत्री, पूजा, संतोष गोस्वामी, शकुंतला यादव आदि उपस्थित रहे।

## तारानगर में उपजिला अस्पताल में दंत रोग चिकित्सा सेवा हुई शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में दंत रोग चिकित्सक की सेवाएं व सुविधाएं अब रोगियों को मिलनी शुरू हो गई है। गुरूवार को नवपदस्थापित दंत रोग चिकित्सक डॉ. कोमल राव ने



अपने कार्यग्रहण के बाद दंत रोग विभाग का कार्य शुरू किया। अस्पताल के पीएमओ डॉ. मोतीलाल सोनी ने बताया कि डॉ. कोमल राव ने दंत रोग चिकित्सक के रूप में कार्यग्रहण किया। जिसके बाद आज से दंत रोग विभाग को सुचारू रूप से संचालित कर दिया गया है। अब लोगों को दंत रोग से जुड़ी सभी बिमारियों का उपचार यहां पर सुलभता से मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होने बताया कि चिकित्सालय में पहले से डेंटल चैयर, अन्य उपकरण एवं दवाईयां उपलब्ध थी। लेकिन दंत रोग चिकित्सक नहीं होने के कारण दंत रोग विभाग को शुरू नहीं किया जा सका था। जिसके बाद अब डॉ. कोमल राव के यहां पदस्थापित होने के बाद दंत रोग विभाग को सुचारू रूप से शुरू किया गया है।

## सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारियों की कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की



तरफ से गुरुवार को सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत ब्लॉक के सडक सुरक्षा क्लब प्रभारियो की कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसीबीओ भागचंद सोलंकी ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने कार्यशाला में सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने एवं यातायात नियमों पर प्रकाश डाला तथा निर्देश दिया कि समस्त राजकीय व निजी विद्यालयो में सडक सुरक्षा क्लब का गठन कर जागरूकता फैलाने में इनकी सक्रिय भुमिका निभाई जावें। सीबीईओ सुमन जाखड ने बताया कि विद्यालयो में मॉक ड्रिल, निबन्ध, पोस्टर, नाटक आदि के माध्यम से सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलावे। एसीबीईओ बाबूलाल बुनकर, यातायात प्रभारी हनुमान प्रसाद ने विचार रखे तथा कार्यशाला का संचालन रामनिवास घेतरवाल ने किया।

## प्रयागराज महाकुम्भ समागम में महंत गोपालनाथ का सम्मान होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ सांस्कृतिक समागम में महंत योगी गोपालनाथ का सम्मान किया जाएगा। मंच के मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रयागराज



महाकुम्भ में महंत योगी गोपालनाथ, मठाधीश मठ श्री सिद्ध बाबा मेघनाथ जी धाम मु.पो. गोरखाना का नैतिक विचारो का लक्ष्य पर मंच की स्वागत समिति द्वारा कार्य योजना को मूर्त रूप देने की सहभागीता पर सनातन समरसता महाकुम्भ अवार्ड प्रदान किया जायेगा। प्रतिभा महंत योगी गोपालनाथ का चयन कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर चयन किया गया चयन प्रतिभा का नाथ प्रयागराज महाकुम्भ 2025 मेला प्राधिकरण उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा जा रहा है। संस्था ने बताया कि महंत योगी गोपालनाथ के सनातन समरसता महाकुम्भ अवार्ड के सम्मान से वसुधैव कुटुम्बकम्, ग्लोबल विल्लेज, विश्व बन्धुत्व एकामहे के लिए समरसता सत्यम् शिवम् सुन्दरम विश्व प्रेरित होगा।

# एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेशानुसार शहरी संकुल संदर्भ केंद्र परिक्षेत्र के एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों में जागरूकता उत्पन्न करने नेतृत्व क्षमता विकसित करने एवं विद्यालय प्रबंधन में अपेक्षित भूमिका एवं उत्तरदायित्व के निर्वहन में सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ शिविर का शुभारंभ समाजसेवी भामाशाह मंगतूराम मोहता यू सी ई ई ओ प्रधानाचार्य सुरेंद्रसिंह पूनिया अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य उर्मिला पुनिया उपप्राचार्य राजवीर सुड्डा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया प्रार्थना सत्र के पश्चात दक्ष प्रशिक्षक राजवीर सुड्डा ने प्रशिक्षण शिविर के मुख्य उद्देश्यों सदस्यों के अधिकार दायित्व शिक्षा के अधिकार एवं समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों से अवगत




कराया शिविर प्रभारी व्याख्याता संदीप जड़िया ने मिड डे मील बाल सभा हरित पाठशाला कार्यक्रम अक्षय पेटिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि कार्यक्रम में सदस्यों की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला दक्ष प्रशिक्षक व्याख्याता सुनील कुमार मिल ने समावेशी शिक्षा ड्रॉप आउट शैक्षिक अनुदान विद्यालय स्तर पर शिकायत निवारण सामाजिक अंकेक्षण आपदा प्रबंधन जेंडर संवेदनशीलता व विद्यालय विकास योजना में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के महत्व की जानकारी साझा की मुख्य अतिथि समाजसेवी मंगतूराम मोहता ने उपस्थित सदस्यों से परिषद के निर्देशानुसार विद्यालय विकास एवं प्रबंधन के प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जानकारी ग्रहण कर प्राप्त जानकारी का संबंधित विद्यालय विकास मैं सक्रिय भागीदारी निभाकर एक आदर्श नागरिक के कर्तव्य का निर्वहन कर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ होने का प्रमाण दें प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने विद्यालय विकास में जनसाधारण की सहभागिता विद्यालय के प्रति अपनत्व एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्व से अवगत कराते हुए सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील होने का सभी से आह्वान किया विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपस्थित सदस्यों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई प्रशिक्षण सत्र में सदस्यों ने विद्यालय विकास एवं प्रबंधन से संबंधित उपयोगी ज्ञानवर्धन जानकारी प्राप्त करने के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया शिविर में करतार सिंह सांगवान सीताराम जांगिड़ होशियारमल भार्गव गिरिराज सिंह मुश्ताक अहमद श्याम सुंदर सुरैया मंजू कुमारी स्नेहलता फरजाना रुखसाना मनीराम गहनोलिया भंवर सिंह यासीन खान विजय वर्मा सहित एस एमसी एसडीएमसी सदस्य उपस्थित रहे।



## सीएमएचओ डॉ.छोटेलाल गुर्जर ने किया मुकुंदगढ़ सीएचसी का किया निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुकुंदगढ़।** सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदगढ़ का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका से पीएमएसए सत्र की सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएसएमए के तहत 23 गर्भवती महिलाओं को सेवाएं दी गई। छह गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के तहत फ्री सोनोग्राफी के कूपन वितरित किए गए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने अस्पताल के कई स्टाफ द्वारा ड्रेस में नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी स्टाफ को ड्रेस में मिलने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारी डॉ. वरुण वर्मा को अस्पताल की एक बाउंड्री वॉल का प्रपोजल भेजने के दिए निर्देश। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने अस्पताल में डिलीवरी बढ़ाने, साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सीएमएचओ डॉ. गुर्जर के साथ डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा भी मौजूद रहे।

## कृषि की उन्नत तकनीकों व ऋण उपलब्धता पर व्याख्यान का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अंतर्गत उद्यानिकी, रेशम उत्पादन, ड्रिप सिंचाई, मछली पालन, कृषि के लिए ऋण उपलब्धता आदि विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर सहायक आचार्या कंचन शर्मा ने रेशम कीट पालन से लेकर रेशम प्राप्त करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि खेत में सेरीकल्चर आधारित पेड़ लगाने व ड्रिप सिंचाई जैसी पद्धति अपनाकर कोकून की अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। सहायक आचार्य डॉ. संगीता मील ने छात्राओं को बागवानी का महत्व समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में सामने आ रही है। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह न्यौला ने कृषि के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मीनू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## निशानेबाज धनन्जय भड़िया व कोच का हुआ भव्य स्वागत समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** पिलानी मे पंचवटी के पास स्थित थार शूटिंग स्पोर्ट्स अकेडमी के युवा राइफल निशानेबाज धनन्जय भड़िया ने हाल ही में (एसजीएफआई) 68वें



नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप दो से सात जनवरी के बीच भोपाल मे खेली गई। जिसमें राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडिविजुअल सिल्वर मैडल जीतकर आए खिलाड़ी धनन्जय भड़िया व अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी का स्वागत करके सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी ने बताया कि यह उपलब्धि धनन्जय की कड़ी मेहनत, समर्पण और असाधारण शूटिंग कौशल का प्रमाण है। 2024 में धनन्जय का विभिन्न टूर्नामेंटों में दो गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीत के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन रहा। खिलाड़ी ने इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच व शिक्षकों को दिया। आगामी लक्ष्य प्रतियोगिताओं में कठिन परिश्रम करके शूटिंग खेल मे देश के लिए ओलंपिक में फिर से गोल्ड मैडल जीतना है। छोटे से गांव बिशनपुरा (जाखोद) के धनन्जय के दादा कैप्टन करण सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त ने उनको राइफल के खिलौने से खेलने के जुनून से उनके टैलेंट को पहचाना और उनके पिता संदीप भड़िया ने पढ़ाई के साथ शूटिंग खेल के गुर सीखने के लिए थार अकादमी में दाखिला दिला दिया। अब वह अपने गांव और राज्य का नाम रोशन करते देखकर बेहद खुश है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि अन्य युवा एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।

## सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

**मुकुंदगढ़।** शहर में स्थित श्री राम मंदिर परिसर में शनिवार शाम को 4 बजे से श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा एक वर्ष पूर्ण होने पर सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी विजय शर्मा ने बताया कि बालाजी सेवा संघ समिति व उनकी टीम तथा श्रद्धालुओं द्वारा 51 संगीतमय सुंदरकांड पाठ ललित शर्मा, सुभाष शर्मा पुजारी, प्रेमपाल दूलड़, राजाराम सुरोलिया, भास्कर दूलड़ के सानिध्य में आयोजन किया जाएगा।

### नेशनल इंडिपेंडेंस स्कूल्स एलाइंस (नीसा) ने देशभर के सभी संबद्ध 1.20 लाख स्कूल्स को लिखा पत्र

# डमी स्टूडेंट्स को ना दें एडमिशन; स्कूलों, स्कूली शिक्षा को बचाना है जरूरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** डमी स्टूडेंट्स के एडमिशन पर अब सीबीएसई की सख्ती के बाद सीबीएसई स्कूल्स की संस्था नेशनल इंडिपेंडेंस स्कूल्स एलाइंस (नीसा) ने भी कड़ा रुख अपनाया है। नीसा ने देशभर में संस्था से संबद्ध सदस्य संघों और अपने सदस्य संघों के माध्यम से करीब 1 लाख 20 हजार स्कूल्स को डमी स्टूडेंट्स के एडमीशन के विरोध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिनमें राजस्थान और झुंझुनूं जिले की स्कूलें भी शामिल है। नीसा के राजस्थान प्रभारी व जीवेम एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि गत वर्षों से स्कूल्स में डमी स्टूडेंट्स से एडमीशन से न सिर्फ शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। बल्कि स्कूल्स की साख को भी प्रभावित किया है।

एक ऐसे स्टूडेंट्स को एडमिशन देने का क्या फायदा जिसका स्कूल से कोई भावात्मक जुड़ाव ही नहीं है, जिस स्कूल की शिक्षा-दीक्षा से कोई लेना-देना नहीं न ही वो स्कूल्स की एक्टीविटीज में पार्टीसिपेट कर रहा है और न ही वो स्कूल और सीबीएसई के सिलेबस और गाइडलाइन को फॉलो कर रहा है। ऐसे डमी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने के खिलाफ सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने भी एक कड़ा अभियान संचालित किया है, जिसके तहत देशभर में कई स्कूल्स की मान्यता को समाप्त किया गया है। जिनमें राजस्थान की स्कूलें भी बड़ी संख्या में शामिल है। साथ ही कई स्कूल्स को डीग्रेड भी किया गया है। डॉ. मोदी ने बताया कि शिक्षा को समग्र रूप से बचाने, सभी छात्रों और शिक्षक समुदाय की सुरक्षा, संरक्षण, कल्याण और पेरेंट्स के लाभ के लिए साथ ही गुणवत्तापरक शिक्षा के अपने मिशन को मजबूत करने के लिए नीसा ने सभी 1.20 लाख स्कूल्स को दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें राजस्थान और झुंझुनूं की स्कूलें भी शामिल है।

**नीसा ने दिए ये निर्देश दिए:** नीसा द्वारा जारी किए गए निर्देशों में कोई भी स्कूल अपने स्कूल परिसर में कोई भी अनाधिकृत, अवैध अथवा असंबद्ध क्लासेस का संचालन नहीं करेगा। कोई भी स्कूल अपनी किसी भी क्लास में किसी डमी स्टूडेंट का रजिस्ट्रेशन नहीं करेगा, संगठन इसकी अनुमति नहीं देता है। कोई भी स्कूल अपने परिसर में किसी भी कोचिंग संस्थान ब्रांड को प्रवेश की अनुमति नहीं देगा। क्योंकि यह एक कॉमर्शियल एक्टीविटी है इसलिए इसे अवैध करार दिया गया है। नीसा केवल कोर स्कूल शिक्षा को बढ़ावा देता है और अपने सदस्य स्कूलों की गुणवत्ता को बढ़ाने का काम कर रहा है। ऐसे में स्कूल्स अपने छात्रों को स्कूल परिसर में अपने इंफ्रास्ट्रक्चर और एक्पर्ट टीचर्स के साथ छात्र की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश तैयारी कराने में सक्षम है। नीसा, संबद्ध सभी स्कूलों में केंद्र सरकार द्वारा 16 जनवरी 2024 को जारी कोचिंग नियंत्रण, विनियमन के दिशा निदेशों और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तावित अधिनियम और विधेयक का सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करेगा और इन प्रावधानों को लागू भी कराएगा। नीसा कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी स्कूल, व्यक्ति अथवा विभाग के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीकों से सभी कानूनी कार्रवाई करेगा। इसके लिए सोशल एवं विभिन्न मीडियम पर जन आंदोलन और जगरूकता अभियान का संचालन भी करेगा। किसी भी कोचिंग संस्थान में 16 वर्ष से कम आयु या क्लास 10 से कम क्लास का छात्र नहीं हो, यह भी नीसा सुनिश्चित करेगा। केंद्र और राज्य सरकार के विभाग, सभी केंद्रीय और राज्य के शिक्षा बोर्ड, सभी गाइडलाइंस का पालन कराए, नीसा इसमें सहयोग करेगा।

### इनका कहना है....



नीसा द्वारा ये दिशा निर्देश जनहित, सुरक्षा, संरक्षण और देश की शिक्षा प्रणाली के समग्र उत्थान के लिए जारी किए गए है। संगठन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वास्तविक अर्थों में पूरे देश में बढ़ावा देने और लागू करने की प्रतिबद्ध है। डमी स्कूल्स और स्टूडेंट्स मौजूद शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। नीसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा की ओर से भी ये निर्देश सभी स्कूलों को जारी किए गए है।

**डॉ. दिलीप मोदी, राजस्थान प्रभारी, नीसा**

## समाज के सक्रिय सहयोग से इस बार होगा हरित कुंभ : डॉ.रमेश अग्रवाल

### मुरलीपुरा से 40 हजार थाली-गिलास-थैलों से भरा ट्रक रवाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय संघचालक डॉ.रमेश अग्रवाल ने कहा कि प्रयागराज का कुंभ हरित कुंभ होने जा रहा है। समाज के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है।

डॉ.अग्रवाल गुरुवार को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत की ओर से समाज से एकत्र 40 हजार थाली, 40 हजार गिलास और 40 हजार थैलों से भरे ट्रक को रवाना करते समय बोल रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि जो भी लोग कुंभ में जाना चाहते हैं वे कृपया अपने साथ एक थाली, गिलास और थैला अवश्य लेकर जाएं। भोजन के दौरान इन्हीं का उपयोग करें। डिस्पोजल थाली और गिलास का उपयोग नहीं करें। ऐसा कर हम करोड़ों टन कचरा एकत्र होने से बचा सकेंगे। पूरा विश्व को हम इस छोटे से कार्य से एक अच्छा संदेश दे सकेंगे। डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि पर्यावरण हित में हमें घर पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कुंभ में जयपुर से 30 हजार और पूरे राजस्थान से एक लाख से अधिक थालियां और थैले भेजे जा चुके हैं। इससे पूर्व गायत्री परिवार के प्रहलाद शर्मा, विद्याधर शर्मा, रामेश्वर चौधरी, रेणु पाटोदिया, भूपेन्द्र शर्मा ने बसंतानंद महाराज के सान्निध्य में गणेश पूजन कर स्वस्तिवाचन किया। उपस्थित लोगों ने जयकारों के साथ ट्रक को रवाना किया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 9वें दिन की गई समझाईश एवं प्रवर्तन कार्रवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर ।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के 9वें दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि विभाग के उडन दस्ता प्रभारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा बहरोड एवं बानसूर क्षेत्र में आमजन को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा 150 पम्पलेट व बुकलेट वितरित किए गए। साथ ही टेऊफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 140 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 9 बिना सीटबेल्ट, 82 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 8 वाहन चलाते समय मोबाइल वार्ता, 20 तीन सवारी से अधिक होने, 11 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन, 104 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 26 नो पार्किंग, 3 वाहन की बॉडी अवांछनीय परिवर्तन करने एवं 7 ओवरहाइट से संबंधित चालान किए गए।

### डॉ.पितरामसिंह गोदारा का किया सम्मान

# आंगनबाड़ी के बच्चों को गर्म जैकेट और टोपी बांटी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** जाने—माने शिक्षाविद् डॉ. पितरामसिंह गोदारा ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए बड़ागांव सेक्टर के सभी 24 आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से आने वाले 125 से अधिक नन्हें मुन्ने बच्चों को गरम जैकेट व टोपी वितरित की।

जैकेट पहनकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। डॉ. गोदारा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में देने वाले को सबसे बड़ा माना गया है। चाहे वह दान हो, ज्ञान हो, संस्कार हो, प्यार हो। इसलिए इन छोटे मासूम बच्चों को शुरू से ही इस प्रकार के संस्कार दिए जाएं। ताकि वह भविष्य में सफलता प्राप्त कर दान कर सके। इस अवसर पर महिलाएं एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र जनता के सहयोग से और भी अधिक सक्षम हो सकती हैं। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़ाव रखना चाहिए। साथ ही विजेंद्र सिंह राठौड़ ने डॉ. पितराम सिंह गोदारा को शॉल ओढाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस वित्तीय वर्ष में महिला पर्यवेक्षक सुनिता गोदारा की प्रेरणा से आंगनबाड़ी केंद्र पर संसाधन जुटाने में सहयोग करने वाले 12 भामाशाहों युवा जाट महासभा अध्यक्ष नरेंद्र गढ़वाल बजावा, विद्याधर महला एवं रोहिताश कल्याण सीथल, हवाई सिंह नून शिवनाथपुर, धापा देवी हांसलसर, पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद सैनी बड़ागांव, गोविंदसिंह राठौड़, प्रभातीलाल सैनी, आशा सैनी, ज्योति, खुशबू बड़ागांव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़ागांव सरपंच संतोष देवी ने की। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन एवं प्रवेश उत्सव भी किया गया। विशिष्ट अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी उदयपुरवाटी मुकेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया। महिला पर्यवेक्षक सुनिता गोदारा ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए जनसमुदाय, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने वाली बालिकाओं को, बच्चों के अभिभावक, उपस्थित हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## शराबी पति ने दो बेटियों सहित पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

### पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

### सांडवा पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**सादुलपुर।** शराबी पति ने दहेज की खातिर दो बेटियों सहित पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आज चूरू एस पी को ज्ञापन देकर सांडवा पुलिस थाना के जांच अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें बदलकर न्याय की गुहार लगाई है। आज यहां राम कन्या पुत्री हरिराम प्रजापत निवासिनी हाल पीहर कातर छोटी तहसील बीदासर ने पुलिस अधीक्षक चूरू को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि 18 अक्टूबर 2024 को सांडवा पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच अधिकारी किसी दवाब या लोभ के कारण एक आरोपी के खिलाफ ही चालान पेश करने की कह रहे हैं। इस कारण न्याय होने की संभावना नहीं है। राम कन्या ने जांच अधिकारी बदल कर किसी निष्पक्ष अधिकारी से जांच करवाने की मांग की है। दर्ज रिपोर्ट में लिखा है कि उसके पति विक्रम पुत्र हड़माना राम प्रजापत निवासी मेड़ता रोड बसी बाद ने दहेज की मांग करके तंग किया और घर भेज दिया। उसके पिता व भाई ने समझाइश की तो विक्रम उसे वापस ले गया। उसके दो पुत्रियां हैं। वह लोक लाज के डर से पति विक्रम, सास रुक्मा के अत्याचार सहन करती रही। उसके पति, सास, ससुर आदि ने 25 मई 2024 को मारपीट कर बेटियों सहित पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया।

## एकल-सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई

**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनूं में खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के अंतिम दिवस के तहत एकल गायन एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।



प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. सिद्धि जोशी ने बताया कि एकल गायन में मनोज गर्वा प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा निधि एवं नीतू कुलहरि तृतीय स्थान पर रही। सामूहिक नृत्य में रौनक समूह प्रथम, वंशिका समूह द्वितीय तथा रौनक उजमा समूह एवं लीजा शर्मा समूह संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका किशोर कुमार, डॉ. अभिलाषा आबूसरिया और कल्पना ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन सुनिता बाबल ने किया। इस दौरान सुनिता थालौर एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## जर्जर कुआं हादसे को देता न्यौता, नहीं जागा प्रशासन

**गुढ़ागौड़जी।** निकटवर्ती गांव कांकरिया की ढाणी राय सिंहवाली का है यह मौत कुआं। यह पुराना कुआं तेजपाल सैनी पुत्र दौलाराम सैनी के मकान के सामने जर्जर अवस्था में पड़ा है। परंतु अभी तक प्रशासन ने इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। कई बार प्रशासन को इसके बारे में अवगत भी करवा दिया गया। पिछले दिनों में भी इसमें दो बकरी के बच्चे भी गिरकर खत्म हो गए थे। कुएं के पास ही रहने वाले तेजपाल की माताजी की हालत मेंटल जैसी बनी हुई है। वह एक आंख से अंधी भी है। इस कुएं के कारण पूरा परिवार बुढ़िया की सुरक्षा में लगा हुआ है तथा सभी बहुत ही परेशान हैं। वह कभी भी इसमें गिर सकती है। कोई भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों एवं ढाणीवासी सांवरमल सैनी, तेजपाल सैनी ने प्रशासन से इस कुएं को शीघ्रता से बंद करवाने की मांग की है।



# बुगाला में धूमधाम से मनाया बावलिया बाबा का निर्वाणोत्सव






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कोलसिया।** पंडित गणेशनरायण बावलिया बाबा का 112वां निर्वाणोत्सव जन्मस्थली बुगाला में धूमधाम से मनाया गया। आत्माराम शर्मा व सुरेंद्र सोनी ने बताया कि अन्नपूर्णा मंदिर पिपराली धाम महंत अमरदास व ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य के सानिध्य में मंगलवार रात्रि को भजन संध्या हुई। जिसमें सूरजगढ़ के सुनील शर्मा व पार्टी द्वारा भजन पेश किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से शुरू हुआ।इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन पेश किए। सुनील शर्मा ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, तेरी हंडिया का गजब कमाल या हंडिया तेरी जादूगारी, क्या खूब लगते हो, बाबा सुंदर दिखते हो, बावलिया कर दो बेड़ा पार, यो बेटो गोरां को, ऋद्धि सिद्धि के दातार, छोटो सो वानर हद करगो, सवामणी का लाडू सारा चट करगो भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा महंत गणेश चैतन्य ने एक दिन कान्हा शोर मचाए, पेट पकड़ चिल्लाए अरे क्या हो गया है बुगाला बुला रहे हैं बाबा हांडी वाले भजन पेश किए।

## 5 किलो 840 ग्राम गांजा के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 840 ग्राम गांजा और परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (आई.पी.एस.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा और वृताधिकारी धरम पूनियांके सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।थानाधिकारी राजेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पुष्कर हाईवे स्थित गोल्डन पैलेस होटल के पास नाकाबंदी कर रहे थे। संदिग्ध वाहन की तलाशी में गांजा और पिकअप वाहन पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से गोविंद राम (35) पुत्र मोतीराम, निवासी बेड़वा, हुकमाराम (40) पुत्र रूपाराम, निवासी बेड़वा, मुकेश (34) पुत्र पूर्णाराम निवासी बेड़वा इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी पर करारा प्रहार हुआ है। जिला पुलिस प्रशासन ने इसे मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है और कहा है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।

## जयपुर में एसीबी की रेड से अलवर आरटीओ में रेड अलर्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** जयपुर में एसीबी की पडी रेड का असर अलवर परिवहन विभाग में भी देखने को मिला है यहां भ्रष्टचार के चलते वाहनों की टई नही हो पाई जबकि विभागीय अधिकारियों ने दलालों से गर्म हावा का बहना बना कर पल्ला झाड लिया लोगों को बिना लाईसेंस बनवाए बैरंग लोटना पडा।

अलवर नगर निगम के कार्यवाहक राजस्व अधिकारी को जयपुर विधानसभा भवन के पास एसीबी ने पकडा तो इसका सीधा असर अलवर आरटीओ कार्यालय पर देखने को मिला भ्रष्टचार की चरम सीमा लांध चुके विभाग में आज रेड अलर्ट की स्थिति बनी रही यहां अधिकारी और कर्मचारी आने वाले आगन्तुकों को संदेह भरी निगाह से देख रहे थे कि कही कोई एसीबी का कर्मचारी उनकी रैकी तो नही कर रहा है। एसीबी की रेड का असर यहां ओटोमेटिक ट्र्क पर होने वाली वाहनो की टई पर देखने को मिला विभाग के इस ट्र्क पर रोजाना पचास से साठ वाहन चालक वाहन चलाने की टई देते है जिनमें से शत प्रतिषत पास किए जाते है क्योंकि प्रत्येक टई पर दलालों के माध्यम से एक हजार रूप्ये की रिश्वत वसूल की जाती है। लेकिन आज एसीबी के भय से टई के लिए रिश्वत की वसूली नही हो पाई जिसके चलते लाईसेंस धारको बैरंग लोटना पडा है वही विभाग के अधिकारियों ने दलालों से गर्म हावा या कैमरे खराब होने का बहाना बना कर पीछा छुडवाया। जबकि ट्र्क पर काम करने वाले कर्मचारियों का कहना था कि ट्र्क ओके है

**क्या है गर्म हवा:** जब भी अलवर में या आस-पास कोई एसीबी की बडी कार्यवाही होती है तो इसका सबसे पहले असर अलवर आरटीओ में देखने को मिलता है निरीक्षक और बाबू अपने -अपने प्राईवेट कर्मचारियों से दूरी बना लेते है और पैसों का लेन-देन कुछ समय के लिए रोक लिया जाता है इसका सीधा असर लाईसेंस बनवाने आने वाले लोगों पर पडता है जो लाईसेंस बनवाने पहुंचते है लेकिन उनका एजेंट उन्हें यह कह कर वापिस भेज देता है कि आज आपका काम नही होगा वह ट्रैक मे खराबी का बहाना बनाता है जिसे आम आदमी सच मान कर चला जाता है लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है क्योंकि बिना रिष्वत यहां कोई काम नही होता है।

## 'साइबर शील्ड अभियान' के तहत छात्रों की दी जानकारी

**कुचामन सिटी।** चितावा थानाधिकारी लीलाराम की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना चितावा द्वारा आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चितावा में हैंड कांस्टेबल खेमाराम द्वारा पुलिस द्वारा चल रहे 'साइबर शील्ड' अभियान के तहत साइबर ठगी के बारे में विद्यालय के अध्यापकों तथा छात्रों, छात्राओं को साइबर ठगी से सावधान रहने के उपाय बताए गए तथा 'सड़क सुरक्षा माह' के तहत यातायात संबंधी जानकारी भी दी गई।

## सुविचार

अक्सर लोग जुए की तरह जिंदगी को समझने लगते हैं पर जुए में सिर्फ एक ही व्यक्ति जीतता है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

# बाल-बाल बची धरती

धरती के भीतर बहुत कुछ घट रहा है। भले ही धरती ऊपर से शांत दिखाई दे रही है, परन्तु रह-रहकर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो पृथ्वीवासियों को डराती हैं। हाल ही में राजस्थान में धरती से पानी की धारा बह निकली तो कुछ स्थानों से गैस निकलने की घटना भी सामने आई है। एक ओर जहां भूकंप से तबाही मचने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं अंतरिक्ष की दुनिया में एस्ट्रॉयड धरती के लिए आफत बने हुए हैं। आए दिन कोई न कोई एस्ट्रॉयड धरती के आस-पास मंडराता रहता है। आज फिर 2 विशालकाय चट्टानें धरती के चारों ओर मंडरा रही थीं, जिन पर अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा अपनी कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रपल्शन लैब से नजर रख रही थी। गुरुवार अल सुबह दोनों एस्ट्रॉयड धरती के काफी करीब से गुजरे। इन एस्ट्रॉयड के नाम 2024 YW9 और 2024 PT5 थे, जिन्हें लेकर नासा ने अलर्ट भी जारी किए थे और अब जब यह धरती को क्रॉस करके आगे निकल चुके हैं तो अब इनके धरती के लिए खतरा बनने के पूर्वानुमान पर विराम लग गया है, क्योंकि धरती अब सुरक्षित है, दोनों एस्ट्रॉयड की दिशा बदल गई थी और वे धरती के पास से आराम से निकल गए। एस्ट्रॉयड 2024 YW9 का व्यास करीब 60 फीट था और इसका साइज एक घर जितना था। यह 28165 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती की ओर बढ़ रहा था। 9 जनवरी 2025 की सुबह करीब 4 बजकर 10 मिनट पर यह धरती के पास से गुजरा। धरती से इसकी दूरी 1040000 किलोमीटर थी। वैसे तो यह काफी दूर था, लेकिन अगर दिशा बदलती तो एस्ट्रॉयड धरती से टकराकर तबाही मचा सकता था। दूसरे एस्ट्रॉयड 2024 PT5 की बात करें तो इसका व्यास सिर्फ 36 फीट था। यह एक बस के साइज का था और 3691 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के आस-पास मंडरा रहा था। यह धरती से 1800000 किलोमीटर (1.1 मिलियन दूर) था और यह धरती के पास से सुबह करीब 7:41 बजे गुजरा। रिपोर्ट के अनुसार, साइज, स्पीड और दूरी के कारण दोनों एस्ट्रॉयड धरती के लिए खतरा नहीं थे। नासा का मानना है कि 150 मीटर व्यास से बड़े एस्ट्रॉयड धरती के लिए खतरनाक हो सकते हैं। इससे कम व्यास वाले एस्ट्रॉयड तब तक धरती के लिए खतरा नहीं, जब तक सौर तूफान इनकी दिशा न बदलें। नासा नियर अर्थ ऑब्जेक्ट्स (NEO) का पता लगाने और उन्हें ट्रैक करने के लिए दूरबीनों के एक नेटवर्क का इस्तेमाल करता है। कैटालिना स्काई सर्वे और NEOWISE जैसी वेधशालाएं इन चीजों की पहचान करती है और इनसे होने वाले खतरे से दुनिया को अलर्ट करती है।

## हमारे तीन पड़ोसियों में घमासान

# सनक या सोची-समझी सियासत



संजय श्रीवास्तव

हाल की घटनाओं पर नज़र डालें तो लगता है कि दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलने वाले हैं। भारत के लिए आखिर इस सबका क्या मतलब है? क्या अफगानिस्तान-पाकिस्तान हमारे हित में हैं? इसके साथ ही बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों के क्या मायने हैं? अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में जो कुछ भी घटित हो रहा है, उसको देखकर एकबारगी लग सकता है कि यह एक सनक भरी सियासती कवायदों के सिवा कुछ नहीं। जिस तालिबान शासन के आने के लिए पाकिस्तान ने अपने आका अमेरिका को धोखा दिया, हर तरह की कोशिशें की, धतकर्म किए आज वह उसी को नेस्तनाबूद करने की कसम खा रहा है। खुद कंगाली के कगार पर है और बांग्लादेश को भाई बताकर उसकी सहायता के लिए दौड़ रहा है। जिस पाकिस्तान के लिए अफगानी लड़ाकों ने अमेरिकी कैद में मारक यातनाएं भुगतीं आज वे उसी इस्लामी देश की जान के दुश्मन बन बैठे हैं। जिस बांग्लादेश का जन्म भारत की वजह से हुआ जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, खाद्यान्न तक के लिए भारत का मुखापेक्षी है, वह यह जानते हुए कि भारत जैसा सहृदय पड़ोसी असंभव है, साथ ही यह भी कि भारत से लड़ने की उसकी कहीं से कोई औकात नहीं, फिर भी रार ठान रहा है। बांग्लादेश में कट्टरवाद का उठता सर अगर नीचे नहीं होता, इस्लामिक गणराज्य बनाने की कोशिश जारी रहती है तो इसी महीने ट्रम्प के शासन में आते ही बांग्लादेश को क्या झेलना पड़ सकता है, इस सच्चाई को जानते बूझते भी वह यदि चीन से गलबहियां करने की फिराक में दिखता है तो इसे कौन सी कूटनीति कहेंगे?

- इमेज

डूरंड लाइन को न मान्यता देना उसके नजरिए से सही है पर अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान से इस तरह खुला पंगा लेना उसकी सेहत के लिए बहुत मुफीद नहीं। पाकिस्तान भले ही भारत से बदला लेने की ताक में बांग्लादेश से हाथ मिला रहा हो पर दूरगामी तौरपर उसके लिए कहीं से फायदेमंद नहीं। और रहा बांग्लादेश तो उसकी भारत से सीधे टक्कर लेने की हिमाकत करना हाराकीरी ही है। बेशक एकबारगी यह सब अदूरदर्शिता पूर्ण हरकतें कूटनीतिक नासमझी लगें पर दरअसल इसके भू-राजनीतिक निहितार्थ गहरे हैं और ये सभी भारत पर असर डालने वाले हैं। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने अपनी सेना से युद्ध की स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन भारत यूनुस के बयान पर कह सकता है कि मैं नहीं तो कौन...? बांग्लादेश आखिर किससे युद्ध लड़ने जा रहा है, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका या भूटान से? यूनुस यदि पाकिस्तान के दोस्त तुर्किये की कंपनी ओटोकार से 26 टैंक खरीदने की बात कर रहे हैं तो किसके लिए? तीन तरफ से भारत से घिरे बांग्लादेश जिसके दक्षिण में बंगाल की खाड़ी है, टैंकों का इस्तेमाल जमीनी लड़ाई में होना है तो वह जमीन किसकी होगी? पाकिस्तानी प्रधानमंत्री दो बार बांग्लादेश के कार्यकारी प्रमुख मोहम्मद यूनुस से मुलाकात कर चुके हैं। अब अगले महीने के पहले हफ्ते में 12 साल बाद पहली बार पाकिस्तानी विदेश मंत्री बांग्लादेश पहुंच दोनों देशों के रिश्ते सुधारने पर बात करेंगे। साल 2012 में हिना रब्बानी खार के बाद अब वहां पहुंचने वाले इशहाक डार के बारे में अंदेशा है कि वे बांग्लादेशियों का दिल जीतने के लिए 1971 की घटना के लिए खुली माफी मांगेंगे और भारत विरोधी अपने छिपे एजेंड़े को धार देंगे। डेढ़ दशक पूर्व पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश से पूर्वोत्तर में आतंकी कारनामों को अंजाम दे रहा था, जिसे शेख हसीना ने बंद करवाया था। अब उनके जाने के बाद ये मंसूबे फिर से जाग चुके हैं। 1971 के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच समुद्री मार्ग संपर्क सीमित था, इधर दोनों देशों के बीच समुद्री संपर्क और सैन्य संबंध मजबूत हो रहे हैं। अगले महीने से पाकिस्तान बांग्लादेशी सेना को प्रशिक्षण देना आरंभ करेगा। उधर बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ मिलकर कराची बंदरगाह पर





'अमन 2025' संयुक्त नौसैनिक युद्धाभ्यास करने वाला है। बांग्लादेश में पाकिस्तानी नेता और उसकी सेना की इस सक्रियता के दूरंदेशी मंसूबे हैं। पाकिस्तान की मंशा है कि प्रशिक्षण के बहाने पाकिस्तानी और बांग्लादेशी सेना नजदीक आए, पाकिस्तान अपनी विचारधारा को उनके भीतर फैला सके, बांग्लादेशी सेना जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर अभी पाकिस्तान विरोधी थे, वह कट्टर भारत विरोध के रंग में रंग जाए। सत्ता परिवर्तन के बाद जमात और अवामी लीग विरोधी ताकतें बांग्लादेश में मजबूत हुई हैं, जिसके चलते बांग्लादेश का पाकिस्तान के क़रीब जाना स्वाभाविक है; क्योंकि इनसे जुड़ बड़ा वर्ग पाकिस्तानपरस्त है और वह उससे अलग होना नहीं चाहता। इशहाक डार का एजेंडा है कि बांग्लादेश की सेना, सत्ता और जनता तक में घोर भारत विरोध की भावना जगे। शेख हसीना के जाने के बाद इस काम को अंजाम देने का बेहतर मौका है सो वे अपने इसी एजेंडे को अंजाम देंगे। बांग्लादेशी अंतरिम सरकार ने पाकिस्तानी पर्यटकों के लिए वीजा के नियम आसान करने के साथ तय किया कि वहां से आने वाले सामानों की जांच न हो। साफ है कि बांग्लादेश में बरास्ता पाकिस्तान हथियार और विस्फोटक पहुंचेंगे। यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने तमाम इस्लामिक विद्रोहियों-आतंकियों रिहा किया है, इनके संपर्क पहले से ही पाकिस्तानी आतंकियों और म्यांमार विद्रोहियों से थे। बहुत मुमकिन है इन विद्रोही समूहों और अब बेहद आसानी से बांग्लादेश आ सकने वाले पाकिस्तानी आतंकियों तक ये हथियार पहुंचेंगे तो उनका इस्तेमाल भारत के विरुद्ध ही होगा क्योंकि बांग्लादेश से भारत में प्रवेश पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ के मुकाबले आसान होगा। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान भारत पर यह बेबुनियाद आरोप चस्पां कर रहा है कि भारत तालिबान को पाकिस्तान के खिलाफ उकसा रहा है और सामरिक मदद कर रहा है। बहुत से विश्लेषक यह मानने लगेंगे कि इसी आधार पर पाकिस्तान बांग्लादेश के बहाने अपना बदला ले रहा है। यह बात किंचित सत्य हो भी पर सही तो यह है कि पाकिस्तान के मंसूबे इससे बहुत दूरगामी और गहरे हैं। वह अपनी इन कोशिशों से भारत के सामरिक हितों और क्षेत्रीय स्थिरता को दूर तक प्रभावित करने के प्रयास में है। हालांकि भारत को अस्थिर करने की इस साजिश को कामयाबी मिलना मुमकिन नहीं; क्योंकि पाकिस्तान जिस घोड़े पर सवारी कर रह है, वह उतना भी मजबूत नहीं। दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन के बदलने के संकेतों के साथ मोहम्मद यूनुस चीन के साथ संतुलन साध रहे हैं।

## पंचांग

10 जनवरी 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - शिशिर |
| • माह | - पौष |
| • पक्ष | - शुक्ल |
| • तिथि | - एकादशी 10.21 तक |
| • वार | - शुक्रवार |
| • नक्षत्र | - कृतिका 13.46 तक |
| • योग | - शुभ 14.37 तक |
| • करण | - बव 21.21 तक |
| • सूर्योदय | - 07.15 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.16 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 07.27 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.09 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - वृषभ |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.23 से 13.08 |
| • राहु काल | - 11.23 से 12.45 |
| • व्रत, त्यौहार | - पुत्रदा एकादशी (छाछ), भद्रा 10.21 तक, सूर्य उत्तराषाढ़ा में 26.23 |
| • दिशा शूल | - पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

# सिग्नेचर चंद लाइनें नहीं, इससे पता चलता इंसान का व्यक्तित्व

हमारे जीवन में सिग्नेचर का एक खास स्थान है. यह न सिर्फ हमारी पहचान को दर्शाता है, बल्कि यह हमारी सोच, व्यक्तित्व और मानसिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। बहुत से लोग अपने सिग्नेचर के नीचे एक लाइन खींचते हैं, लेकिन क्या यह सही है? क्या इस आदत का हमारे जीवन पर कोई प्रभाव पड़ता है? क्या होगा अगर हम अपने सिग्नेचर के नीचे लाइन खींचेंगे तो?

सिग्नेचर के नीचे लाइन खींचने के फायदे और नुकसान
सिग्नेचर के नीचे लाइन खींचने की आदत कई सालों से प्रचलित है, लेकिन क्या यह सही है? वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर आप सिग्नेचर के नीचे लाइन खींचते हैं, तो यह उस लाइन के आकार और दिशा पर निर्भर करता है कि यह आपके जीवन पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

**लाइन की लंबाई और दिशा :** यदि आप सिग्नेचर के नीचे लंबी और सीधी लाइन खींचते हैं, तो यह आपके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, लाइन सिग्नेचर से बड़ी होनी चाहिए और सीधी, बिना मुड़ी हुई होनी चाहिए। अगर यह लाइन आपके हस्ताक्षर से छोटी या घुमावदार है, तो यह आपके जीवन में उलझन और रुकावट का कारण बन सकती है।

**एक से अधिक लाइन न खींचें :** कई लोग सिग्नेचर के नीचे एक से अधिक लाइनें खींचते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में इसे शुभ नहीं माना जाता। जब अधिक लाइनें खींची जाती हैं, तो यह मानसिक भ्रम और उलझनों को जन्म देती हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति सही निर्णय नहीं ले पाता और जीवन में कई बार रुकावटें आती हैं।

**तरक्की पर असर :** अगर सिग्नेचर के नीचे लाइन काटती है या उसमें कोई मोड़ आता है, तो इसे वास्तु शास्त्र में अच्छा नहीं माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि व्यक्ति की तरक्की रुक सकती है। लाइन को सीधे और बिना किसी मोड़ के खींचना चाहिए ताकि जीवन में बाधाएं न आएं और सफलता का मार्ग साफ रहे।

**क्या यह आदत आपके लिए फायदेमंद है?**
वास्तु शास्त्र के अनुसार, सिग्नेचर में कोई भी बदलाव, जैसे लाइन खींचना, तब तक फायदेमंद हो सकता है जब तक आप इसे सही तरीके से करते हैं। यदि लाइन बहुत छोटी, घुमावदार या उलझी हुई हो, तो यह जीवन में समस्याओं का कारण बन सकती है। इसलिए, सिग्नेचर के नीचे एक सीधी और लंबी लाइन ही खींचें। इस तरह लाइन खींचने से आत्मविश्वास और सफलता में वृद्धि हो सकती है।

## तारीख विशेष

# सुचित्रा भट्टाचार्य

सुचित्रा भट्टाचार्य का जन्म 10 जनवरी 1950 को भागलपुर, बिहार में हुआ था। उनमें बचपन से ही लिखने में रुचि थी। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध जोगमाया देवी कॉलेज, कोलकाता से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। स्नातक होने के बाद उन्होंने शादी कर ली और लेखन से आराम ले लिया। वह सत्तर के दशक के अंत में छोटी कहानियों में लेखन के साथ लौटीं। उन्होंने अस्सी के दशक के मध्य में उपन्यास लिखना शुरू किया। एक दशक के भीतर, वे बंगाल के प्रमुख लेखकों में से एक बन गई। 12 मई 2015 को, ढकुरिया, कोलकाता में स्थित उनके निज निवास में हृदयाघात की वजह से उनका निधन हो गया।



पिछले दो दशकों में, सुचित्रा ने विभिन्न प्रमुख बंगाली साहित्यिक पत्रिकाओं में लगभग 24 उपन्यास और बड़ी संख्या में लघु कहानियां लिखी थीं। उनके उपन्यासों और लघु कथाओं का हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उड़िया, मराठी, गुजराती, पंजाबी और अंग्रेजी जैसी कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। वार्षिक "आनंदमाला" में काल्पनिक चरित्र "मितिन मासी" के साथ जासूसी उपन्यासों की एक श्रृंखला लिखी है। उनके उपन्यास दहन को बंगाली निर्देशक दिवंगत रितुपर्णो घोष द्वारा एक फिल्म (क्रॉसफ़ायर, 1997) में बनाया गया था, जोकि एक बलात्कार पीड़िता के कठिन परीक्षा और आघात पर आधारित थी। "इचर गाच": इस लघु कहानी ने शिबोप्रासाद मुखर्जी और नंदिता रॉय द्वारा निर्देशित एक पूर्ण लंबाई वाली फीचर फिल्म 'इक्के' (एक मां-बेटे के रिश्ते की एक स्तरित पठन) को भी प्रेरित किया। सुचित्रा को कई पुरस्कार मिले, जिसमें 2004 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से भुवन मोहिनी पदक, 1996 में बैंगलोर से नंजनगुड्ड थिरुमलम्बा राष्ट्रीय पुरस्कार, दिल्ली से 1997 कथा पुरस्कार, कोलकाता से 2000 में ताराशंकर पुरस्कार, 2001 में कल्याणी से द्विजेंद्रलाल पुरस्कार शामिल हैं।

## जनवरी 2025 से शुरु प्रयागराज महाकुंभ पर विशेष

# अलौकिक आध्यात्म का रोमांचक आख्यान

लोकमित्र गौतम

अगर आपने बचपन से ही महाकुंभ के किस्से सुनने के आदी रहे हैं, तो यकीन मानिये पहली बार जब आप महाकुंभ के विहंगम दृश्य से दोचार होंगे, तो स्तब्ध रह जाएंगे। मैंने महाकुंभ पर अमरीकी लेखक मार्क ट्वेन की यह टिप्पणी पहली बार कुंभ का औचक एहसास करने के बाद पढ़ी थी, इसलिए मैं दंग रह गया था कि यह शब्दशः बिल्कुल वैसी ही टिप्पणी थी, जैसी कि मैंने पहली बार 22 साल की उम्र में महाकुंभ से दोचार होने के बाद महसूस की थी। मीलों तक भगवा वसनों में लिपटे साधु संतों की कतारें, प्रतिध्वनि का एहसास कराते उनके मंत्रोच्चार, जहां तक नजरें देख सकती हैं, वहां तक जन सैलाब, यह एक ऐसा लैंडस्केप होता है, जो कुंभ के अलावा आप कहीं नहीं देख सकते।

शायद यही वजह है कि जितने भी विदेशी लेखकों, सैलानियों और विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तित्वों ने कुंभ को देखा है, उनके लिए इसका वर्णन अनिवर्चनीय सा रहा है। इसमें शामिल हुए हैं तो उनकी स्थिति इसका वर्णन न कर पाने वाली रही है।

ह्वेनसांग जैसा बेहद तटस्थ यात्री जिसने पहली बार 7वीं शताब्दी में भारत का विस्तार से 'फर्स्ट हैंड एकाउंट' दर्ज किया था। वह बेहद तटस्थ और किसी चीज के वर्णन के दौरान भावनाओं को काबू में रखने वाला इतिहासकार भी महाकुंभ को देखकर अचंभित और अभिभूत रह गया था। उसने लिखा है कि धार्मिक भक्ति का यह आयोजन अद्वितीय है। अमरीकी कवि और लेखक एलन गिंसबर्ग ने महाकुंभ के अनुभव को व्यक्त न किया जा सकने वाला अद्वितीय अनुभव बताया है। वह कहते हैं इससे भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का एहसास किया जा सकता है। मार्क ट्वेन तो पत्रकार भी थे और वह किसी चीज का महिमामंडन करने से बचते थे। अपनी संतुलित रिपोर्टों के लिए जाने जाने वाले मार्क ट्वेन ने महाकुंभ को लेकर लिखा है, 'इसमें बिना किसी दिखावे के आध्यात्मिक उद्देश्य से जितनी विशाल संख्या में लोग आते हैं, वह आश्चर्यचकित करती है।' शायद महाकुंभ इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को पराकाष्ठा की हद तक झकझोर देने वाला अनुभव होता है। यही कारण है कि एक सामान्य हिंदू बचपन से ही जिसके कानों में महाकुंभ के किस्सों की लंबी स्मृतियां मौजूद होती हैं, वह जब पहली बार साक्षात कुंभ से दोचार होता है तो उसकी विराटता और भव्यता को देखकर रोमांच से अभिभूत हो जाता है, तब वह इस पर कोई टिप्पणी कर सकने की स्थिति में नहीं रहता। महाकुंभ सचमुच बेहद गहन और अद्वितीय अनुभव है। पहली बार महाकुंभ को अपनी आंखों से देखने वाला कोई उससे पहले, उतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी होती और वह भी बिल्कुल ठहरी हुई, बिना किसी उग्रता, बिना किसी बेचैनी के श्रद्धा और भक्ति में डूबी हुई। खासकर जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है, तो वह भावनाओं को तो आह्लादित करता ही है, आंखों को भी आश्चर्य में फैल जाने को मजबूर कर देता है। महाकुंभ का वातावरण इतना भाव और भक्तिपूर्ण, आध्यात्मिकता से ओतप्रोत होता है कि उसके वर्णन के लिए ठीक ठीक शब्द नहीं मिलते। बस आप भावनाओं की दिव्यता और भव्यता से पुलकितभर होते रहते हैं। अगर कहें कि ये दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला है तो यह इसको पूरी तरह से नहीं व्यक्त करेगा। यह इतनी किस्म की भावनाओं का विशाल सम्मेलन है कि जहां सही मायनों में कोई एक एहसास ही नहीं रहता। दिव्यता, भव्यता और भक्ति सब कुछ इस एहसास के सामने फीका पड़ जाता है। जब आप पहली बार कुंभ में डुबकी लगाते हैं, तो पता नहीं वह कौन सा ऐसा मनोविज्ञान है कि आप बेहद हल्कापन का एहसास करते हैं। लगता है वाकई शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। कुंभ में स्नान करते ही मन और शरीर एक अलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से भर जाता है। महाकुंभ के दौरान आंखों के अनंत छोर तक साधु संतों को देखना, उनके स्थिरप्रज्ञ वचनों को सुनना, जीवन को विराट रहस्य से भर देता है। सामूहिकता का इससे बड़ा एहसास शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो, जितना बड़ा एहसास महाकुंभ में होता है। लगता है महाकुंभ में धर्म और प्रकृति आपस में घुल मिल गये हों। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था। इसका तो पता नहीं पर महाकुंभ की भीड़ में आध्यात्मिकता का एक अदृश्य सुरूर का एहसास होता है। शायद यही वजह है कि हर 12 साल बाद हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में लगने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए दुनिया के कोने कोने से करोड़ों हिंदू तो आते ही हैं, अब लगातार उन विदेशी पर्यटकों की संख्या भी हर गुजरते साल के साथ बढ़ती जा रही है, जो धर्म से ज्यादा इसमें आध्यात्मिकता के पुलकभरे एहसास को महसूस करने के लिए आते हैं।

हालांकि बिल्कुल तथ्यात्मक ढंग से यह कह पाना मुश्किल है कि महाकुंभ की शुरुआत कब हुई? अगर इसके प्रस्थान किसी विंदु का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है, तो वह यह है कि हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में जो समुद्र मंथन की कथा मिलती है, उसी मंथन से निकले अमृत कलश को,दैत्यों से बचाने के लिए जब देवता लेकर आकाश मार्ग से भागते हैं तो छीना-झपटी में जिन चार जगहों में अमृत की बूँदें टपक गयी थीं,उन्हीं जगहों पर हर 12 साल बाद पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। ये चार जगहें हैं- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। जहां तक महाकुंभ के उल्लेख की बात है तो इसका उल्लेख कई हिंदू धर्म ग्रन्थों में मिलता है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण, रामायण और महाभारत में कुंभ का वर्णन मिलता है। इससे इतना तो तय है कि कम से कम पांच हजार सालों से तो आध्यात्म का यह मेला निरंतर आयोजित हो रहा है। लेकिन इतने साल होने के बावजूद इसका आकर्षण जरा भी फीका नहीं पड़ा। कुंभ का जादू आज भी उतना ही पुरकशिश है, जैसे जादू के बारे में हम सदियों से लोगों से सुनते आ रहे हैं। शायद इसीलिए सनातन परंपरा का यह आध्यात्मिक आख्यान जिसे हम महाकुंभ कहते हैं, चिर नूतन है।

(लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं)

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



## गीता सार

इन्द्रियस्येन्द्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ ॥ (34)

भावार्थ :
सभी इन्द्रियां और इन्द्रियों के विषयों के प्रति आसक्ति (राग) और विरक्ति (द्वेष) नियमों के अधीन स्थित होती है, मनुष्य को इनके आधीन नहीं होना चाहिए, क्योंकि दोनो ही आत्म-साक्षात्कार के पथ में अवरोध उत्पन्न करने वाले हैं।

## बोले तो...



दिग्विजय सिंह ने अपना पूरा जीवन मेरे आदरणीय पिता और मुझे टारगेट करने में बिताया है। मैं जब भी उनसे मिलता हूं, आज भी उनका अभिवादन करता हूं। कोई भी अपनी विचारधारा के अनुसार अपनी सीमाएं तय कर सकता है। मेरी विचारधारा लोगों की सेवा करना है। यही मेरा लक्ष्य है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया



वैश्वीकरण के दौर में, हर गुजरते साल के साथ प्रवासी समुदाय का महत्व बढ़ता जा रहा है, चाहे प्रौद्योगिकी हो, सर्वोत्तम कार्यप्रणाली हो या संसाधन, चाहे पर्यटन हो, व्यापार हो या निवेश, दोनों तरफ से प्रयास जरूरी है क्योंकि हम वैश्विक श्रमबल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

- डा. एस जयशंकर



विपक्ष एकजुट नहीं है, इसलिए इंडिया ब्लॉक को भंग कर देना चाहिए। आप और कांग्रेस दोनों ही इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं लेकिन दोनों पार्टियां दिल्ली चुनाव अलग-अलग लड़ रही हैं। बात सिर्फ यहीं तक खत्म नहीं होती, ये दोनों पार्टियां एक दूसरे जमकर छीटाकशी भी कर रही हैं।

- उमर अब्दुल्ला

## कुछ अलग | अजब गजब

# मोबाइल से दूरी-संस्कार हैं जरूरी, मोबाइल की लत से कोसों दूर राजस्थान के ये बच्चे

एक तरफ देश का हर दूसरा विद्यार्थी मोबाइल की लत फंसा है और रियल लाइफ से ज्यादा बच्चे और युवा रील लाइफ में अटके हुए हैं। लेकिन इस दौर से परे भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे बाड़मेर में एक जगह ऐसी भी है, जहां सैकड़ों विद्यार्थी अपने घर से कई किलोमीटर दूर बिना मोबाइल के रह रहे हैं। सोशल मीडिया के इस युग में विद्यार्थियों के पास डायवर्सन के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं।

आजकल स्टूडेंट का मोबाइल स्क्रीन टाइम बढ़ता ही जा रहा है। यह भी देखा जा रहा है कि मोबाइल, सोशल मीडिया, वीडियो गेम के कारण बहुत सारे इंटेलिजेंट विद्यार्थी भी समय के साथ डायवर्ट होकर पिछड़ जाते हैं। सरहदी बाड़मेर के कलाम आश्रम का प्रत्येक कैंपस मोबाइल फ्री है। कैंपस में जगह-जगह लगे टेलीफोन बूथ पर स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर विद्यार्थी अपने



अभिभावकों से जब चाहे, तब बात कर सकते हैं।

**एक छत के नीचे रहना-** अलसुबह 6 बजे से रात के 11 बजे तक बाड़मेर के कलाम आश्रम में विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई से खाने-पीने की सारी व्यवस्था एक छत के नीचे ही है। विद्यार्थियों के लिए सब सुविधाएं हैं। बस यहां का एक ध्येय वाक्य है, जिस पर पूरे कलाम आश्रम का प्रशासन और विद्यार्थी का मत है और वह है पढ़ाई जरूरी, बस मोबाइल से दूरी। कलाम आश्रम में बॉयज हॉस्टल में 6 और गर्ल्स हॉस्टल में 4 बेसिक फोन लगे हैं। इस फोन से बच्चे सप्ताह में एक मर्तबा अपने अभिभावकों से बात करते हैं। बच्चों के पहले से तय तीन नंबर से ही वह बात कर सकते हैं। घरवालों को अगर कोई काम हो, तो वह खुद बच्चों से सीधे संपर्क नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इनके बेसिक फोन पर इनकमिंग की सुविधा नहीं है। कलाम आश्रम में पढ़ने वाले रीना व पंकज बताते हैं कि इससे उन्हें पढ़ाई में डिस्टर्ब नहीं होता है। उनका जब मन होता है, तब वह बात कर सकते हैं।

**रील से रीयल लाइफ**
वहीं छात्र विकास के मुताबिक, मोबाइल फ्री कैम्पस होने से विद्यार्थियों में रील के बजाय रीयल लाइफ में पढ़ाई की ओर अग्रसर होने का मौका रहता है। कलाम आश्रम के सीईओ डा. भरत सारण के मुताबिक, उनका एक ही ध्येय वाक्य है- 'मोबाइल से दूरी, संस्कार है जरूरी', के तहत कैम्पस को मोबाइल फ्री रखा गया है। इससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति लग्न बढ़ेगी।

## पाठक पाती

# वैधव्य से मिले मुक्ति

'मेरे बेरंग सूने संसार का रंगों से क्या वास्ता'
उपरोक्त वाक्य या तो हमारे देश की हर उस अभागिन जिसका पति इस दुनिया में नहीं है अर्थात् एक विधवा स्त्री के जेहन में विराजमान एक सुनिश्चित वाक्य है जो समाज का अधिकांश वर्ग उस असहाय स्त्री के मुंह से सुनना चाहता है या फिर तकदीर की मारी विधवा स्त्री विवश होकर खुद ही इन मनहूस शब्दों को अपने ऊपर ओढ़ लेती है। विधवा होना कोई पाप नहीं है, यह तो एक दुर्भाग्य है जिसकी अनुभूति जीवन भर साथ लेकर चलना मुश्किल है। समाज में अक्सर कहा जाता है कि बहू, बेटी की तरह होती है। बेटी तो विवाह के बाद विदा हो जाती है परंतु बहू तो घर में ही ही रहती है। कई बार ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है, जब घर की रौनक रहने वाली बहू का श्रृंगार उतर जाता है। कपड़ों की रंगीनियत उतर जाती है और उन्हें वैधव्य का चोला पहनना पड़ जाता है। यह क्षण एक स्त्री के लिए बेहद ही दुःखद होता है।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# हर मंदिर-हर घर में कल जलेंगे दीप, 22 को होगी त्रिशूल दीक्षा

## ▶ रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ एवं त्रिशुल दीक्षा आयोजन की तैयारियां जोरों पर





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शन में सर्व सनातन समाज की ओर से शनिवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव के रूप में हर घर-हर मंदिर पर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ निकटम मंदिरों को फूलों सहित विभिन्न तरीकों से सजाया जाएगा।

इस मौके पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ व भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। 22 जनवरी को सिरोही शहर में विराट त्रिशूल दीक्षा आयोजन होगा। इसे लेकर सिरोही प्रखंड के नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बैठकों का दौर प्रारंभ हो चुका है। विहिप जिला सह मीडिया प्रमुख संजयकुमार वर्मा के अनुसार 11 जनवरी एवं 22 जनवरी को पूरे जिले में कायक्रम होंगे। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी को तिथि के हिसाब से है, इसे लेकर आयोजन होंगे। 22 जनवरी को सिरोही शहर में राम झरोखा मैदान में 21 सौ से अधिक दीक्षार्थी त्रिशूल धारण करेंगे। मातृशक्ति भी भाग लेंगी। कार्य म को बेहतर बनाने विहिप कार्यकर्ता सभी की सहभागिता तय करने आमंत्रित करने में जुटे है। शहर में छीपाओली, आर्य समाज रोड, कुम्हारवाड़ा, नयावास, घांचीवाड़ा, बालाजी, भाटकड़ा, संतोषी माता, हाउसिंग बोर्ड, शाहजी की वाड़ी, टांकारिया, बड़ी ब्रह्मपुरी, छोटी ब्रह्मपुरी, मोचीवाड़ा, सुनारवाड़ा, राठौड़ लाइन सहित विभिन्न बस्तियों में बैठकों का दौर जारी है। विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली की अगुवाई में रात्रि बैठक में पत्रक का विमोचन किया गया। कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष के अनुसार त्रिशूल दीक्षा धारण करने के लिए दीक्षार्थियों के रजिस्ट्रेशन जारी है। इसके लिए विहिप, बजरंग दल, एवं दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं को कूपन बुक वितरित की गई है। इस अवसर पर हिमांशु पुरोहित, राजेंद्रसिंह परमार, प्रशांतसिंह, प्रकाश सेन, कपिल त्रिवेदी, मदनलाल सेन, रोहितकुमार, विकासकुमार, इंद्रा खत्री, पिंकी राजपुरोहित सहित दुर्गा वाहिनी व विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कालिका टीम ने दी राज कोप सिटीजन एप की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पुलिस की ओर से गठित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट टीम द्वारा पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को उनकी सुरक्षा को लेकर बने राजकोप सिटीजन एप की जानकारी दी। बालिकाओं व महिला स्टाफ को एप डाउनलोड करवा कर एप की उपयोगिता बताई।प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री एवं व्यवस्था प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक अनिलकुमार द्वारा गठित कालिका पेट्रोलिंग महिला पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं व महिला स्टाफ को संकटकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित करने हेतु राजकोट सिटीजन एप से मदद लेने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम की महिला कांस्टेबल इंदिरा, रुक्मण, नौरंगी, बसंती ने फोटो वीडियो बनाकर शेयर करने की जानकारी भी दी। कार्य म में उप प्रधानाचार्य नरेंद्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान, वर्षा त्रिवेदी, प्रतिभा आर्य, लताकिरण बंसल, रीना कोटेसा, शर्मिला डाबी, ममता कोठारी, चंद्रकिरण सीरवी भी मौजूद थे।

# इंडो-नेपाल चैम्पियनशिप में जीते मेडल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वास दत्ताणी।** स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रोमोशन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आठवीं इंडो नेपाल चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीते है।कोच भरत कोली के अनुसार किक बॉक्सिंग में नरेश बंजारा पुत्र किशनराम भाट पिण्डवाड़ा, हैंडबॉल में नीलेश चौधरी ने, एथलेटिक में अर्जुन मेघवाल पुत्र दरगाराम ने 3 हजार मीटर दौड़ (9.30 मिनट), सिरोही से लताकुमारी पुत्री भूदाराम ने 400 मीटर दौड़ मे एवं भावनाकुमारी पुत्री कन्हैयालाल ने ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल जीते। इसी तरह राधाकुमारी पुत्री जीवाराम ने बैडमिंटन में सिल्वर मेडला जीता। प्रतियोगिता में राजस्थान से 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन खिलाड़ियों के साथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रोमोशन फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेकेट्री सतीश राणा, टूर्नामेंट नोडल अधिकारी सोनेपाल बघेल, राजस्थान ज्वाइंट सेकेट्री अनुज शर्मा व राजस्थान टीम कोच भरत कोली पुत्र प्रतापराम दत्ताणी-रेवदर मौजूद थे।

# भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत-अभिनंदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के दौरान विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत व बधाई का दौर जारी है।

**पोसालिया।** भाजपा संगठन के पोसालिया मंडल में प्रताप परमार दूसरी बार अध्यक्ष बने है। उनकी इस उपलब्धि पर कार्यकर्ताओं ने रामदेव मंदिर के बाहर ढोल ढमाकों के बीच माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी एवं संगठन नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पुखराज माली, पूर्व महामंत्री अमृत अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पालड़ी एम नरपतसिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा पुखराज, सिरोही जिला उपाध्यक्ष कुलदीपसिंह, हिम्मतमल परमार, वि म चौहान, हिम्मत दाना, महावीरसिंह, युगल चौहान, करुणाशंकर जोशी, रमेश माली, सेसाराम गर्ग, पदमाराम कुम्हार, किशोर खंडेलवाल, भोपालसिंह राव, शैतानसिंह देवड़ा राडबर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।





**मंडार।** भाजपा के मंडार मंडल अध्यक्ष पर अमराराम चौधरी को मनोनीत किया गया है। चौधरी के मंडल अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई एवं बधाई देते हुए माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुंह मिठा करवाया व जमकर आतिशबाजी भी की। अजयकुमार टांक ने बधाई देते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करने एवं सभी को साथ लेकर सि यता से पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समाजसेवी नरभाराम पुरोहित, नगाराम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रावतराम चौधरी, देवाराम पटेल, वरधाराम कोली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएमएचओ ने किया आबूरोड अस्पताल का निरीक्षण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही/आबूरोड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा राजेश कुमार ने जिले की चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने आबूरोड स्थित उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व कार्य मों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत संस्थान पर नियमानुसार दवाई का 3 महीने का स्टॉक रखने, मेडिकल बायो वेस्ट निस्तारण, संस्थान के वार्ड एवं परिसर में साफ सफाई रखने व स्टाफ को यूनिफॉम में समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। मरीजों को निशुल्क दी जाने वाली दवाइयों की पर्ची की एंट्री ऑनलाइन शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य चार जांच समय रहते आवश्यक रूप से करने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, गर्भवती महिला व बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करने एवं पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को मौसमी बीमारियों को देखते हुए आमजन को घरों व आसपास में साफ सफाई रखने व स्वच्छता का ध्यान रखने प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

# पेड़ से टकराई मोपेड, अधेड़ की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** निकटवर्ती भेव गांव में मौछाल रोड पर अनियंत्रित मोपेड के पेड़ से टकराने से अधेड़ की मौत हो गई। पालड़ी एम थाने के हैडकांस्टेबल वीरेंद्रसिंह डूडी के अनुसार भेव निवासी जवानाराम देवासी ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसके चाचा चोपाराम (62) पुत्र पाताराम देवासी टीवीएस मोपेड से जा रहे थे। मोछाल रोड पर अचानक मवेशी आने से मोपेड अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को शिवगंज जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# पेंशनधारी को मिली चंद मिनटों में राहत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलक्टर की तत्परता व सहृदयता के चलते एक दिव्यांग बालिका को पेंशन संबंधी मामले में तत्काल राहत मिल गई। पेंशनधारी सोनू राणा पुत्री राजूराम सिरोही का 80 प्रतिशत दिव्यांगता के चलते फिंगर प्रिंट के माध्यम से सत्यापन नहीं हो रहा था। इससे परेशान सोनू ने कलक्ट्रेट पहुंच जिला कलक्टर अल्पा चौधरी को अपनी समस्या से अवगत करवाया। इस पर जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र पुरोहित से बात कर प्रार्थी का सत्यापन करवाकर पुनः अवगत करवाने के निर्देश दिए। पुरोहित ने उपखंड अधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रार्थी का ओटीपी बेस्ड सत्यापन कराकर राहत पहुंचाई। पुरोहित ने बताया कि ऐसे पेंशनधारी जिनका सत्यापन फिंगर प्रिंट अथवा फेस एप के माध्यम से नहीं हो पाता है, व अपने स्वीकृतकर्ता अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त कर पेंशन आवेदन का सत्यापन करवा सकते है।

# अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत स्थानीय शिकायत समिति का गठन करने की पालना में जिला अधिकारी के रूप में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग एवं अधिकारों का निर्वहन करते हुए जिला सिरोही के लिए स्थानीय शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद के लिए आवेदन मांगे गए है। यह आवेदन 17 जनवरी को कार्यालय समय तक सदस्य सचिव स्थानीय शिकायत समिति-सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग में प्रस्तुत किए जा सकते है। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता अंकिता राजपुरोहित ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित/ उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला जिसे महिला संबंधी मुद्दों पर कार्य का अच्छा अनुभव हो, आवेदन कर सकती है। सदस्य पद (1) के लिए जिले के ब्लॉक/ तहसील/ वार्ड/नगर निगम/ नगरपालिका क्षेत्र में कार्यरत महिला, सदस्य पद (1) के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से नामांकित दो प्रतिनिधि जिनमें से एक महिला होना आवश्यक है, जिन्हें लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों पर विशेषज्ञता प्राप्त हो तथा इसमें से कोई सम्मिलित हो सकेगा। जिसमें समाज कार्य के क्षेत्र में कम से कम 5 साल के अनुभव वाला कोई सामाजिक कार्यकर्ता जो महिलाओं के सशक्तिकरण तथा विशेषता कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की समस्या को दूर करने के लिए अनुकूल सामाजिक परिस्थितियों का सृजन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। ऐसा व्यक्ति जिसे श्रम, रोजगार सिविल या दांडिक विधि में अर्हता प्राप्त है। इन दोनों में से कम से कम एक प्रतिनिधि अनुसूचित जाति/जनजाति/ अतिरिक्त पिछड़ा वर्ग/ अल्पसंख्यक समुदाय (समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित) की महिला होना आवश्यक है।

# वीबीवायएल डायलॉग को भाग्यश्री का चयन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में राजकीय महिला कॉलेज सिरोही की एमएससी छात्रा भाग्यश्री सिसोदिया का अंतिम चरण में चयन हो गया है। इससे पहले उन्होंने चार राउंड के लिखित व इंटरव्यू की बाधाओं को पार किया।वे अब राजस्थान के प्रतिनिधित्व के रुप में राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को दिल्ली में 'विकास की विरासत भी' विषय पर अपना विजन पीएम मोदी के सामने रखेगी। इससे पहले उन्हें दो दिन राजधानी दिल्ली भ्रमण कराया जाएगा। इससे पहले भी भाग्यश्री राज्य स्तर पर सिरोही जिले का प्रतिनिधित्व राजस्थान मिशन 2030 पर कर चुकी है। जिस पर उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा एक लाख का चेक देकर सम्मानित किया गया था।

## तीस हजार युवाओं में भाग्यश्री का चयन



*युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्य म का आयोजन 25 नवम्बर से किया गया था। यह विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्य म पुनर्कल्पित युवा महोत्सव है। जिसमें भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी प्रेरित करने की चार चरणों में प्रतियोगिता हुई। जिसमें राजस्थान के 30 हजार युवाओं ने भाग लिया था। उन सबके बीच अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर भाग्यश्री सिसोदिया सहित 45 युवा राष्ट्र स्तर पर चयनित होने में कामयाब रहे। सभी 45 युवाओं को दिल्ली में पीएम मोदी के समक्ष अपना विजन रखने का मौका मिलेगा।*

# महाविद्यालय में आयोजित की फ्रेशर्स पार्टी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में यूनिटी कार्य म के तहत फ्रेशरर्स पार्टी रखी गई।अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, डॉ. गायत्री प्रसाद, खेमराज चौधरी, प्रो. नरोत्तमकुमार मौजूद रहे। प्राचार्य शर्मा ने अपने कॉलेज के दिनों के अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण की राह बताई। डॉ. गायत्रीप्रसाद ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो. नरोत्तम कुमार द्वारा राजनीति विषय के चयन, महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्य म में मोनिका कुमारी, ममता कुमारी, निशा सुथार, हिनाकुमारी छीपा द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। फ्रेशरर्स के लिए एंटरटेनिंग गेम्स का आयोजन भी किया गया। मंच संचालन भवानीसिंह ने किया। एमए पूर्वार्द्ध विद्यार्थी द्वारा विचार व्यक्त किए गए।

# रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि, 171 यूनिट रक्त एकत्रित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, लायंस क्लब द्वारा केशव एच कुलकर्णी की समृति में रेलवे चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रोटरी इंटरनेशनल ग्लोबल हॉस्पिटल ब्लड बैंक के धर्मेन्द्रभाई व उनकी टीम ने रक्त संग्रहण किया। प्रभा जोशी, पिंकी चौधरी, मोनालिसा, डिम्पल, शोभा, मधु बरोटिया, प्रियंका पटेल, हिमानी शर्मा समेत 171 लोगों ने रक्तदान किया। 198 लोगो का पंजीकरण करवाया। रक्तदान शिविर में वरि मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल गौरव राखेचा, सहायक चिकित्सा अधिकारी वत्सल श्रॉफ, सीएमएचओ राजेश कुमार, एसएचओ जीआरपी मनोजकुमार, संघ के अध्यक्ष सुभाष जोशी, एतेंद्र कुमार, सचिव सुधीर जोशी, नरेश सैनी, सुनील शुक्ला, इंद्र सेन, गोविन्द ओझा, क्लब के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, विशाल गोयल, डॉ. एमपी बंसल, प्रदीप मित्तल आदि उपस्थित थे।

# भगवान से प्रीति ही भागवत का सारांश : सागर

## ▶ शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का आगाज

## ▶ प्रथमेश गार्डन पर होगा कथा आयोजन







जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा का गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।आयोजन समिति के प्रवक्ता ओंकारसिंह उदावत के अनुसार सवेरे दस बजे राम झरोखा मैदान से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में मुख्य यजमान परिवार महेंद्रपाल सिंह, नरेंद्रपाल सिंह एवं विजयपाल सिंह सहित कथावाचक संतोष सागर महाराज, संत पागल बाबा, संत तीरथगिरी, संत भजनाराम, संत रामाज्ञा दास सहित 21 साधु संन्यासियों का सानिध्य रहा। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए प्रथमेश गार्डन पहुंच विसर्जित हुई। दोपहर 1.30 बजे कथा का शुभारंभ करते हुए संतोष सागर ने कहा कि भगवान से प्रीति ही भागवत का सारांश है। भागवत कथा प्रभु की वाणी है। भागवत का प्राकट्य अमृत से भी मूल्यवान है एवं भागवत कथा स्वयं को जानने का माध्यम है। मंगला चरण के प्रथम श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे ! तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नमः। भगवान का कहना है कि उसके भक्त हरिनाम का गायन करते है वहीं वे निवास करते है। भागवत कथा पुण्य भूमि में एवं पित्रों की कृपा से ही संभव होती है। भागवत ज्ञान गंगा हमारे मन के मैल को धोती है व्यक्ति मर कर भी तर जाता है। भागवत प्रत्यक्ष कृष्ण का स्वरूप है। कलयुग में ज्ञान एवं वैराग्य युक्त भक्ति की महिमा बताते हुए करणीय एवं अकरणीय कार्यों को विस्तार से बताया। मनुष्य शरीर मिलना दुर्लभ है और उससे भी दुर्लभ है सत्संग और कथा का मिलना। मकर सं ांति के पावन अवसर पर मल मास में सिरोही नगरवासियों को कथा का रस का स्वादन हो रहा है, यह प्रभु कृपा ही है।

## यह भी रहे मौजूद

कथा में मदनसिंह परमार, जगदीशसिंह गुर्जर, रामचंद्र प्रजापत, शैतानसिंह, राजेंद्रसिंह नरूका, घनश्याम मिश्रा, महेश त्रिवेदी, रताराम सुथार, ओंकारसिंह उदावत, अथर्वराज सिंह, नितेशसिंह चौहान, भगवतीलाल ओझा, रामलाल खंडेलवाल, सुरेंद्र त्रिवेदी, वि मसिंह यादव, राजेंद्रसिंह राठौड़, राजबाला गुर्जर, सरिता मिश्रा, नीलमसिंह, रश्मि त्रिवेदी, उषासिंह, प्रियंकासिंह, सुनीतासिंह, उत्तमसिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


जोधपुर में बुजुर्ग डिजिटल अरेस्ट

# लुट गए चार लाख

▶▶ साइबर ठगों ने आईपीएस बनकर किया फोन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर**। जोधपुर में साइबर ठगी के मामले इन दिनों अचानक से बढ़ चुके हैं। इसमें पढ़े-लिखे लोगों को भी साइबर ठग बातों में उलझाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट में गुरुवार को ऐसे ही कई मामले सामने आए जिनमें लोगों को झांसे लेकर लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। फिलहाल पीड़ित की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है इसके आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर अब साइबर ठगी के रुपए रिफंड करवाने के प्रयासों में जुटी हुई है। ठगी करने वाले ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताया और 76 वर्ष से बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर खाते से चार लाख रुपए से अधिक की राशि अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली गई। इसका पता चलने पर बुजुर्ग के होश उड़ गए। बाद में वह थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस कमिश्नरेट के महामंदिर थाना क्षेत्र में भी सेवानिवृत्त सीनियर सिटीजन चैन सिंह राठौड़ के साथ ठगी कर ली गई। इसको लेकर उन्होंने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि अज्ञात ठगने उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी करते हुए चार लाख रुपए से अधिक की राशि ठग ली गई। ठगों ने 76 वर्षीय बुजुर्ग को सबसे पहले पांच जनवरी को मोबाइल पर एक वीडियो कॉल किया था। वीडियो कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि उसके खिलाफ एक मनी लॉन्ड्रिंग का केस है। जिसमें वह जांच अधिकारी है। इस मामले की जांच के लिए आवश्यक है कि वह उनके सेविंग अकाउंट एसबीआई राईकाबाग ब्रांच का पूरा पैसा उनके बताए हुए बैंक खाते में जमा करवा दे। उसकी बातों में आकर डर के मारे बुजुर्ग ने अपना पूरा बैंक बैलेंस उसके बताएं बैंक खाते में एसबीआई बैंक की राईकाबाग ब्रांच से आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा दिया। बाद में खुद को आईपीएस बताने वाले राजेश प्रधान नाम के व्यक्ति ने बताया कि उसे उनके पैसे मिल गए हैं और उनके अकाउंट की जांच में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई इंवॉल्वमेंट नहीं पाया गया है। अतः नियम अनुसार एख घंटे में वह पैसे लौटा देगा। यह पूरी बात छह जनवरी को हुई थी लेकिन अगले दिन सात जनवरी तक पैसे नहीं लौटाए गए। इस पर बुजुर्ग को शक हुआ तो उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। थाने पहुंचे तो पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हो गई है।




## 30 लाख के गहने और 70 हजार नकद चोरी

**जैसलमेर**। रामगढ़ कस्बे के स्थानीय सुथार मोहल्ले में एक मकान में चोर लाखों के सोने-चांदी के गहने और 70 हजार रुपए चुरा कर ले गए। इस मामले में स्वरूप सुथार पुत्र द्वारकाराम सुथार ने पुलिस थाना रामगढ़ में रिपोर्ट दी। स्वरूप सुथार ने बताया कि वह परिवार सहित महाराष्ट्र के पुणे में रहता है और घर में कोई नहीं रहता। चोर घर के आगे लगी सेंसर लाइट को तोड़ने के बाद मुख्य दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर 30 लाख रुपए के करीब 30 तोला सोने के जेवर, सवा किलो चांदी के गहने और सिक्कों के साथ 70 हजार नगद चुरा लिए। रामगढ़ थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि स्वरूप सुथार परिवार समेत पुणे में रहते हैं। पीछे मकान के ताले लगे हैं। बीती रात हुई चोरी की घटना को सुबह जब पड़ोसियों ने घर के ताले टूटे देखे तो उनको फोन किया। परिवार के रिश्तेदार भी पड़ोस में ही रहते हैं। उनको जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना पुलिस को जानकारी दी गई। साथ ही चोरी की घटना की जानकारी के बाद स्वरूप सुथार परिवार के साथ रामगढ के लिए रवाना हो गए। रामगढ़ कस्बे में इतनी बड़ी चोरी की घटना पर सभी दहशत में है।



- रामगढ़ कस्बे के सुथार मोहल्ले में चोरी
- पुणे में रहता पीड़ित परिवार

# उदयपुर एयरपोर्ट पर चेक-इन का समय घटेगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर**। उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर जल्द ही डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत होगी। यह सिस्टम फेस रिकग्निशन तकनीक पर काम करेगा। इसमें यात्री अपनी जानकारी डिजी यात्रा ऐप में अपलोड करते हैं। यहां उनकी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी। गेट पर चेहरा स्कैन कर यात्री सिक्योरिटी और बोर्डिंग के लिए आगे बढ़ सकते हैं। इसके लिए बोर्डिंग पास और आईडी दिखाने की जरूरत नहीं होगी। इससे चेक-इन में लगने वाला 20-30 मिनट का समय घटकर पांच से 10 मिनट रह जाएगा।



▶▶ चेहरा स्कैन होने पर मिलेगी एंट्री
▶▶ बोर्डिंग पास-आईडी की जरूरत नहीं

### जरूरी उपकरणों का टेंडर करेंगे

एयरपोर्ट डायरेक्टर योगेश नगाइच के अनुसार सबसे पहले इस सुविधा के लिए जरूरी उपकरणों का टेंडर किया जाएगा। इसके बाद इन्हें इंस्टॉल कराएगी और स्टाफ को प्रशिक्षण देगी। एयरपोर्ट से रोज करीब 2500 यात्री चेक इन करते हैं। इनमें से करीब 1000 हवाई यात्रियों के इस सुविधा का इस्तेमाल करने की संभावना है।

### एयरपोर्ट पर पेपर लेस चेक-इन सुविधा

इसके सुविधा के तहत पेपर लेस चेक-इन की सुविधा दी जाएगी। यात्री का चेहरा स्कैन होगा और एंट्री मिल जाएगी। यह सुविधा अगले साल के अंत तक मिलनी शुरू होगी। इससे पहले इस पर काम की प्रक्रिया चल रही है। देश में डिजी यात्रा की शुरुआत साल 2022 में की गई थी। इसका मकसद हवाई यात्रियों को पेपरलेस और तेज चेक-इन की सुविधा प्रदान करना है। डिजी यात्रा की सुविधा वर्तमान में देश के करीब 30 हवाई अड्डों पर ही उपलब्ध है। करीब 60 लाख यात्रियों ने य ऐप डाउनलोड कर रखा है। अभी तक करीब 3.25 करोड़ यात्री इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं। एक दिसंबर 2022 को तीन हवाई अड्डों नई दिल्ली, वाराणसी और बेंगलुरु पर इस सुविधा की शुरुआत की गई थी।

## महिलाओं के नाम पर लिया फर्जी लोन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर**। उदयपुर की कानोड़ थाना पुलिस ने आकोला पंचायत के सुरखंड व पीपलवास गांव की महिलाओं के नाम से सहकारी समिति से फर्जी लोन उठाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अनपढ़ महिलाओं के अंगूठे लगाकर लाखों का समूह लोन उठा लिया था। इस मामले की भनक तब लगी, जब समिति से वसूली नोटिस महिलाओं के घर आए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाशंकर शर्मा की पहल से कानोड़ थाने में समूह अध्यक्ष मोहनी बाई पत्नी उदयलाल रावत ने 10 सितंबर को धोखाधड़ी करने वाले सुरेश रावत के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। कानोड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गहनता से जांच की जा रही है। इसमें जो भी संलिप्त व सहयोगी होगा। उनका जल्द खुलासा होगा और गिरफ्तारी होगी।



### समूह अध्यक्ष को वसूली का नोटिस जारी

- आकोला पंचायत के सुरखंड व पीपलवास गांव की 10-10 महिलाओं के समूह की अध्यक्ष को 12 व 11 लाख के वसूली नोटिस ग्राम सहकारी समिति आकोला की ओर से जारी किए गए थे। समूह की अध्यक्ष समसा बाई के नाम जारी हुए नोटिस में बताया कि लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के नाम 11,06,448 मूलधन और 69,153 ब्याज सहित कुल 11,75,601 रुपए बकाया है। इसी तरह पीपलवास गांव के पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा धनकी बाई के नाम जारी नोटिस में बताया कि 11,48,150 मूल एवं 71,759 ब्याज सहित कुल 12,19,909 रुपए बकाया है। जब ये नोटिस महिलाओं को मिले तो उनके होश उड़ गए कि उन्होंने एक रुपए का भी लोन नहीं लिया तो लाखों रुपए के वसूली नोटिस कैसे आ गए।

### बालोतरा के दौरे पर आज सीएम

**बालोतरा**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को अपनी एक दिवसीय यात्रा के तहत बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 8:45 बजे जयपुर से हवाई मार्ग द्वारा जोधपुर पहुंचेंगे। वे जोधपुर एयरपोर्ट से रिफाइनरी साइट के लिए प्रस्थान करेंगे और सुबह 10 बजे पचपदरा रिफाइनरी पहुंचेंगे। यहां वे पौधारोपण करेंगे, रिफाइनरी के मॉडल का निरीक्षण करेंगे और रिफाइनरी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके बाद, सुबह 10:25 बजे वे नाइट्रोजन प्लांट का उद्घाटन करेंगे और रिफाइनरी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करेंगे।



## बाड़मेर : आया एलियन जैसा जानवर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर**। राजस्थान के बाड़मेर में एलियन जैसा जानवर आ गया है। यह रात को घर से बाहर घूम रहे लोगों पर हमले कर रहा है। इस एलियन जैसे दिखने वाले जानवर के साथ घायलों की फोटोज भी सोशल मीडिया पर डाली जा रही है। इन फोटो के साथ-साथ दो ऑडियो भी शेयर किए जा रहे हैं। इसमें कभी इसे जंगली जानवर बताया जा रहा है तो कभी एलियन। ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज में चेतावनी दी जा रही है कि रात को बाहर न निकले। ऑडियो में दावा किया जा रहा है कि बाड़मेर के गुड़ामालानी और आसपास के इलाके में जंगली जानवर ने लोगों को हमला कर घायल कर दिया। इसमें एक फोटो भी शेयर की जा रही। इसमें बताया जा रहा है कि लूनी नदी क्षेत्र के डेडवास गांव निवासी महिला घर में सो रही थी, इस दौरान जंगली जानवर ने उस पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। महिला के चेहरे को बुरी तरह से नोचा गया था, इससे गंभीर घाव हो गए, लेकिन हमला किस जानवर ने किया। उसे महिला देख नहीं पाई थी। डीएफओ सविता दहिया ने कहा- जो फोटो और ऑडियो शेयर हो रहे हैं, वो सारे फेक है। इसमें सिर्फ एक फोटो बाड़मेर गुड़ामालानी की महिला का है। इसकी भी जांच की जा रही है। यदि महिला पर जानवर ने हमला किया तो वन विभाग की ओर से मुआवजा दिया जाएगा।



- लोगों पर कर रहा लगातार हमले
- प्रशासन ने जारी की चेतावनी- घर के बाहर न निकले

### प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की लापरवाही

गुड़ामालानी के लूनी नदी क्षेत्र के डेडवास गांव में 27- 28 दिसंबर की रात अज्ञात जानवर ने महिला और पालतू पशुओं पर हमला किया था। सूचना के बाद वन विभाग अलर्ट हुआ। लूनी नदी के क्षेत्र में चार-चार कर्मचारियों की दो टीम गठित कर सर्च अभियान शुरू किया गया। इसके साथ ही तीन कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि अज्ञात जानवर की हलचल उसमें कैद हो सके। टीम के अनुसार यह अज्ञात जानवर संभवतः लकड़बग्घा (जरख) हो सकता है।

### पगमार्क मिलने पर चलाया सर्च ऑपरेशन

डीएफओ सविता दहिया ने बताया- लूनी नदी किनारे बसे डेडावास, रतनपुरा, पादरड़ी, पालयाली, कंधी ढाणी में एक जानवर के पगमार्क मिलने की सूचना पर इन इलाकों में टीमें तलाश कर रही है। वन विभाग की ओर से रेस्क्यू के लिए कांधी ढाणी क्षेत्र में पिंजरा भी लगाया गया, लेकिन फिलहाल सफलता नहीं मिली है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने और रात के समय अकेले घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी है। मुकेश के अनुसार जानवर के हमले में घायल हुई मां की हालत ठीक है। उन्होंने एलियन जैसे दिखने वाले किसी जीव के हमला करने के दावे को फेक बताया।

उदयपुर में नगर निगम की कार्रवाई

## कोचिंग सेंटर की दो मंजिल सीज

▶▶ बिना अनुमति किया निर्माण




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर**। उदयपुर नगर निगम ने हिरणमगरी सेक्टर चार में नियम विपरीत बनाए भवन के दो अतिरिक्त मंजिला को सीज किया। उस भवन में लक्ष्य क्लासेज नामक कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम की भवन अनुमति शाखा की टीम ने हिरणमगरी सेक्टर चार में यह निर्माण किया गया था। आयुक्त रामप्रकाश ने सेक्टर चार में आनंद कुमार गर्ग और अभिषेक गर्ग के नाम से सीज का नोटिस लगाया। आयुक्त के अनुसार वहां पर नगर निगम की ओर से दी गई स्वीकृति के विपरीत दो अतिरिक्त भवन का निर्माण कर दिया गया था। भवन अनुमति की टीम ने गुरुवार को वहां पर कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त बनाए भवन को सीज कर दिया। साथ ही चेतावनी दी गई है कि सीज भवन में कोई गतिविधि की जाती है तो नगर निगम की और से संबंधित के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। टीम में सहायक नगर नियोजक शुचिता कोठारी, एटीपी विजय सिंह डामोर और होमगार्ड साथ थे।

उदयपुर में हादसा, कोई हाताहत नहीं

## संकरी गलियों में घुसा कंटेनर

▶▶ कंटेनर छोड़ ड्राइवर भागा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर**। उदयपुर में बुधवार रात ओल्ड सिटी के अंदरूनी इलाके में केमिकल पाउडर से भरा एक कंटेनर घुस गया और कई जगह तोड़फोड़ मचाते हुए संकरी गलियों में बढ़ता गया। इससे कई घरों के छज्जे और चबूतरे टूट गए। वहीं, कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। सुबह जब लोगों ने देखा तो इसका पता लगा। पूरे रोड पर काले रंग का केमिकल पाउडर फैला हुआ था जिससे आने-जाने वालों को भारी परेशान हुई। ऐसे में यातायात बाधित होता रहा। दरअसल, पाउडर से भरा यह कंटेनर रात करीब एक बजे ओल्ड सिटी की तंग गलियों में घुसता गया। गुलाबबाग रोड से भटियानी चोहट्टा होते हुए जगदीश चौक की ओर घुसा। फिर गडियादेवरा पहुंचा। रात का समय होने से कंटेनर चालक को कोई रोक नहीं पाया।



### ▶▶ ड्राइवर की तलाश जारी : थानाधिकारी

थानाधिकारी व्यास ने बताया कि चालक कंटेनर को संकरी गलियों में घुसकर गडियादेवरा तक ले आया। कंटेनर को बीच रोड पर छोड़कर भाग गया। पुलिस की टीम फरार ड्राइवर को पकड़ने की कोशिश में जुटी है।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स गिरा, निफ्टी लुढ़का

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार रहा

**मुंबई**। सेंसेक्स नौ जनवरी को 528 अंक की गिरावट के साथ 77,620 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 162 अंक की गिरावट रही, ये 23,526 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 640 अंक गिरकर 54,021 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और नौ में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में गिरावट और 16 में तेजी रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.73% की गिरावट के साथ बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टीसीएस और रिलायंस ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा।



एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.94% की गिरावट और कोरिया के कोस्पी में 0.034% की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.58% की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, आठ जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 3,362.18 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,716.28 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। आठ जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.25% की तेजी के साथ 42,635 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.16% ऊपर 5,918 जबकि नैस्डैक इंडेक्स 0.055% गिरकर 19,478 के स्तर पर बंद हुए।

### कल मामूली गिरावट के साथ बंद था बाजार

सेंसेक्स आठ जनवरी को 50 अंक की गिरावट के साथ 78,148 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 77,486 से 662 अंक संभला। वहीं निफ्टी भी 18 अंक (-0.08%) की तेजी के साथ 23,688 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी दिन के निचले स्तर 23,496 से 192 अंक रिकवर हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 में तेजी और 28 में गिरावट देखने मिली।

## सोना महंगा, चांदी सस्ती

**नई दिल्ली**। सोने की कीमतों में गुरुवार (9 जनवरी) को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 215 रुपए बढ़कर 77,579 रुपए पर पहुंच गया है। बुधवार को इसके दाम 77,364 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 75 रुपए गिरकर 89,428 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,503 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



## बीमा सखी ने पार किया 50 हजार का आंकड़ा

**पानीपत**। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ दिसंबर, 2024 को पानीपत में एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। बीमा सखी योजना महिला सशक्तिकरण के माध्यम से विकसित भारत की ओर एक कदम है, जो परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा सखी और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करके राष्ट्र की प्रगति में शामिल करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम को विकसित भारत में भागीदार होने पर गर्व है। बीमा सखी योजना का राष्ट्र ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया है। उद्घाटन के एक महीना पूरा होने के बाद, बीमा सखी के लिए कुल पंजीकरण 52,511 है, जिनमें से 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी विक्रय के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी विक्रय शुरू कर दिया है। इस अवसर पर, एलआईसी के सीईओ और एमडी, श्री सिद्धार्थ महांति ने एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करने का लक्ष्य रखा है। एलआईसी बीमा सखियों को उचित कौशल प्रदान करके तथा डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाकर मजबूत बना रही है। इस योजना में किए गए बीमा व्यवसाय पर अर्जित कमीशन के अतिरिक्त तीन वर्षों तक मासिक स्टायपेंड का लाभ भी मिलता है।

### आठ जनवरी को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : कार्यकारी निदेशक (सीसी) एलआईसी ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडीः ed_cc@licindia.com www.licindia.in पर विजिट करें। हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देते हैं, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके पास है।

## आपका राशिफल 10 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगें। शुभांक-4-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को ह): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

## 32 रुपए का शेयर पहुंचा 227 पर

▶▶ चौथे वर्ष की 'एक्सीलेंट' रेटिंग हासिल

**मुंबई**। इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी यानी इरेडा (आईआरईडीए) के शेयर गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर गुरुवार को 2% तक बढ़कर 227 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, कंपनी ने बीते दिनों शेयर बाजार को बताया है कि उसने एमओयू परफॉर्मेंस में लगातार चौथे वर्ष 'एक्सीलेंट' रेटिंग हासिल की है। इसके अलावा, कंपनी अक्टूबर-दिसंबर अवधि के लिए समाप्त तिमाही के नतीजे जारी करने वाली है।



**कंपनी का बिजनेस अपडेट**

बता दें कि एक जनवरी को कंपनी ने अपने कारोबार को लेकर एक अपडेट दिया था। इरेडा का लोन डिस्ट्रिब्यूशन दिसंबर तिमाही में 41 प्रतिशत बढ़कर 17,236 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के बयान के अनुसार, इरेडा ने तीसरी तिमाही (सितंबर-दिसंबर) में 31,087 करोड़ रुपए के ऋण मंजूर किए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 13,558 करोड़ रुपए की तुलना में सालाना आधार पर 129 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बयान में कहा गया, ऋण वितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई जो पिछले साल की समान तिमाही के 12,220 करोड़ रुपए से 41 प्रतिशत बढ़कर 17,236 करोड़ रुपए हो गई। बकाया ऋण पुस्तिका में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 31 दिसंबर 2024 तक 69,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई जबकि पिछले साल यह 50,580 करोड़ रुपए थी।

## युकेन इंडिया लिमिटेड शेयर बना रॉकेट

**मुंबई**। स्मॉलकैप कंपनी युकेन इंडिया लिमिटेड के शेयरों में कमजोर बाजार में भी तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। युकेन इंडिया के शेयर गुरुवार को बीएसई में 10 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 1149.90 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में युकेन इंडिया के शेयरों में 50 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है।



दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया की इनवेस्टमेंट फर्म बंगाल फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में युकेन इंडिया पर बड़ा दांव लगाया है। आशीष कचौलिया की इनवेस्टमेंट फर्म बंगाल फाइनेंस ने दिसंबर 2024 तिमाही के दौरान युकेन इंडिया के 1,98,937 शेयर खरीदे हैं। बंगाल फाइनेंस की कंपनी में 1.53 पर्सेंट हिस्सेदारी है। इससे पहले, सितंबर 2024 तिमाही में आशीष कचौलिया और बंगाल फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट का नाम कंपनी के शेयरहोल्डर्स में नहीं था। कंपनी में अगर बंगाल फाइनेंस की हिस्सेदारी रही भी होगी तो वह एक पर्सेंट से कम होगी। कचौलिया के अलावा, एलआईसी एमएफ एग्रेसिव हाइब्रिड फंड के पास कंपनी के 1,39,626 शेयर हैं।

एक फर्म ने खरीदे 1.9 लाख शेयर

**दो साल में 110% से ज्यादा उछल गए कंपनी के शेयर**

युकेन इंडिया लिमिटेड के शेयर पिछले दो साल में 110 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। स्मॉलकैप कंपनी के शेयर छह जनवरी 2023 को 537.85 रुपए पर थे। युकेन इंडिया के शेयर नौ जनवरी को 1149.90 रुपए पर जा पहुंचे हैं। पिछले पांच साल में कंपनी के शेयरों में 140 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। युकेन इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1572.70 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 629.20 रुपए है।

**बोनस शेयर भी बांट चुकी कंपनी**

युकेन इंडिया लिमिटेड अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर का भी तोहफा दे चुकी है। स्मॉलकैप कंपनी ने सितंबर 2018 में 3:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर एक शेयर पर तीन बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी का मार्केट कैप भी 1460 करोड़ रुपए के पार जा पहुंचा है।

# पंचायत समिति की बैठक में छाए रहे बिजली-पानी के मुद्दे

## ▸ प्रधान बंसल ने संबंधित अधिकारियों को दी समय पर कार्य कर आमजन को राहत देने की नसीहत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक प्रधान नितिन बंसल की अध्यक्षता एवं विकास अधिकारी नवलराम, तहसीलदार शंकरलाल पटेल व डीएसपी भंवरलाल चौधरी के सान्निध्य में पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई।बैठक में पानी, बिजली, सड़कों व चिकित्सा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे छाए रहे। बैठक की शुरुआत में पंचायत समिति सदस्य पवन अग्रवाल ने सरूपगंज मे पुराना बस स्टैंड से लेकर रेलवे फाटक व मुख्य बाजार की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाते हुए मरम्मत की बात कही। पुखराज प्रजापत सरपंच ने भारजा में सड़क का निर्माण गुणवत्ताहीन होने की बात कही एवं बताया कि तीन माह में ही सड़क उखड़ गई है। वासा गांव में भी घटिया सामग्री से सड़क निर्माण हुआ। जिसे लेकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। उधर प्रधान नितिन बंसल ने डिस्कॉम को कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि सरूपगंज कस्बे में एक घंटे में कई बार विद्युत कटौती कर दी जाती है, उन्होंने संबंधित अधिकारी से कारण पूछा, लेकिन अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। प्रधान ने सरूपगंज बजरंग चौराहे पर अति' मण के कारण आए दिन दुर्घटना की संभावना को देखते हुए एनएचआइ विभाग को सुरक्षा के मद्देनजर कार्य के आदेश दिए।



### तहसील क्षेत्र में बिगड़ी है चिकित्सा व्यवस्था

चिकित्सा सुविधा को लेकर प्रधान बंसल ने बीसीएमओ भूपेंद्रसिंह से कहा कि नितोड़ा सरूपगंज सहित अन्य गांवों में चिकित्सा सुविधा चरमरा गई है। अस्पताल में सफाई नहीं होती है, डॉक्टर की कमी है। आखिर ऐसा क्यों है। इस पर बीसीएमओ के पास कोई उत्तर नहीं था। इस पर नाराज बंसल ने कहा कि बीसीएमओ अपनी आदत सुधार लें, वरना 8 दिन में ट्रांसफर करवा दिया जाएगा। उधर बैठक में सभी सरपंचों ने गांवों में घर-घर नल योजना के अंतर्गत लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की मांग उठाई। लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारी भी जवाब देने में असमर्थ दिखे। इस पर जल्द ही 43 पंचायतों के गांवों में स्वच्छ जल की सुविधा सुलभ करवाने के निर्देश दिए गए।

### नया थाना खोलने की उठी मांग

बैठक में बताया गया कि रोहिड़ा पुलिस थाने का क्षेत्र बड़ा है जिसमें लोगों को थाने तक आने-जाने में काफी परेशानी होती है। इसके लिए भाकर क्षेत्र में दानाबोर के आसपास नया थाना खुलवाने की मांग की गई।

### अवैध खनन पर अधिकारियों को लिया आड़े हाथ

बैठक के दौरान वाटेरा भारजा के आसपास अवैध खनन का मामला तेजी से उठा। सदस्यों ने कहा कि सूचना देने के बाद भी खनन विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस पर प्रधान ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए।

### राजपुरोहित ने उठाया आठ साल से लंबित मामला

जिला परिषद सदस्य किरण पुरोहित ने अजारी से सिरोही रोड संपर्क सड़क को लेकर बताया कि रेलवे भूमि मर्ज होने के बाद रेलवे ने मुआवजा राशि सार्वजनिक निर्माण विभाग को दी थी। विभाग को नई जमीन अवाप्त कर नई सड़क बनानी थी, परंतु विभाग ने आठ साल बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे लोगों में आ`ाेश है। राजपुरोहित ने सदन में बताया कि अजारी गांव के पास अति प्राचीन मार्कुंडेश्वर महादेव व सरस्वती माता का मंदिर है। यहां हर रोज भारी तादाद में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन सड़क की दयनीय हालत से आवाजाही करने वाले श्रद्धालु परेशान है। उन्होंने सदन में चेतावनी दी कि इसे तुरंत दुरुस्त करवाया जाए अन्यथा संबंधित विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### यह भी रहे मौजूद

बैठक में सानवाड़ा सरपंच अलका रावल, सुनीता गरासिया, रंभादेवी माली, जोशनादेवी, पोसाराम देवासी, रंजीत गहलोत, मेघाराम गरासिया, वीणादेवी रावल, उर्मिलादेवी, कालूसिंह देवड़ा, पुखराज प्रजापत, सविता रावल, वाल्कीदेवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी व कार्मिक मौजूद थे।

# रोजगार मेला आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसरों का लाभ प्रदान करने के लिए शु`वार को प्रातः 10 बजे से जिला रोजगार कार्यालय परिसर कलेक्ट्रेट सिरोही में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों यथा एनएनबी पेपर प्रोडक्ट प्रालि सरूपगंज पिण्डवाड़ा, एलएंडटी स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अहमदाबाद, यश सोल्यूशन अहमदाबाद, टीमलीज प्रालि गुजरात, अदानी ग्रीन भूज, टॉपसन प्रालि अहमदाबाद एवं एसआइएस सिक्योरिटी प्रालि उदयपुर, एमपे फाइनेंस लि. सिरोही, वंडर फाइनेंस लि. सिरोही अपनी 750 वैकेंसी के लिए जैसे सुपरवाइजर, प्लान लेबर, आइटीआइ डिप्लोमा सभी ट्रेड में, स्कील्ड वर्कर्स, रूम ऑपरेटर, सुरक्षाकर्मी, फिल्ड एक्जुकेटिव, क्रेडिट मैनेजर, कस्टमर केयर ऑफिसर एवं एसोसिएट्स पांचवीं से बारहवीं पास सभी वर्गो के पदों पर सीधी भर्ती/ट्रेनिंग/अप्रेन्टिशिप के उपलब्ध अवसरों का लाभ प्रदान करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान ने बताया कि स्वरोजगार में सहायता के लए राज्य सरकार की विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी संबंधित विभाग/निगम के उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा मौके पर ही दी जाएगी। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों को शिविर का लाभ उठाने के लिए अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता एवं अनुभव के प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा की छाया प्रतियों का सैट लेकर शिविर में पहुंचना होगा। रोजगार सहायता शिविर में भाग लेने के लिए आशार्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या व्यय प्रदान नहीं किया जाएगा। इच्छुक आशार्थी उक्त रोजगार सहायता शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष न. 02972-224142 पर किसी भी कार्य दिवस को संपर्क कर सकते है।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 को

## ▸ राज्यस्तरीय कार्यक्रम का होगा लाइव प्रसारण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय पीजी महाविद्यालय सिरोही में 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के राज्य स्तरीय कार्य`म का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कार्य`म की नोडल अधिकारी जिला कोषाधिकारी अंबिका राणावत के अनुसार कार्य`म में वित्त विभाग के नवनियुक्त कर्मयोगियों के अतिरिक्त अन्य विभाग यथा पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवनियुक्त कर्मयोगी भी भाग लेंगे। कार्य`म में समस्त नवनियुक्त कर्मयोगियों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन प्र`िया कार्य`म दिवस को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नगर कांग्रेस की नवनियुक्त नगर अध्यक्ष नरगिस कायमखानी का कांग्रेसजनों के साथ सर्व समाज की ओर से डाक बंगले में स्वागत सत्कार किया गया। हाल ही में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने आबूरोड नगर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर पार्षद कायमखानी को नियुक्त किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा ने कहा कि कांग्रेस ने महिला सशक्तिकरण को हमेशा बढ़ावा दिया है। नरगिस लोगों की समस्याओं को लेकर हमेशा खड़ी रही है। जिससे वह लगातार तीसरी बार निर्वाचित पार्षद है। कायमखानी के नगर अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को शहर में मजबूती मिलेगी। मुस्लिम समाज के सदर सलीम खान पठान ने कहा कि युवा महिला नैत्री को नगर की कमान सौंपने के बाद युवा व महिला वर्ग कांग्रेस से जुड़ेगा। आने वाले नगरपालिका के चुनाव में इसका लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार एवं गुजरात स्टेट हैड प्रोफेशनल कांग्रेस रिसर्च आशिष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय बाद नगर अध्यक्ष किसी युवा महिला को नियुक्त किया है। सागरमल अग्रवाल ने कहा कि जिले के संगठन में बदलाव हुआ। इसके बाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद में लंबे समय बाद बदलाव होने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। दस साल से नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष के पद पर भाजपा का कब्जा है। अब कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बदलाव के बाद निश्चित तौर पर इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष कायमखानी ने प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसके निर्वहन के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे एवीं 36 कौम के लोगों को साथ लेकर महिलाओं, युवाओं एवं पुराने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करेंगी। कांग्रेस पार्टी को मजूबती मिले इसको लेकर सभी को साथ लेकर चलेंगी। कार्यक्रम को दिलावर खान पठान, पूर्व पार्षद निरंजन सिंह, माधव मारू, एडवोकेट सुनिल कुमार, सेवादल जिलाध्यक्ष कपूर चंद, महिला सेवादल जिलाध्यक्ष पूजा राणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केतन पुरोहित, एनएसयूआइ के मयंक सोलंकी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान पार्षद सुरेश बंजारा, जितेन्द्र बंजारा, कैलाश माली, साक्षी सक्सेना, किरण रैगर, मोहम्मद समीर, ओमप्रकाश सेठ, एनएसयूआइ नेशनल कॉडिनेटर शाहरूख कायमखानी, राजेश परिहार, जितेन्द्र परिहार तरतोली, चिराग सिंदल, नीना परिहार, राकेश पुरोहित, नवीन सांखला, गोविंद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# हादसों से बचाव को यातायात नियमों की पालना की अपील



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय और रोहिड़ा थाना पुलिस के संयुक्त प्रयास से सड़क सुरक्षा माह के तहत विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्य`म का आयोजन किया गया। लोगों को वाहन संचालन के समय निर्धारित नियमों की पालना करने को प्रेरित किया गया। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने को प्रोत्साहित करते हुए बगैर हेलमेट दुपहिया चला रहे चालकों को निशुल्क हेलमेट वितिरत किए गए। कार्य`म में माधव विवि चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने यातायात नियमों की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। थानाधिकारी जितेंद्रसिंह ने यातायात नियमों के पालन को जीवन सुरक्षा के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि छोटे कदम बड़े हादसों को रोक सकते हैं। होम्योपैथिक कॉलेज की निदेशक डॉ. भारती देसाई और अधिष्ठाता डॉ. मनोज बेहरा ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। कार्य`म में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सदस्य और छात्रों की स`िय भागीदारी रही।



**पोसालिया।** निकटवर्ती उथमण टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा माह के तहत पालड़ी एम थानाधिकारी हुकमसिंह भाटी, एएसआइ सोमाराम, हैडकांस्टेबल डूंगरसिंह, मोहनलाल, कांस्टेबल दिनेशकुमार, चेनसिंह, टोल प्लाजा मैनेजर संदीप शर्मा की टीम की ओर से वाहन चालकों को सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने, चौपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति सीमा निर्धारित रखने या धीमी गति से वाहन चलाने, वाहनों के दस्तावेज साथ रखने को प्रेरित किया गया। कई वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए गए।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** गुजरात से सटे मीन तलेटी क्षेत्र में बुधवार देर रात को मोबाइल चोरी की बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें आधा दर्शन लोग घायल हो गए। घायलों को अंबाजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सदर पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गुजरात से सटे जाम्बुड़ी के पास मीनतलेटी में मोबाइल चोरी के मामले में दो गुटों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते हुए मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे से मारपीट शुरू हो गई। खूनी संघर्ष में महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को समीप के गुजरात के अंबाजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनकी हालत चिंताजनक होने पर पालनपुर रेफर किया गया। सदर थानाधिकारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे एवं आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया।

# बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** आमथला में बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। सदर पुलिस के अनुसार मुदरला निवासी शंकरलाल गरासिया पैदल जा रहा था। इसी दौरान बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# क्रिकेट में सरुपगंज नाइट राइडर ने जीता खिताब

## ▸ भावरी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** स्कूल खेल मैदान पर ग्राम पंचायत भावरी के तत्वावधान में आयोजित प्रथम भावरी (सरूपगंज) प्रीमियर लीग ि`केट प्रतियोगिता में सरुपगंज नाइट राइडर ने खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया। अंतिम दिन तीन मैच हुए। पहला सेमीफाइनल शम्भूभाई रावल वेलकम मोबाइल के मालिकाना वाली टीम भावरी सुपर किंग्स बनाम भुवनेश मीणा के मालिकाना वाली सरूपगंज रॉयल्स के बीच खेला गया। जिसमें सरूपगंज रॉयल्स ने अंतिम ओवर तक चले इस मैच को 2 रन से जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नटवरलाल जीनगर के मालिकाना वाली टीम सरूपगंज नाइट राइडर बनाम जयकेश अग्रवाल के मालिकाना वाली सरूपगंज किंग्स के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच को सरूपगंज नाइट राइडर ने जीता, लेकिन दर्शकों के दिलों को सरूपगंज किंग्स ने जीता।



### फाइनल में दिखाया दमखम

प्रतियोगिता का फाइनल मैच सरूपगंज नाइट राइडर बनाम सरूपगंज रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मैच में नाइट राइडर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 10 ओवर में प्रतियोगिता का सर्वोच्च स्कोर 153 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरूपगंज रॉयल्स टीम शुरूवाति झटकों के उभर नहीं पाई और टीम निर्धारित 10 ओवर में 76 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता को सरूपगंज नाइट राइडर ने 77 रनों से जीत लिया।

### यह रहे सर्वश्रेष्ठ

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गुल मोहम्मद रहे। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का ताज विनोद परिहार के सिर पर सजा एवं सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर दिनेश बावरी रहे। अर्जुन मीणा को मैन ऑफ दी सीरिज से पुरस्कृत किया गया। जीत परिहार की तरफ से अर्जुन मीणा को पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर सत्यम परिहार को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### » सरपंच व ग्राविअ का जताया आभार

सरपंच मगनी देवी व ग्राम विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह का सरूपगंज में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता के सफल आयोजन करने पर खेल प्रेमियों द्वारा मोमेन्टो देकर आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन फालना के मुरलीधर सागर ने किया। विजेताओं को प्रधान बंसल व सरपंच ने पुरस्कृत किया।

### » इनका रहा आतिथ्य

प्रतियोगिता का समापन समारोह पंचायत समिति प्रधान नितीन बंसल के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच मगनीदेवी कलबी की अध्यक्षता में हुआ। पस सदस्य अग्रवाल, भीमाणा सरपंच हेमेंद्रसिंह देवड़ा, पीइइओ प्रतिनिधि प्रतापराम प्रजापत, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला संयोजक कैलाश सिंदल, सयुंक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। ग्राविअ जितेंद्रसिंह, वार्डपंच फतेहसिंह, फतेहदान, अशोक मेघवाल, मनीष गुप्ता, अशोक मीणा, कसनाराम रेबारी, ग्राविअ महेन्द्रकुमार, कनिष्ठ सहायक दिनेशकुमार का सान्निध्य रहा।

# धरना बारहवें दिन जारी, भादरूणा के ग्रामीणो ने निकाली रैली

## ▸ संघर्ष समिति के समर्थन में हुए धरने में शामिल

## ▸ बोले ..सरकार सांचौर के साथ न्याय करे, जिला बहाल करने की रखी मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**साचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरूवार को 12वें दिन धरना जारी रहा। इस दौरान भादरूणा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने संघर्ष समति के समर्थन में धरना दिया एवं जिला रदद होने के विरोध में रैली निकाली।

ग्रामीणों ने सरकार से सांचौर जिले को पुनः बहाल करने की मांग की। सांचौर जिले के साथ न्याय करने की मांग करते हुए बताया कि सांचौर क्षेत्र के अंतिम गांवों से आने वाले दूर-दराज के लोगों को भारी परेशानी होगी। वहीं जिसमें अधिकाकांश किसान व गरीब वर्ग के लोग है जो फसल बीमा, पैंशन, पानी सहित ऐसी समस्याओं से जूझ रहे है जिसकी आवाज प्रशासन तक पहुंचाना संभव नहीं है। ऐसे में सांचौर की जनता के साथ न्याय करें, ताकि दूर- दराज के लोगों को जल्द न्याय मिल सके। ग्रामीणों ने सरकार द्वारा जिला खत्म करने पर रोष जाहिर किया व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार से जिला वापिस देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचौर जिले को 28 दिसंबर 2024 को निरस्त कर दिया गया। जबकि डीग, खेरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचौर जिले के बराबर हैं। डीग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दूर व सलुम्बर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। ज्ञापन में बताया कि 25 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचौर के आगे अनशन व महापहाड़व किया था। भाजपा सरकार को सांचौर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी ज्ञापन देकर अनुरोध किया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारें उन कार्यों को आगे बढ़ाती है। परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ़ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचौर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की है। सांचौर जिले को निरस्त करने पर लोगों में भयंकर आक्रोश है। ऐसी स्थिति में जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक धरना जारी रखा जाएगा।

### यह भी रहे मौजूद

*इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, संघर्ष समिति के अध्यक्ष भीमाराम चौधरी, हिन्दूसिंह दूठवा, सुरजनराम साहू, रमेश मेघवाल, केसाराम मेहरा, रामावतार मांजू, बीरबल पूनिया पार्षद, पूनमाराम गोदारा करावड़ी, राजूराम गोदारा, भीयाराम कांवा, फौजाराम मेघवाल, मगाराम माली, भागीरथ सारण, खंगाराराम, जयकिशन मेघवाल, शैतान मेघवाल, नेमाराम माली, बाबूलाल साहू, जयकिशन गोदारा, मोहनलाल, रामलाल ढाका, किशनलाल गोदारा, धुडाराम सारण, मोहनलाल सियाक भी मौजूद थे।*



# राजकोट में पहली बार होगा विमेंस वनडे

## मंधाना की कप्तानी में भारत की जीत बरकरार

वेस्टइंडीज को वनडे में **3-0** से और टी20 में **2-1** से हराया

**राजकोट।** वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाए जिसमें वनडे श्रृंखला में 148 और टी20 में 193 रन शामिल है। मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी। हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। हरमनप्रीत और रेणुका की गैर मौजूदगी में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल और जेमिमा रौड्रिग्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। देयोल ने वनडे श्रृंखला में 160 रन बनाए जबकि रावल ने 134 और जेमिमा ने 112 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में रेणुका की कमी खलेगी जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दस विकेट लिए थे। अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वनडे में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू पर शुरूआती विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया है। वहीं साइमा ने अब तक आठ वनडे में सात विकेट लिए हैं। आफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 31 रन देकर छह विकेट लिये । उनका साथ देने के लिये प्रिया मिश्रा और तनुजा कंवर होंगी। हरफनमौला राघवी बिष्ट और सयाली सतघारे को भी टीम में जगह दी गई है जो इस मौके को भुनाना चाहेंगी।

### टीमें

**भारत** : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, उमा छेत्री, रिचा घोष, तेजल हसबिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, सयाली सतघारे।

**आयरलैंड** : गैबी लुईस (कप्तान), एवा केनिंग, क्रिस्टिना रीली, अलाना डालजेल, लौरा डेलानी, जॉर्जिना डेंपसे, सारा फोर्ब्स, अर्लेने केली, जोआना लोगरान, एमी मागिरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडेरगास्ट, उना रेमंड होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल।

# आईपीएल 2025 नहीं खेलेंगे विराट



## डोमेस्टिक क्रिकेट में वापसी पक्की

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के चलते विराट कोहली आलोचनाओं में घिरे हैं। यहां तक कि उनपर रिटायरमेंट लेने का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच खुलासा हुआ है कि कोहली जून 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए काउंटी क्रिकेट खेल सकते हैं। यह गौर करने वाली बात है कि विराट उसी स्थिति में काउंटी क्रिकेट खेल पाएंगे, यदि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के प्लेऑफ तक नहीं पहुंचती है। इससे पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर भी डोमेस्टिक क्रिकेट की अहमियत पर जोर दे चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कोहली काउंटी क्रिकेट तो खेलेंगे, लेकिन वो ऐसा आरसीबी के प्लेऑफ में ना जाने की स्थिति में ही विराट कोहली काउंटी क्रिकेट खेल सकते हैं।

चूंकि आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को खेला जाना है और भारत-इंग्लैंड पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। अगर बेंगलुरु फाइनल तक जाती है तो कोहली के पास इंग्लैंड की परिस्थितियों में ढलने और काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए सिर्फ 14 दिन बचे होंगे। यह शायद अच्छी तैयारी के लिए नाकाफी साबित होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल को दुरुस्त करने के लिए पहले भी कुछ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर फ्रैंचाइजी क्रिकेट का त्याग कर चुके हैं। पैट कमिंस ने साल 2023 में ऐसा किया था, जब उन्होंने भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारी के लिए आईपीएल 2023 से ब्रेक लिया था। उनका ब्रेक लेना अच्छा भी साबित हुआ क्योंकि उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 209 रनों से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

### आरसीबी ने 21 करोड़ में किया रिटेन

आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी ने विराट कोहली को 21 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। इससे वो आईपीएल 2025 के पांचवें सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। चूंकि कोहली बेंगलुरु के बैटिंग लाइन-अप को लीड कर रहे होंगे और उनके ना होने से संभवतः आरसीबी का स्क्वाड बहुत कमजोर पड़ जाएगा। ऐसे में उम्मीद बहुत कम नजर आती है कि कोहली आईपीएल 2025 का पूरा या आधा सीजन मिस करेंगे।

महिला हॉकी इंडिया लीग

# जूनियर खिलाड़ियों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा : सविता पूनिया



▪ महिला एचआईएल का पहला सत्र 12 से 26 तक

**नई दिल्ली।** लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 तक खेलने की उम्मीद जताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और अधिक से अधिक युवा हॉकी खेलने के लिए प्रेरित होंगे। सविता ने कहा, 'हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है ताकि वह परिवार को तनावमुक्त रख सके, उसकी मदद कर सके और अच्छे उपकरण खरीद सके। हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता।

# बुमराह के बाद अकाश दीप टीम से बाहर !

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को झटका

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को लगातार झटके लग रहे हैं। पिछले काफी समय से मोहम्मद शमी चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के भी चोटिल होने की खबर सामने आई थी। अब भारतीय टीम के एक और तेज गेंदबाज के अनफिट होने की खबर सामने आई है। वह गेंदबाज हैं आकाश दीप। तीनों गेंदबाजों के चोटिल होने से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण पर भारी असर पड़ सकता है।



### अकाश दीप हुए चोटिल

तेज गेंदबाज आकाश दीप को पांचवें टेस्ट से पहले पीठ में चोट लग गई थी, जिसकी पुष्टि पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने की थी। आखिरी टेस्ट में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया था। अब खबर है कि चोट के कारण आकाश दीप विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

# भारत के नारायनन ने जीता खिताब




**नीदरलैंड।** भारत के ग्रांड मास्टर एसएल नारायनन ने लंबे समय बाद लय में लौटते हुए ग्रोनिनगेन इंटरनेशनल शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है। बड़ी बात यह है की नारायनन ही इस टूर्नामेंट के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे और उन्होंने नौ राउंड के मुक़ाबले में अपराजित रहते हुए पांच जीत और चार ड्रॉ के साथ कुल सात अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया, इस दौरान चौंथे राउंड में मेजबान देश के ग्रांड मास्टर थॉमस बीड्रेंन को और सातवे राउंड में जर्मनी के ग्रांडमास्टर हागेन पोएटेक पर उनकी जीत खास रही।

# अंडर-19 टीम की कप्तानी करेंगे आर्ची वॉन

## आर्ची वॉन इंग्लैंड के माइकल वॉन का बेटा

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर आर्ची वॉन दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे पर इंग्लैंड की पुरुष अंडर-19 टीम की कप्तानी करेंगे। आर्ची, जो इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का बेटा है, 14 से छह फरवरी तक होने वाले तीन 50 ओवर और दो रेड-बॉल खेलों में 18 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेगा। आर्ची ने पिछले सीजन में समरसेट के लिए सिर्फ चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 15 विकेट लिए और 236 रन बनाए। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में आर्ची ने कहा कि क्रिसमस से पहले प्रशिक्षण शिविर के दौरान मुझे पता चला कि मैं कप्तान बनने जा रहा हूं और यह एक बहुत ही विशेष क्षण था। इस स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त करना वास्तव में अपने आप में विशेष है, लेकिन टीम का नेतृत्व करना कुछ और है। आर्ची ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से एक अच्छी चुनौती होगी और हमें परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। क्रिसमस से पहले हमने वहां जो प्रशिक्षण शिविर लगाया था वह वास्तव में फायदेमंद था और हम सभी तैयार हैं और इसमें जाने के लिए उत्सुक हैं। अगर किसी ने मुझे 12 महीने पहले बताया होता कि मैं समरसेट की पहली टीम में जबरदस्ती शामिल



हो जाता और अंडर-19 की कप्तानी करता तो मुझे उस पर विश्वास नहीं होता। यह बहुत जल्दी हो गया लेकिन मैं अपने पैर ज़मीन पर रखूंगा और कड़ी मेहनत करूंगा। अगला कदम दक्षिण अफ्रीका में जीतने की कोशिश करना है और उम्मीद है कि मैं भी अच्छा प्रदर्शन कर सकूंगा। इंग्लैंड की अंडर 19 टीम 17 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 टीम के खिलाफ पहले 50 ओवर के खेल से पहले गुरुवार को उड़ान भरेगी।

# म नो रं ज न

# शूट हुआ 'लव एंड वॉर' का इमोशनल सीन रणबीर-आलिया और विक्की कौशल आएंगे नजर



संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' से जुड़ी जानकारी लगातार सोशल मीडिया पर आती रहती है। हाल ही में 'लव एंड वॉर' की शूटिंग से स्टार्स का रेट्रौ लुक वायरल हुआ था। अब जानकारी आई है कि कथित तौर पर फिल्म का एक इमेशनल सीन शूट किया गया, जिसे आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल पर फिल्माया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार "कुछ दिनों का ब्रेक था, लेकिन अब 11 जनवरी तक फिल्म के कुछ खास सीन की शूटिंग की जाएगी। यह रणबीर, आलिया और विक्की के बीच बातचीत टकराव वाली फिल्म होगी, जो उनके किरदारों को चुनौती देगी।" इन दिनों फिल्म 'लव एंड वॉर' का एक इमेशनल सीन शूट किया जा रहा है। 'लव एंड वॉर' कथित तौर पर 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'लव एंड वॉर' का निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं।

संजय और रणबीर कपूर 2007 में आई उनकी पहली फिल्म 'सांवरिया' में साथ काम कर चुके हैं। इंस्टाग्राम पर फिल्म की घोषणा करते हुए लिखा था, "हम आपके लिए संजय लीला भंसाली की महाकाव्य गाथा 'लव एंड वॉर' लेकर आए हैं।"



# 'आशिकी 2' के कमाल के बाद फिर साथ आएंगे श्रद्धा और आदित्य

बॉलीवुड की कई ऐसी ऑनस्क्रीन जोड़ियां हैं जिनकी कैमेस्ट्री दर्शकों को बहुत ज्यादा पसंद आती है। ऐसी ही एक जोड़ी है श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की। दोनों की ऑन स्क्रीन कैमेस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आती है। श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी दर्शकों को 'आशिकी 2' और 'ओके जानू' में देखने को मिली थी। अब श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर के फैंस के लिए खुशखबरी है। रिपोर्ट्स हैं कि दोनों जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। फिल्म फेयर की रिपोर्ट की मानें तो श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी डायरेक्टर मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की फाइनल डीटेल्स पर काम चल रहा है, लेकिन दोनों एक्टर्स फिल्म को बेसब्री से साइन करना चाहते हैं। स्क्रीनप्ले और कहानी पर मोहित सूरी और उनकी क्रिएटिव टीम काम कर रही है। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि फिल्म का आधिकारिक ऐलान आनेवाले हफ्तों में किया जा सकता है। मोहित सूरी की बात करें तो उन्हें 'आशिकी 2', एक विलेन, एक विलेन रिटर्न्स, कल्युग, हाल्फ गर्लफ्रेंड, आवारापन और हमारी अधूरी कहानी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये सभी फिल्मों रोमांटिक फिल्में हैं। मोहित सूरी की 'आशिकी 2' में श्रद्धा और आदित्य नजर आए थे। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी। बता दें, साल 2024 में श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। वहीं, आदित्य रॉय कपूर की बात करें तो उन्हें आखिरी बार क्राइम थ्रिलर सीरीज 'नाइट मैनेजर' में देखा गया था। वहीं, वो जल्द ही फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आएंगे। फिल्म में आदित्य रॉय के साथ सारा अली खान नजर आएंगी।



# सलमान के बाद शाहिद संग फिल्म बनाएंगे एटली

शाहरुख खान के साथ हज़ार करोड़ी फिल्म देने वाले एटली अब अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए शाहिद कपूर के साथ काम कर सकते हैं। हाल ही में आ रही रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को लेकर दोनों की पिछले पांच महीनों से बातचीत हो रही है और जल्द ही एक्टर इस प्रोजेक्ट को साइन भी कर सकते हैं। शाहिद कपूर काफी वक्त से लोगों के बीच चर्चा में बने हुए हैं। दरअसल, एक्टर जल्द ही अपनी फिल्म 'देवा' के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में शाहिद फुल एक्शन मोड में नजर आने वाले हैं, ये फिल्म 31 जनवरी को रिलीज होगी। हालांकि, इसके अलावा भी शाहिद कपूर 'अर्जुन उस्तारा' पर भी काम करने वाले हैं। एक्टर के इस बिजी शेड्यूल में जल्द ही एक और खास प्रोजेक्ट जुड़ सकता है, जो कि फिल्ममेकर एटली के साथ हो सकता है। शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म 'देवा' की बात करें, तो हाल ही में इसका टीजर रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया है। इस फिल्म को मलयालम इंडस्ट्री के रोशन एंड्रयूज डायरेक्ट करेंगे, जो कि इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने वाले हैं। एटली की बात की जाए , तो उन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म जैसी कई धमाकेदार फिल्में दी हैं, उनको लेकर खबर आ रही है कि वो जल्द शाहिद कपूर के साथ काम कर सकते हैं। एटली के अगले प्रोजेक्ट के मामले में दोनों की मुलाकात हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद एटली के साथ फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, एक्टर पिछले पांच महीनों से इसे लेकर बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही इस फिल्म को साइन करने वाले हैं। सोर्स के मुताबिक ये फिल्म ओरिजनल एक्शन फिल्म होने वाली है, ये वरुण धवन की 'बेबी जॉन' जैसी रीमेक नहीं होगी। एटली की डायरेक्ट की 'बेबी जॉन' को लेकर लोगों ने पॉजिटिव रिएक्शन नहीं दिया है। ये फिल्म तेलुगु फिल्म 'थेरी' की रीमेक है, जिसमें लीड रोल थलापति विजय ने निभाई है। एटली के प्रोजेक्ट के बारे में बात की जाए, तो बताया जा रहा है कि वो जल्द ही सलमान खान के साथ काम करने वाले है। इसको लेकर कहा जा रहा था कि इसी वजह से ही सलमान खान ने 'बेबी जॉन' ने कैमियो किया है।

# 2025 का 'महाक्लैश'!

## आपस में भिड़ेंगे सनी देओल, रजनीकांत और ऋतिक रोशन

साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। 10 जनवरी से कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। इस साल कई बड़े सुपरस्टार्स अपनी फिल्में लेकर आ रहे हैं। इसी बीच सनी देओल, रजनीकांत और ऋतिक रोशन के फैंस के लिए बड़ी खबर आ गई है। अगस्त में एक-दो नहीं, बल्कि ट्रिपल क्लैश होने जा रहा है। हर कोई 15 अगस्त को अपनी-अपनी फिल्में रिलीज करना चाहता है। कई फिल्मों के मेकर्स ने पहले ही इस तारीख पर रुमाल रख दिया था। पर सबसे पहले जानिए यह फिल्में कौन सी हैं। सनी देओल की 'लाहौर 1947' को आमिर खान 15 अगस्त को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मेकर्स इस तारीख को लेकर लगभग कंफर्म हैं। जल्द ही वो अनाउंसमेंट भी कर सकते हैं। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं होता। दरअसल सनी देओल की फिल्म 'लाहौर 1947' को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि उनका फिल्म में कैमियो हो सकता है। 15 अगस्त को इसके अलावा दो और फिल्में आने वाली हैं। इसी रिपोर्ट से यह भी पता लगा कि रजनीकांत की 'कुली' भी 15 अगस्त को रिलीज हो सकती है। लोकेश कनगराज ने कुली को डायरेक्ट किया है। इस तमिल फिल्म के प्रोड्यूसर्स ने भी 15 अगस्त की डेट लॉक कर दी है। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म में आमिर खान का एक्सटेंडेड कैमियो होगा। इसी दिन ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' को रिलीज करने की भी प्लानिंग चल रही है। ऐसे में अगर ऋतिक रोशन भी इसी दिन आते हैं, तो फिर ऋतिक रोशन, सनी देओल और रजनीकांत की टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' के मेकर्स पहले ही कंफर्म कर चुके हैं कि वो 15 अगस्त को ऋतिक रोशन की मच अवेटेड फिल्म को लाने वाले हैं। पर फिलहाल फिल्म पर काम चल रहा है। वहीं मेकर्स ने अबतक ऑफिशियल डेट भी अनाउंस नहीं की है।







# 'पुष्पा 2' का रीलोडेड वर्जन पोस्टपोन

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है। पांच दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है। वर्ल्डवाइड 1800 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया है। वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अभी भी फिल्म धीरे-धीरे कमाई कर रही है। 'पुष्पा 2' के फैंस के लिए गुड न्यूज आई थी कि फिल्म में एक्स्ट्रा 20 मिनट का पार्ट और एड किया जाएगा। मेकर्स ने 'पुष्पा 2: द रूल रीलोडेड' अनाउंस की थी। फिल्म में 20 मिनट का एक्स्ट्रा फुटेज एड करके रिलीज की जाएगी। रीलोडेड वर्जन 11 जनवरी को रिलीज होना था। खबरें हैं कि इसमें देरी हो रही है। अल्लू के फैंस को फिल्म के लिए रीलोडेड वर्जन के लिए कुछ दिन और इंतजार करना होगा। 'पुष्पा 2' की टीम ने इस खबर को कंफर्म किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि टेक्निकल इश्यू की वजह से फिल्म के रीलोडेड वर्जन में देरी हो रही है।

# उद्योग संबंधी नीतियों में समय पर करें बदलाव : फडणवीस

▸▸ उद्योग विभाग के 100 दिनों की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण

▸▸ भूमि आवंटन की प्रक्रिया सौ दिनों में करें पूरी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की प्रक्रिया को और अधिक उद्योग-अनुकूल बनाना चाहिए। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया अगले 100 दिनों में पूरी करनी चाहिए। उद्योग संबंधी नीतियों में समयानुसार बदलाव करने की आवश्यकता है और इसके लिए तुरंत कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करें, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने आज राज्य सरकार के 100 दिनों की कार्ययोजना के संदर्भ में उद्योग विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मिट्टी एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठोड़, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार, श्रम मंत्री आकाश फुंडकर, राज्यमंत्री आशीष जैसवाल और इंद्रनील नाइक उपस्थित थे।

### 3500 एकड़ भूमि आवंटन के लिए उपलब्ध

उद्योग विभाग के सचिव पी. अन्बलगन ने 100 दिनों में उद्योग विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) के पास वर्तमान में 3,500 एकड़ भूमि आवंटन के लिए उपलब्ध है और नई 10,000 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत मैत्री पोर्टल और उद्योग आयुक्तालय के पोर्टल पर एआई चैटबॉट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, शून्य लंबितता नीति अपनाकर मैत्री पोर्टल पर और 50 सेवाओं को शामिल करने की प्रक्रिया अगले 100 दिनों में पूरी की जाएगी।

### मार्च तक प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश

उद्योग नीति, इलेक्ट्रॉनिक नीति, रत्न एवं आभूषण नीति, वस्त्र उद्योग नीति और एमएसएमई नीति में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए मार्च तक प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। उद्योग और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में निवेश और निर्यात परिषदों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 10,000 नए उद्यमियों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

### बैठक के प्रमुख बिंदु

शिकायत निवारण के लिए कक्ष की स्थापना। दावोस निवेश परिषद 2025 में अधिकतम निवेश आकर्षित करने पर जोर। निवेश प्रोत्साहन अनुदान की राशि तत्काल वितरित की जाएगी। विदेशी निवेश लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। ऑरिक सिटी, दिघी पोर्ट और बीडकिन औद्योगिक शहरों के कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएंगे। जिलों में उद्योग सेवा केंद्रों को सशक्त बनाने पर जोर।

### युवाओं को अप्रेंटिसशिप देने की बनाएं योजना

■ नए उद्यमियों को तैयार करने के साथ ही युवाओं को अप्रेंटिसशिप दिलाने के लिए कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव श्रीकर परदेशी, उद्योग विकास आयुक्त दीपेंद्र सिंह कुशवाह के साथ विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे।

राजपुरोहित सेवा न्याय,मुंबई

## मेधावी छात्रों का सम्मान 12 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राजपुरोहित सेवा न्याय,मुंबई की ओर से मेधावी विधार्थियों का सम्मान समारोह 12 जनवरी को दक्षिण मुंबई के पाटकर सभागार,मरीन लाईन्स मे रखा गया है। संस्था के पदाधिकारी खेतसिंह राजपुरोहित मवड़ी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजपुरोहित सेवा न्यास शिक्षा के क्षेत्र मे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते आ रहा है। इस प्रतिभावान सम्मान समारोह मे भारत के विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा जो देश विदेश मे बैठें समाज बंधु कार्यक्रम को देख सके। उन्होंने राजपुरोहित समाज बन्धुओं को पत्रिका, सोशल मीडिया व अख़बार के माध्यम से सूचना देते हुए कहा कि आप सभी स्वजातीय बंधु अधिक से अधिक संख्या मे सह परिवार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं व अपने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करे।

समारोह पाटकर सभागार,मरीन लाईंस में

# ड्रोन प्रणाली से मजबूत होगी समुद्री सुरक्षा : नितेश राणे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▸▸ घुसपैठ रोकने को ड्रोन से निगरानी की विशेष प्रणाली शुरू

▸▸ सात जिलों के नौ समुद्री तटों की सुरक्षा पर पैनी नजर



**मुंबई।** राज्य के समुद्री क्षेत्र में हो रही अवैध मछली पकड़ने और घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन के माध्यम से निगरानी की विशेष प्रणाली शुरू की गई है। इस ड्रोन प्रणाली से राज्य के 7 जिलों के 9 समुद्री तटों की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी, ऐसा मत्स्य व्यवसाय और बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने कहा। मत्स्य आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राणे के हाथों ड्रोन निगरानी प्रणाली का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वे बोल रहे थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के मार्गदर्शन में विभाग की पहली 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार की गई है। मंत्री राणे ने कहा कि ड्रोन प्रणाली के कार्यान्वित होने के बाद राज्य के 720 किलोमीटर लंबे समुद्री तट और 12 मील की समुद्री सीमा में अवैध मछली पकड़ने वाली नौकाओं की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जाएगी। ऐसी अवैध नौकाओं की जानकारी प्राप्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए ड्रोन वेब सॉल्यूशंस का साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा। इस प्रणाली से अवैध मछली पकड़ने पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

### स्थानीय मछुआरों को हो रहा नुकसान

■ राणे ने कहा कि बाहरी ट्रॉलरों और बड़ी नौकाओं के कारण स्थानीय मछुआरों को बड़ा नुकसान होता है। इससे उनके आय में गिरावट आती है और कानून-व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसे नियंत्रित करने और स्थिति पर पकड़ मजबूत करने के लिए मत्स्य व्यवसाय विभाग ने आधुनिक तकनीकी प्रणाली के माध्यम से ड्रोन का पहला कदम उठाया है। ड्रोन का उपयोग समुद्री पुलिस विभाग के समन्वय से किया जाएगा, जिससे समुद्री सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। ड्रोन की गति अधिक होने के कारण एक समय में अधिक क्षेत्र की निगरानी की जा सकेगी। एक दिन में 120 समुद्री मील का सर्वेक्षण किया जाएगा और प्रतिदिन 6 घंटे सर्वेक्षण करना अनिवार्य होगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारी शामिल

पालघर जिले के शिरगांव, ठाणे जिले के उत्तन, मुंबई उपनगर जिले के गोराई, मुंबई शहर जिले के ससून गोदी, रायगढ़ जिले के रेवदंडा और श्रीवर्धन, रत्नागिरी जिले के मिरकरवाडा और साखरी नाटे तथा सिंधुदुर्ग जिले के देवगड समुद्र तटों से 9 ड्रोन उड़ाए। विधायक मनीषा कायंदे, कृषि और पशुपालन विभाग के सचिव रामास्वामी एन, मत्स्य आयुक्त पंकज कुमार, समुद्री सुरक्षा पुलिस उपायुक्त अश्विनी पाटिल, मत्स्य व्यवसाय उपायुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## श्री जीणमाता प्रचार मंडल ने की महिलाओं की मदद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मीरा भायंदर।** श्री जीणमाता प्रचार मंडल भायंदर एवं मलाड स्थित जीणमाता मंदिरों में पौष शुक्ल दुर्गा अष्टमी एवं नवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने 'चुनड़ी उत्सव' में भाग लिया एवं नाचते-गाते माँ को चुनड़ी ओढाई गई। संस्था द्वारा समय-समय पर दिव्यांगों, गरीब महिलाओं तथा विद्यार्थियों की मदद भी की जाती है। इस अवसर पर संस्था द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन, दिव्यांग लोगों को व्हील चेयर,ट्रायसिकल सहित सप्तेश्वर सालासर हनुमान मंदिर में कुर्सियां भी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री यजमान सतीश मुसाहिब परिवार व सुनीता कमल टीबडेवाल परिवार से मंत्रोचार के साथ ज्योत प्रज्वलित करवाई गई। आयोजन के संबंध में जीण माता प्रचार मंडल के अध्यक्ष व ट्रस्टी डॉ नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मालाड में मंगला पुरोहित तथा भायंदर में इंदु सोमानी द्वारा संगीतमय मंगल पाठ की प्रस्तुति की गई। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर भक्तगण झूम उठे। इस भक्तिमय आयोजन में ट्रस्टी प्रवीण मुकीम,प्रमोद सांगानेरिया, अरुण सांगाने रिया,नन्द लाल जांगिड़,भरत अग्रवाल, सुशील पोद्दार,श्री भगवान मोर,रमेश चंद गुप्ता,नारायण पोद्दार,राजेन्द्र अग्रवाल,अतुल शर्मा, संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

▸▸ सिलाई मशीन, व्हील चेयर,ट्रायसिकल सहित कुर्सियां वितरित की

## छात्र संसद के छात्रों ने की अतुल सावे से मुलाकात

**मुंबई।** देशभर के आईआईटी, आईआईएम, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अन्य निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्र संसद के छात्रों ने अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण, दुग्ध विकास, और अपारंपरिक ऊर्जा मंत्री अतुल सावे से मुंबई में मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस अवसर पर मंत्री सावे ने विद्यार्थियों की कल्पनाओं और उनके प्रश्नों को समझा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, "युवा पीढ़ी राष्ट्र का भविष्य है।

# तर्पण युवा पुरस्कार समारोह 13 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** तर्पण फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला "तर्पण युवा पुरस्कार 2025" समारोह सोमवार, 13 जनवरी, 2025 को शाम 6 बजे पाटकर हॉल, श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरे महिला विश्वविद्यालय (एसएनडीटी), चर्चगेट, मुंबई में आयोजित किया जाएगा। तर्पण फाउंडेशन हर साल दो पुरस्कार देता है। एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व जिन्होंने अनाथों के क्षेत्र में महान कार्य किया है। दूसरा पुरस्कार अनाथ बच्चों के लिए काम करने वाले एक संगठन को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष, तर्पण फाउंडेशन पहली बार तीसरा पुरस्कार दे रहा है, जिसके तहत अलग संवेदनशीलता के साथ काम करने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रकांतदादा पाटिल (मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, महाराष्ट्र राज्य) उपस्थित रहेंगे। तथा विशेष अतिथि के रूप में अदिती तटकरे (मंत्री, महिला एवं बाल विकास, महाराष्ट्र राज्य) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस समारोह में डॉ. उज्ज्वला चक्रदेव, डॉ. हुजेफा खोरेकीवाला, कृष्णकुमार गोयल और नित्यानंद चरण दास जैसे विशिष्ट अतिथियों का इस अवसर पर सम्मान किया जाएगा।

फाउंडेशन का चौथा समारोह एसएनडीटी में

### विजेताओं के नाम

**1- मिस एडवोकेट गायत्री पाठक पटवर्धन** - सनाथ वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक। उन्होंने अपना पूरा जीवन अनाथ बच्चों की शिक्षा, अधिकार और पुनर्वास के लिए समर्पित कर दिया है।

**2- स्नेहवन संस्था - संस्थापक अशोक देशमाने** - यह संगठन प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव से प्रभावित किसानों के अनाथ बच्चों को सहायता और शिक्षा प्रदान करने के लिए काम करता है।

**3- श्री संस्कार मानसिक मंदित बालिका गृह, मोरेन, धुले** - वाघ परिवार - अनाथ मानसिक मंदित बालिकाओं को शिक्षा और देखभाल प्रदान करने में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वाघ परिवार एक अलग संवेदनशीलता के साथ काम किया है।

# बैलों पर अधिक गन्ना लादा तो कार्रवाई : चीनी आयुक्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▸▸ चीनी आयुक्तालय ने चीनी मिलों को दिए आदेश

▸▸ महाराष्ट्र में चीनी मिलों का गन्ना पेराई सत्र पूरे जोरों पर

**पुणे।** महाराष्ट्र में चीनी मिलों का गन्ना पेराई सत्र पूरे जोरों पर है। यह एक वास्तविकता है कि कई स्थानों पर बैलगाड़ियों को अक्सर गन्ने से अधिक भरा जाता है और गन्ना परिवहन करते समय उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया जाता है। चीनी आयुक्तालय ने चीनी मिलों को बैलों के माध्यम से क्षमता से अधिक गन्ना परिवहन करने वालों तथा उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में स्थित प्रेरणा फाउंडेशन की पल्लवी आल्हाट ने चीनी आयुक्त और पशुपालन आयुक्त से इस संबंध में शिकायत की थी। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए चीनी आयुक्तालय ने जिला कलेक्टर और जिला पशु कल्याण सोसायटी, क्षेत्रीय शर्करा सह-निदेशक और राज्य शर्करा कारखाना संघ के प्रबंध निदेशक सहित महाराष्ट्र के चीनी मिलों को इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैलगाड़ी में गन्ना परिवहन करते समय बैलों पर क्रूरतापूर्वक अत्याचार नहीं किया जाना चाहिए तथा उन पर उनकी क्षमता से अधिक भार नहीं डाला जाना चाहिए। सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद पशुओं को पैदल नहीं ले जाना चाहिए। घायल, बीमार, कुपोषित या वृद्ध बैलों को उनका स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए अनिवार्य रूप से आराम दिया जाना चाहिए। पशुओं को नौ घंटे से अधिक समय तक परिवहन नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच आराम दिया जाना चाहिए। चीनी आयुक्तालय ने महाराष्ट्र के निजी और सहकारी चीनी मिलों के कार्यकारी निदेशकों और महाप्रबंधकों को निर्देश दिया है कि, वे पशुओं को खाने-पीने के लिए चार किलोमीटर से अधिक दूर न ले जाएं।

महाराष्ट्र सरकार का फैसला

## बांग्लादेशियों पर ड्रोन से नजर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान बड़ी संख्या में अवैध तरीके से रह रहे हैं। अब सरकार ड्रोन की मदद से इनकी आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेगी। ड्रोन लॉन्च पर बैठक में भाग लेने के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा, "हम ड्रोन की मदद से बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इससे हमें यह फायदा होगा कि हमारे राज्य में जो अवैध गतिविधि चल रही है हम उसके सबूत जुटा पाएंगे। इससे हम नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई कर पाएंगे। हम इसके जरिए नजदीक से उन पर नजर रख पाएंगे। जो नियम और कानून तोड़ने की हिम्मत करेगा। उसके खिलाफ हम जरूरी कार्रवाई कर पाएंगे।" हम लोग पुलिस विभाग और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगे। हमारी कोस्टल लाइन के आसपास बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। यहां विभिन्न प्रकार के ड्रग्स और अन्य अवैध गतिविधियां चल रही हैं। ये सारी गतिविधियां हमारे क्षेत्र में हो रही हैं। हम सबूत जुटाकर उन पर कार्रवाई कर पाएंगे। ड्रोन के जरिए हमारे पास फोटो और वीडियो होंगे जिससे हम उन पर शिकंजा कस पाएंगे। महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद से ही अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

'न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम 2024-25' योजना

# मुंबई उपनगर जिले में 3300 युवाओं के कौशल में होगी वृद्धि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई उपनगर जिले में 18 से 45 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों के कौशल को बढ़ाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम 2024-25" योजना, जिला नियोजन समिति द्वारा कौशल विकास विभाग के माध्यम से लागू की जा रही है। वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान जिले में 3300 उम्मीदवारों के कौशल में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए अधिकृत संस्थाओं को प्रशिक्षण बैच आवंटित किए गए हैं। कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार जिला कार्यकारी समिति, मुंबई उपनगर द्वारा "न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम 2024-25" के प्रशिक्षण बैच आवंटन के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपजिलाधिकारी संदीप निचित, जिला नियोजन अधिकारी संजय शिंदे, महानिदेशक (प्रशिक्षण) नरेशकुमार चव्हाण, सरकारी श्रम अधिकारी प्रेरणा मोहने, जिला अग्रणी बैंक के युवराज शिंदे, एसएमई चेंबर ऑफ इंडिया के मनेश भगत और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कृषि, एरोस्पेस और एविएशन, ऑटोमोटिव, ब्यूटी और वेलनेस, कैपिटल गुड्स, निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, रत्न एवं आभूषण, स्वास्थ्य देखभाल, उपकरण, आईटीआई, मीडिया और मनोरंजन, पर्यटन और आतिथ्य, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में उम्मीदवारों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मुंबई उपनगर जिले के दहिसर, बोरीवली, कांदिवली, मालाड, अंधेरी, गोवंडी, चेंबूर, मुलुंड और कुर्ला जैसे क्षेत्रों में स्थित प्रशिक्षण संस्थानों में न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिले के निवासी और कम से कम दसवीं या बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार इस योजना का लाभ लेने के पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उम्मीदवारों को जिला कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, मुंबई उपनगर, 175, श्रेयस चेंबर्स, पहली मंजिल, डॉ. डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई-400001, दूरभाष क्रमांक (022-22626440) पर संपर्क करने का आग्रह मुंबई उपनगर के सहायक आयुक्त, जिला कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, शैलेश भगत ने किया है।

▸▸ जिला नियोजन समिति द्वारा कौशल विकास विभाग के माध्यम से की जा रही लागू

### पूर्व नगरसेवक ने आयुक्त को लिखा पत्र

**नालासोपारा।** वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिति (बी) अंतर्गत क्षेत्र के विजयनगर-मोरेगांव सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में लेकर शिवसेना नेता और पूर्व नगरसेवक किशोर नाना पाटील ने महानगर पालिका आयुक्त को लिखित पत्र देकर मांग की है। पाटील ने पत्र में कहा है कि,वसई-विरार महानगरपालिका वार्ड समिति 'बी' के अंतर्गत नालासोपारा मोरेगांव-विजयनगर मार्ग पर हर साल मानसून के दौरान पानी भर जाता है। जिस वजह से इस मार्ग पर स्थित दुकानों और घरों में पानी घुस जाता है। बारिश के पानी की समय पर निकासी न होने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। जिससे स्थानीय नागरिकों और वाहन मालिकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चूंकि उपरोक्त समस्या अत्यंत गंभीर है, अतः अनुरोध है कि सेंट्रल पार्क रोड की तर्ज पर नालासोपारा मोरेगांव-विजयनगर रोड की ऊंचाई बढ़ाई जाए। ताकि,बरसात के समय नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञात हो कि, बरसात के समय वसई विरार शहर की कई सड़के तालाबों में तब्दील रहती है। ऐसे में बरसात का पानी घरों और दुकानों में घुस जाता है।

सड़क की ऊंचाई बढ़ाने की किया मांग

## मीरा-भायंदर मनपा के बेड़े में सक्शन-जेटिंग मशीन शामिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मीरा-भायंदर।** शहर की सीवरेज नालियों, भूमिगत सीवर, सेप्टी टैंक और सीवरेज संग्रहण केंद्रों की नियमित सफाई और देखभाल के लिए मीरा-भायंदर मनपा के बेड़े में अत्याधुनिक सक्शन और जेटिंग मशीन शामिल की गई हैं। इनमें से एक मशीन 8 टन और दूसरी मशीन 18.5 टन वजनी है। इन मशीनों से सफाई कार्य अधिक प्रभावी होगा और कर्मचारियों को भी सुरक्षित रूप से काम करने में सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय ने राज्य के चुनिंदा शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत सीवरेज नालियों, भूमिगत सीवर, सेप्टी टैंक और सीवरेज संग्रहण केंद्रों की यांत्रिक पद्धति से सफाई के लिए अत्याधुनिक सक्शन और जेटिंग मशीन उपलब्ध कराई हैं। केंद्र और राज्य सरकार के बजट से मीरा-भायंदर मनपा को ये मशीनें प्राप्त हुई हैं। इन मशीनों की सहायता से अब सीवरेज नालियों, भूमिगत सीवर, सेप्टी टैंक और सीवरेज संग्रहण केंद्रों की सफाई नियमित और अत्यंत प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। सफाई कार्य करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। इसे ध्यान में रखते हुए ये अत्याधुनिक उपकरण लाए गए हैं। इससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की समस्या को हल किया गया है। इस पहल से मीरा-भायंदर शहर में सफाई कार्य की प्रणाली अधिक सक्षम हुई है। इस नई तकनीक की मदद से शहर को अधिक स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाने का संकल्प मीरा-भायंदर मनपा ने व्यक्त किया है।

# भायंदर मनपा स्कूल के 10 छात्र सम्मानित




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** 21 से 22 दिसंबर के दौरान भोपाल, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और देश के विविध कला एवं संस्कृति की जानकारी छात्रों को प्रदान करना था। इस महोत्सव में भाग लेकर महाराष्ट्र राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीईआरटी दिल्ली और केंद्र सरकार द्वारा मीरा-भायंदर मनपा स्कूल के 10 छात्रों को सम्मानचिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बालरंग महोत्सव 2024-2025 के लिए महाराष्ट्र से 15 छात्रों और 5 शिक्षकों की एक लोकनृत्य टीम भेजने की सूचना महाराष्ट्र सरकार के स्कूल शिक्षा और क्रीड़ा विभाग के माध्यम से दी गई थी। इस टीम का चयन राज्य स्तर पर किया गया और महाराष्ट्र की लोकसंस्कृति को प्रस्तुत करने के लिए कोली नृत्य तैयार किया गया। 21 से 22 दिसंबर के बीच इन छात्रों ने भोपाल में कोली लोकनृत्य का प्रदर्शन किया। बालरंग महोत्सव 2024 में कुल 24 राज्यों ने भाग लिया, जिनमें 7 केंद्र शासित प्रदेश और 17 राज्य शामिल थे। इस महोत्सव में मीरा-भायंदर मनपा स्कूल के छात्रों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को अनुभव करने का अवसर पाया। महाराष्ट्र राज्य का प्रतिनिधित्व करना छात्रों और स्कूल के लिए गर्व की बात थी। मनपा आयुक्त श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अन्य राज्यों की संस्कृति को समझने का यह एक अनमोल अवसर था। अतिरिक्त आयुक्त सांभवी पानपट्टे, उपायुक्त प्रसाद शिगटे, सहायक आयुक्त शिक्षा विभाग दीपाली जोशी-पवार, मुख्याध्यापक, शिक्षक और छात्रों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और आभार प्रकट किया।

▸▸ भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन

## मंजिल से सौ किलोमीटर दूर ले जाता गूगल मैप



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक जैसे नाम होने के कारण गूगल मैप इस्तेमाल करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। यहां महड़ और महाड़ दो अलग जगहें हैं, लेकिन अंग्रेजी में दोनों का नाम एक जैसा है। गूगल मैप में दोनों जगहों का नाम है। इस वजह से लोगों को खासी परेशानी हो रही है। लोग गूगल मैप को लेकर कंफ्यूज हो रहे हैं। दो अलग-अलग लोकेशन की स्पेलिंग अंग्रेजी में एक जैसी होने के चलते कहीं और पहुंच रहे हैं। महड़ में गणपति मंदिर है और भक्त यहां पहुंचने के लिए गूगल मैप में महड़ सर्च करते हैं। हालांकि, एक जैसी स्पेलिंग होने के कारण महाड़ पहुंच जाते हैं।

### दोनों जगहें मुंबई के पास

महाड़ रायगढ़ जिले में स्थित एक नगर है। यह उत्तरी कोंकण क्षेत्र में, मुम्बई से 167 किमी की दूरी पर बसा हुआ है। यहां रायगढ़ दुर्ग है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज ने बनवाया था। यहीं 1674 में उनका राज्याभिषेक हुआ था। इसके बाद यह नगर उनकी राजधानी भी रहा। वहीं, महड़ मुंबई के पास बसा एक छोटा शहर है। महाड़ की तुलना में यह मुंबई के ज्यादा पास है। यह रायगढ़ जिले के खालापुर तालुका में है। लोनावाला, मुंबई और पुणे से यह जगह बेहद करीब है। श्री वरदविनायक गणपति मंदिर को श्री वरदविनायक महड़ मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर भगवान गणेश के अष्टविनायक मंदिरों में से एक है।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव

### सीएम शर्मा ने किया विकास पत्रिका का विमोचन, बोले...

# जनता से जो भी वादे किए, उन्हें पूरा करेंगे

## राइजिंग राजस्थान के एमओयू को धरातल पर उतारने का हो रहा है प्रयास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जोधपुर के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव में में विकास पत्रिका का विमोचन किया। इस दौरान सीएम शर्मा ने कहा कि हस्तशिल्प उत्सव में आप सभी का स्वागत। देशभर के 700 से ज्यादा हस्तशिल्पी यहां आए हैं। ये उद्यमशीलता का बेहरतीन उदाहरण है।

हस्तशिल्प प्रदेश का गौरव है। मिट्टी, कागज, लकड़ी से बने उत्पाद सभी को आकर्षित करते है। कारीगरों की मेहनत और लगन का परिणाम है। दुनियाभर में अपना नाम रोशन किया है। मुझे खुशी है कि मेले में राइजिंग राजस्थान के संकल्प को भी आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रयास किए गए हैं। पानी के क्षेत्र में हमारी सरकार ने काम किया है। ईआरसीपी और यमुना जल समझौता हमारी सरकार ने किया है।

भजनलाल शर्मा ने आगे कहा कि काम करने का जिसका जज्बा होता है ईश्वर भी उसी की मदद करता है। बंशी वाले की कृपा से आज प्रदेश का कोई बांध खाली नहीं है। हमारी सरकार ने पानी के बाद बिजली के क्षेत्र में काम किया। 2027 में किसानों को दिन में भी बिजली देने का काम करेंगे। पीएम कुसुम योजना में हमारी सरकार ने 31 गुणा अधिक काम किया है।

सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व काम हुआ है। राजस्थान में उद्योग और रोजगार की आवश्यकता है। बजट में 5 साल में 4 लाख युवाओं को नौकरी देने का किया वादा किया था। 47 हजार युवाओं को नियुक्ति-पत्र दे दिए गए हैं। 85 हजार नौकरियों का कलेंडर जारी किया है। एक साल में एक भी पेपर आउट नहीं हुआ। तीन दिन पहले केंद्र सरकार की एक परीक्षा में नकल का प्रयास किया गया।

हमने नकल करने वाले सभी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया। राजस्थान की जनता से संकल्प पत्र में जो भी वादे किए, उन्हें पूरा करेंगे। स्टार्टअप को भी बढ़ावा देने का काम किया है। राजस्थान की दूरियां कम करने के लिए ग्रीन फील्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। राइजिंग राजस्थान के एमओयू धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। हमें प्रवासी उद्यमियों पर विश्वास है वे प्रदेश में औद्योगिक निवेश में सहयोग करेंगे।

मुख्यमंत्री के प्रयास लाए रंग

वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के संकल्प की दिशा में अहम कदम

# प्रदेश को 5 हजार मेगावाट का मिला अतिरिक्त आवंटन

## केन्द्र सरकार ने पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए के अंतर्गत दी मंजूरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य होने के दृष्टिगत केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत अतिरिक्त आवंटन का अनुरोध किया था। साथ ही, हाल ही में मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात के दौरान इस संबंध में चर्चा की थी।

राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन को जमीन स्तर पर गति मिल रही है। वहीं सोलर संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रदेश को हुए अतिरिक्त आवंटन का यह निर्णय वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## एचएमपीवी वायरस के देश में 11 केस




**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने इसकी पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की एचएमपीवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पतला की लैब की है। सरकारी रिपोर्ट देर शाम तक आएगी। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं।

एचएमपीवी केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा।

# किशनगढ़ में शुरू दो दिवसीय जीएसटीएफ इंटरनेशनल सेमिनार




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम (जीएसटीएफ) के दसवें संस्करण का आयोजन गुरूवार को किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद, राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन, जीएसटीएफ संयोजक नटवरलाल अजमेरा और सीडोज के वाइस चेयरमैन राकेश गुप्ता एवं सीईओ मुकुल रस्तोगी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, पौधा, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने घोषणा की राजस्थान में औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की नीलामी प्रक्रिया समाप्त कर दी जाएगी। अब उद्यमियों को व्यापार के लिए जमीन रीको द्वारा सीधे आवंटित की जाएगी। उन्होंने निवेश प्रोत्साहन नीति 2024 का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 15 लाख करोड़ से 30 लाख करोड़ तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और वेस्ट से वेल्थ क्रिएट करने की दिशा में उद्योगों को आगे बढ़ना चाहिए।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के माध्यम से किशनगढ़ और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों में पानी लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने किशनगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र पत्थरों की मिनिएचर पेंटिंग्स और शिल्पकला के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रीको उद्योगों के साथ खड़ा है और सरकार सभी एमओयू को धरातल पर लागू करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### तकनीकी सत्र

1. 'मूल्य सृजन में नवाचार: स्टोन इंडस्ट्री के अपशिष्ट को अवसरों में बदलना' विषय पर चर्चाएं हुई। राजेश कुमार शर्मा (सीबीआरआई, रुड़की) ने 'सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी इनोवेशन,' डॉ. रवींद्र नगर (एमएनआईटी) ने 'स्टोन वेस्ट से सस्टेनबल बिल्डिंग मटेरियल्स का उपयोग' और हरी मोहन शर्मा (सिरी महाराजा ग्रेनाइट्स) ने 'प्राकृतिक पत्थरों की सतह को बेहतर बनाने की कला' पर व्याख्यान दिए।

2. 'स्टोन प्रोसेसिंग में उन्नत तकनीक: भविष्य के उपकरण' विषय पर चर्चा हुई। यशवंत शर्मा (भगवती मशीन) ने 'मल्टीवायर मशीनरी और नई प्रोसेसिंग तकनीकें,' इमैनुअल डी वॉकर (सेलानीज) ने 'सतह की नवीनतम तकनीक,' और इटली के पिएरो बेटिनी व सैम जावादी ने रोबोटिक प्रोसेसिंग तकनीकों पर अपने अनुभव साझा किए।

3. 'वैश्विक विकास: निर्यात प्रोत्साहन, नीतियां और कौशल विकास' विषय पर राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन परिषद के पंकज राव, उद्योग विभाग की शिल्पा गोखुरू और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मोहम्मद कलाम ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### विशेष उपस्थिति व आयोजन का समापन

कार्यक्रम का संचालन लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम ने किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया गया, जिसमें 24 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां नवीनतम तकनीक और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस आयोजन में देशभर से 500 उद्यमियों ने भाग लिया। किशनगढ़ के सभापति दिनेश सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी निशा सहारण और लघु उद्योग भारती की विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम 2025 स्टोन इंडस्ट्री के नवाचार, तकनीकी उन्नति और निर्यात प्रोत्साहन को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

अलवर कोर्ट में एसीबी की कार्रवाई

# कोर्ट में कार्यरत बाबू को किया ट्रैप

## डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**अलवर।** अलवर कोर्ट में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व अपील अधिकारी कोर्ट में कार्यरत बाबू जितेंद्र मीणा को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। बाबू ने एक मामले में पक्षकार से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। एसीबी को इस संबंध में सूचना मिली थी कि बाबू जितेंद्र मीणा ने जमीन के पक्ष में निर्णय कराने के एवज में रिश्वत ली थी। सूचना के आधार पर एसीबी ने योजना बनाई और गुरुवार को कार्रवाई करते हुए मीणा को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस साल में यह दूसरा मामला है जब एसीबी ने ट्रैप किया है। इससे पहले जयपुर विधानसभा के बाहर अलवर नगर निगम के रेवेन्यू अफसर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।

### जमीन पर स्टे हटवाने के लिए मांगी रिश्वत

पीड़ित रमनलाल सैनी ने बताया कि स्कूल संचालन के लिए खरीदी गई जमीन पर आरएए का स्टे था। बाबू जितेंद्र मीणा ने स्टे हटाने के लिए उनसे 1.5 लाख रुपये की मांग की। सैनी का आरोप है कि बाबू दोनों पक्षों से रिश्वत लेकर स्टे लगवाने और हटाने का खेल करता है। जबकि एसडीएम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया था, बाबू ने फिर से विपक्ष से स्टे लगवा दिया। 6 जनवरी 2025 को बाबू ने रिश्वत मांगी और जब सैनी ने पैसे दिए, तो एसीबी ने कलेक्ट्रेट गेट पर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया और 1.5 लाख रुपये बरामद किए। बाबू ने कहा था कि ऊपर तक पैसे देने होते हैं, आरएए को भी हिस्सा देना है।

## अरविंद केजरीवाल सीईसी से मिले

### प्रवेश वर्मा के घर तुरंत रेड की मांग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से गुरुवार (नौ जनवरी) को मुलाकात की। उन्होंने मुख्य तौर पर नई दिल्ली से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की शिकायत की है। केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी दी और मांग की कि प्रवेश वर्मा के घर तुरंत रेड की जाए।

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुलेआम 1100 रुपए बांट रहे हैं। ये चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। पंजाब के सीएम भगवंत मान, दिल्ली की सीएम आतिशी और सांसद संजय सिंह भी चुनाव आयोग पहुंचे। पूर्व सांसद और बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। केजरीवाल ने डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने या फिर ट्रांसफर किए जाने की मांग की है।

पवन खेड़ा का बीजेपी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला

# जीएसटी का मतलब है 'गब्बर सीतारमण टैक्स'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने जयपुर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने खास तौर पर जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। खेड़ा ने जीएसटी को 'गब्बर सीतारमण टैक्स' करार देते हुए इसे मिडिल क्लास, गरीब और किसानों के लिए विनाशकारी बताया। दरअसल, पवन खेड़ा ने गुरुवार को जयपुर पीसीसी ऑफिस में केंद्र सरकार और बीजेपी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस की नीतियों और मांगों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बीजेपी जीएसटी को लेकर व्यापक बदलाव की जरूरत बताई और बीजेपी पर गरीबों और किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया।

### जीएसटी पर पवन खेड़ा का बयान

जयपुर पीसीसी में पवन खेड़ा ने कहा कि जीएसटी लागू हुए 90 महीने हो चुके हैं, लेकिन इसका फायदा आम जनता को नहीं मिल सका। उल्टा, यह गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों पर बोझ बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी की अलग-अलग दरें आम आदमी के लिए जटिलता बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने एक देश, एक टैक्स का वादा किया था, लेकिन पॉपकॉर्न जैसी चीजों पर तीन अलग-अलग टैक्स लगाकर वादा निभा रहे हैं। जीएसटी का 64 प्रतिशत बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जबकि केवल 3 प्रतिशत अमीर वर्ग पर। पवन खेड़ा ने कहा कि मनमोहन सिंह ने पहले ही चेताया था कि जीएसटी गरीब और मिडिल क्लास को नुकसान पहुंचाएगा। अब वही सच साबित हो रहा है।

### खेड़ा ने की जीएसटी-2.0 की मांग

इस दौरान पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जीएसटी के वर्तमान स्वरूप को बदलकर जीएसटी-2.0 लागू करने की मांग करती है। उन्होंने इसे सरल बनाने और गरीब व मिडिल क्लास को राहत देने का प्रस्ताव रखा। वहीं, पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खेड़ा ने कहा कि बीजेपी सरकार केवल अमीरों को लाभ पहुंचा रही है। गरीबों और किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां देश के छोटे व्यवसायों और किसानों को बर्बाद कर रही हैं।

## 16 पुलिस वालों को असम की जगह नगालैंड ले गया 'गूगल मैप'

### लोगों ने बदमाश समझकर रातभर बंधक रखा

**गुवाहाटी।** असम के जोरहाट पुलिस की 16 सदस्यों की टीम एक आरोपी को पकड़ने निकली और गूगल डायरेक्शन पर आगे बढ़ी। लेकिन रास्ता भटककर और नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई। यहां के लोगों ने पुलिस टीम को घुसपैठिया समझा और उन पर हमला कर दिया। इन लोगों को रातभर बंदी बनाए रखा। घटना मंगलवार की है। दरअसल यह सब गूगल मैप के कारण हुआ। जहां पुलिस टीम पहुंची, वह नगालैंड का एक चाय बागान था, लेकिन इसे गूगल ने असम में दिखाया था। जब इसकी जानकारी जोरहाट पुलिस को लगी तो मोकोकचुंग एसपी से मदद मांगी गई। इसके बाद मोकोकचुंग पुलिस ने एक टीम भेजकर इन लोगों की पड़ताल की। नगालैंड के लोगों को जब पता चला तो उन्होंने घायल समेत 5 लोगों को रिहा कर दिया, जबकि बाकी 11 लोगों को रातभर बंदी रखा और अगले दिन छोड़ा।

**सिविल ड्रेस और हथियारों से हुआ कन्फ्यूजन:-** मोकोकचुंग के स्थानीय लोगों ने असम पुलिस की टीम को अत्याधुनिक हथियार रखने वाले बदमाश समझा, क्योंकि इनमें से केवल तीन वर्दी में थे और बाकी सभी सिविल ड्रेस में थे। इससे भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने टीम पर हमला भी किया, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

## आम जनता के लिए बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। सर्किट-1 आने वाले विजिटर्स को राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन का भ्रमण कराता है, जिसमें उन्हें भवन के प्रांगण और प्रमुख कक्ष तथा लंबा ड्राइंग रूम दिखाया जाता है। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्ड ऑफ चेंज समारोह भी नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में होने वाला गार्ड ऑफ चेंज समारोह एक सैन्य परंपरा है। जिसे हर हफ्ते आयोजित किया जाता है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें सरपंच, आपदा राहत कार्यकर्ता, वाटर वॉरियर्स, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, मन की बात के प्रतिभागी, माई भारत वॉलेंटियर्स, पूर्वोत्तर राज्यों से आए अतिथि और बेस्ट स्टार्ट-अप शामिल हैं।

# 14 मार्च तक योजना लागू करे सरकार : सुप्रीम कोर्ट

## सड़क हादसे के बाद मिलेगा कैशलेस इलाज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे के बाद घायलों के इलाज के लिए अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार को ऐसी योजना बनानी चाहिए। जिससे लोगों को हादसे के बाद बिना कोई पैसा दिए इलाज मिल सके। केंद्र सरकार 'गोल्डन ऑवर' अवधि में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की योजना तैयार करे।

गंभीर चोट लगने के बाद पहले एक घंटे को 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है। घायल के इलाज के लिए ये वक्त सबसे अहम माना जाता है। गंभीर चोट लगने पर एक घंटे के अंदर उचित इलाज बेहद जरूरी होता है। इस दौरान इलाज मिलने पर घायल व्यक्ति के बचने की संभावना ज्यादा रहती है। देर होने पर मौत या अपंग होने की आशंका बढ़ जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि हादसे में घायल हुए व्यक्ति के करीबी और परिजन उसके आस-पास नहीं होते हैं। इसलिए उसकी मदद करने वाला कोई नहीं होता है।

घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में जरूरी उपचार मिलना चाहिए, लेकिन अक्सर गोल्डन ऑवर में जरूरी इलाज से मना कर दिया जाता है। अस्पताल भी ऐसी सूरत में कभी-कभी पुलिस के आने तक इंतजार करते हैं। उनकी चिंता इलाज में लगने वाले खर्च को लेकर होती है। कई मामलों में अगर गोल्डन ऑवर के दौरान जरूरी उपचार नहीं मिलता है, तो घायलों की जान जा सकती है। ऐसे में कैशलैस योजना जरूरी है।

### अगली सुनवाई 24 मार्च को

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 162 के तहत गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटनाओं के पीड़ितों के कैशलेस उपचार की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की बनती है। कोर्ट ने सरकार को योजना लागू करने के लिए 14 मार्च तक का समय दिया है। 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट इस मसले पर दोबारा सुनवाई करेगा।

## 238 ग्राम विकास अधिकारी और 280 कनिष्ठ सहायकों के तबादले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में तबादलों को लेकर प्रदेश के विभिन्न विभागों से सूचियां जारी हो रही हैं। इसी क्रम में अब राजस्थान सरकार के ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने 238 ग्राम विकास अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी की है। सूची में सर्वाधिक तबादले गंगानगर जिले के ग्रामीण विकास अधिकारियों के किए गए हैं। विभाग ने 280 कनिष्ठ सहायकों के भी तबादले किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने तबादलों पर लगी रोक दस दिन के लिए हटा दी है। प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार एक से दस जनवरी के बीच शिक्षा विभाग को छोड़कर सभी विभागों में तबादले हो सकेंगे। माना जा रहा है कि दस दिन में करीब एक लाख कार्मिकों के तबादले हो सकते हैं।

# केन्द्र सरकार देगी 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी

## गैस कंपनियों के नुकसान की होगी भरपाई

### आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल के आय में आई भारी गिरावट




**नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को इस वित्त वर्ष (2024-25) में ईंधन बेचने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे सकती है। एक खबर के मुताबिक, तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के बाद भी मार्च 2024 से घरेलू एलपीजी की कीमत 14. 2 किलोग्राम सिलेंडर पर 803 रुपये पर अपरिवर्तित रखी है। इससे एलपीजी की बिक्री पर अंडर-रिकवरी हुई और नतीजा यह हुआ है कि अप्रैल-सितंबर (वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही) में उनकी आय में भारी गिरावट आई। खबर के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उद्योग के लिए एलपीजी की बिक्री पर कुल अंडर-रिकवरी लगभग 40,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। फिर भी सरकार दो वित्तीय वर्षों में कुल 35,000 करोड़ रुपये दे सकती है। आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये और बाकी 25,000 करोड़ रुपये अगले वित्त वर्ष में मिलने की संभावना है। सब्सिडी का प्रावधान 2025-26 के केंद्रीय बजट में किए जाने की संभावना है, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com